



# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, मंगलवार 7 जुलाई 2026


# नक्सलमुक्त राज्य अब पर्यटन राज्य के रूप में बनाएगा पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पेंड्रा

खास खबर

जीपीएम जिले में हरिभूमि और आईएनएच का जिला संवाद कार्यक्रम मल्टीपर्पस स्कूल के असेंबली भवन में संपन्न हुआ। हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने मंत्री गुरु खुशवंत साहेब से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा सरकार के कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कांग्रेस सरकार पर जनहित के कामों को रोकने और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने की बात कही। उन्होंने कहा कि पिछले 27 महीने में भाजपा की सरकार लगातार जनहित के कामों को आगे बढ़ा रही है। नक्सलवाद खत्म हो गया है और अब छत्तीसगढ़ पर्यटन के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। जल्द ही छत्तीसगढ़ की पहचान पर्यटन राज्य के रूप में स्थापित हो जाएगी। उन्होंने तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में भी बताया।

उन्होंने दावा किया कि अनुसूचित जाति समाज बीजेपी के कामों को देखते हुए ही पार्टी से जुड़ रहा है। गुरु खुशवंत साहेब ने धर्म नीति और राजनीति को सिक्के का एक ही पहलू बताया। उन्होंने कहा कि जीपीएम जिले के आईटीआई को केंद्र व राज्य के बजट से सुधारा जाएगा, साथ ही इसे अपग्रेड भी किया जाएगा। लंबे समय से चल रहे बाईपास की मांग इस सत्र में पूरी हो जाएगी। 100 करोड़ से अधिक के काम भी क्षेत्र में किए जा रहे हैं। ▶▶|शेष पेज 6 पर

## जिला संवाद में प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब से किए सवाल

## जीपीएम जिले में आईटीआई का होगा उन्नयन, जल्द ही तैयार होगा बाईपास, विकास की दौड़ में आगे बढ़ेगा क्षेत्र




*सवाल- भाजपा सरकार के ढाई साल और मंत्री के रूप में आपके 6 महीने का कार्यकाल, कैसी चल रही है सरकार?*

मंत्री : इन ढाई सालों में नक्सलवाद का खत्म होना सबसे बड़ी उपलब्धि है। इसके साथ ही विकासशील और विकसित राज्य के रूप में छत्तीसगढ़ की पहचान बन रही है। जल जंगल जमीन को बचाने की बात सभी लोग कर रहे हैं। उस दिशा में बेहतर तरीके से काम हो रहा है। हमारे बस्तर क्षेत्र में विकास कार्यों में अभूतपूर्व तेजी आई है। इसके अलावा 18 लाख आवास जो कि कांग्रेस सरकार ने रोककर रखा था उसे बनाया जा रहा है। 1600 घर प्रतिदिन बना रहे हैं यह एक उपलब्धि है। इसके अलावा 24 लाख मकान की अलग से स्वीकृति मिली है जिसमें से साढे आठ लाख मकान बनाकर तैयार हो गए हैं। मातृशक्ति को मजबूत करने की दिशा में महतारी वंदन योजना लागू की गई है। 70 लाख महिलाओं को पिछले 27 महीने से इस योजना का लाभ मिल रहा है। राज्य में पहले 8 - 9 मेडिकल कॉलेज थे। पांच और मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे हैं। शिक्षा के क्षेत्र में जीपीएम जिले में ही तीन एकलव्य स्कूल संचालित हो रहे हैं। इसके साथ ही 12 हॉस्टल हैं जिसमें प्रत्येक में 100 सीट हैं। बेहतर पढ़ाई का ही नतीजा है कि इस बार जीपीएम जिले में बोर्ड का रिजल्ट बेहतर आया है।

*सवालः सरकार में फैसला कौन लेता है, इस पर लगातार आरोप लगते रहे हैं।*

मंत्रीः छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी हैं, जो संवेदनशील,सहज सरल व मिलनसार हैं। वे जनता के लिए कल्याणकारी योजनाएं बनाते हैं। इसी का उदाहरण हर साल सुशासन तिहार का आयोजन है। मुख्यमंत्री ने सीएम हेल्पलाइन भी शुरू की है जिसका नंबर 1076 है। इस पर कॉल करके सीधे मुख्यमंत्री से बात की जा सकती है और अपनी समस्याओं का समाधान कराया जा सकता है। सभी विभागों को इन शिकायतों और मांगों पर समय सीमा के भीतर निराकरण करने का निर्देश भी दिया गया है।

*सवालः सारा पैसा महतारी वंदन योजना में ही चला जा रहा है या प्रदेश के विकास के लिए बजट भी है?*

मंत्री : मुख्यमंत्री विष्णु है तो उनके पास धनराशि की कमी नहीं हो सकती। प्रदेश में बजट की कहीं कोई कमी नहीं है और सभी काम बेहतर तरीके से कराए जा रहे हैं। जीपीएम जिले में ही चार करोड़ रुपए की लागत से सेंट्रल लाइब्रेरी बन रही है। इसके अलावा जिले में ही 100 करोड़ रुपए से अधिक के काम हो रहे हैं इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ ही सड़कों का काम तेजी से जारी है।

## राम मंदिर चढ़ावा चोरी विवाद के बाद ट्रस्ट की बैठक में बड़ा फैसला

# चंपत और अनिल की छुट्टी, कृष्ण मोहन राम मंदिर ट्रस्ट के अंतरिम महासचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अयोध्या

राम मंदिर में चढ़ावा चोरी के बाद सोमवार को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक हुई। बैठक करीब तीन घंटे तक चली। महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी अनिल मिश्रा का इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया। अंतरिम महामंत्री का दायित्व पूर्व आईएफएस अफसर कृष्ण मोहन को सौंपा गया है।


श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने मंदिर के चढ़ावे में कथित गबन की जांच जारी रहने के बीच सोमवार को यहां एक बैठक के दौरान अपने महासचिव चंपत राय और सदस्य अनिल मिश्रा के इस्तीफे स्वीकार कर लिए। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि ने बताया कि तीन घंटे से अधिक समय तक चली बैठक में अंतरिम व्यवस्था के तौर पर सदस्य कृष्ण मोहन को महासचिव की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपने का भी निर्णय लिया गया। यह बैठक शाम को समाप्त हुई, जिसके बाद ट्रस्ट के अध्यक्ष नृत्य गोपाल दास कार्यक्रम स्थल से चले गए।

बैठक राम जन्मभूमि परिसर के अंदर दोपहर करीब सवा तीन बजे शुरू हुई जिसमें ट्रस्ट के नौ स्थायी सदस्यों में से सात ने भाग लिया। मंदिर के दान के गबन के आरोपों के बाद राय और मिश्रा द्वारा दिए गए ▶▶|शेष पेज 6 पर

### ट्रस्ट की बैठक में कौन-कौन?

बैठक में ट्रस्ट के अध्यक्ष हंत नृत्य गोपाल दास, कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद देव गिरी जी महाराज, निर्मोही अखाड़ा के प्रतिनिधि और ट्रस्टी महंत दिनेंद्र दास, ट्रस्ट के सदस्य कामेश्वर चौपाल शामिल रहे। इसके अलावा उत्तर प्रदेश सरकार के गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव (पदेन सदस्य) संजय प्रसाद और अयोध्या के जिलाधिकारी मौजूद रहे।

### राम मंदिर में तिरुपति मॉडल लागू करने की तैयारी सीईओ की नियुक्ति के लिए बनी हाई-पावर कमेटी



### कौन हैं कृष्ण मोहन

कृष्ण मोहन ने 1970 में लखनऊ यूनिवर्सिटी से जियोलॉजी में एमएससी की डिग्री हासिल की। इसके बाद, वे इंडियन फॉरेस्ट सर्विस (महाराष्ट्र कैडर) में शामिल हुए और विभाग में अपनी सेवाएं दीं। महाराष्ट्र में अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने कई अहम पदों पर काम किया, जिनमें डिविजनल फॉरेस्ट ऑफिसर और कंजर्वेटर ऑफ फॉरेस्ट्स शामिल हैं। 2012 में रिटायर होने के बाद, वे हरदोई लौट आए। इसके बाद, उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में कई जिम्मेदारियां निभाईं।
और अवध क्षेत्र के लिए नगर संघचालक, जिला संघचालक और प्रांत संघचालक जैसे पदों पर काम किया।

### 200 करोड़ से ज्यादा का गबन!

जानकारी से पता चलता है कि राम मंदिर चंदा चोरी मामले में 200 करोड़ से ज्यादा की रकम का गबन किया गया है। चंदा चोरी मामले में राम जन्मभूमि ट्रस्ट के सदस्य कृष्ण मोहन की शिकायत पर अयोध्या पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है। राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले की गंभीरता को देखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने एक स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम बनाई थी। एसआईटी की रिपोर्ट सामने आने के बाद ही आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ और उन्हें जेल भेजा गया। साथ ही चंपत राय और अनिल मिश्रा को भी अपने पदों से इस्तीफा देना पड़ा।

### 22 जुलाई को फिर होगी बैठक

गोविंद देव गिरि ने कहा कि हम 22 तारीख को फिर से मिल रहे हैं। हमें उम्मीद है कि उस समय तक एसआईटी की फाइनल रिपोर्ट हमारे पास आ जाएगी। हम उस रिपोर्ट पर विचार-विमर्श करने और और ट्रस्टी अपॉइंट करने के लिए 22 तारीख को मिल रहे हैं। उन्होंने कहा किहम साफ-साफ कहना चाहते हैं कि चोरी तो चोरी होती है और एसआईटी अभी मामले की जांच करना; यह प्रशासन जिम्मेदारी है। हम भी जोर देकर कहते हैं कि अपराधियों को पकड़ा जाए-उनके छिपे हुए साथियों को भी और उन्हें उनके जुर्म की सजा मिले; हम इस बात पर अड़े हैं।

# भिड़ंत के बाद वाहनों में आग दो युवकों की मौके पर मौत

कुछ महीने पहले हुई थी युवक की शादी, लौट रहा था ससुराल से



हरिभूमि न्यूज ▶▶| वाड्रफनगर

सोमवार को बाइक भिड़ंत में दो युवकों की मौत हो गई। बलंगी मार्ग पर हुए हादसे में एक महिला और युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइक में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। इनमें से एक युवक की शादी कुछ महीने पहले ही हुई थी और वह ससुराल से पत्नी को लेकर लौट रहा था। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया इसके साथ ही शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। बताया जा रहा है सोमवार की दोपहर दो से ढाई बजे के बीच वाड्रफनगर बलंगी मार्ग पर चुरैला नाला के समीप दो बाइक सवारों के बीच आमने सामने की भिड़ंत हो गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइक पर सवार एक महिला समेत तीन युवक दूर जा गिरे। इस घटना में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि ▶▶|शेष पेज 6 पर

### बाइक में शार्ट सर्किट से आग

पुलिस के अनुसार घटना के समय क्षेत्र में बारिश हो रही थी। संभावना है कि बारिश के कारण दोनों ही बाइक चालक तेज गति से जा रहे थे। आपस में भिड़ंत हो गई। टक्कर के बाद दोनों युवकों की बाइक में शार्ट सर्किट हुई और आग लग गई। पुलिस ने शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच चल रही है। इस घटना के बाद परिजन में शोक का माहौल है।

## खबर संक्षेप

### श्रीलंका की जेल में खूनी संघर्ष, 25 की मौत



**कोलंबो।** श्रीलंका के नेगोम्बो शहर की एक जेल में ड्रग माफियाओं के दो विरोधी गुटों के बीच भीषण हिंसक झड़प हो गई। इस खूनी संघर्ष में 4 सुरक्षाकर्मियों सहित 25 लोगों की मौत हो गई, जबकि 100 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस के अनुसार, रविवार रात शुरू हुआ यह विवाद सोमवार सुबह तक एक बड़े दंगे में बदल गया। इसे पिछले पांच सालों का सबसे घातक जेल दंगा बताया जा रहा है। घायलों को इलाज के लिए नेगोम्बो सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, कई कैदियों और गाड्र्स को चोटें लगी हैं।

### ईयू का चीन को बड़ा झटका सस्ते आयात पर 3 यूरो ड्यूटी



**नई दिल्ली।** यूरोपीय संघ ने चीन समेत अन्य देशों से आने वाले सस्ते सामानों पर मिलने वाली छूट खत्म कर दी है। अब 150 यूरो तक के कम मूल्य वाले ऑनलाइन उत्पादों (बी2सी) पर प्रति डिक्लेरेशन लाइन 3 यूरो की एक समान कस्टम ड्यूटी लगेगी। इसका सीधा असर चीन के ई-कॉमर्स बाजार पर पड़ेगा। अतिरिक्त शुल्क के कारण ग्राहकों का खर्च बढ़ेगा, जिससे कई लोग खरीदारी रद्द कर रहे हैं। टैक्स चोरी रोकने और बाजार में निष्पक्षता लाने के लिए यह अस्थायी नियम 1 जुलाई 2028 तक लागू रहेगा।

हाईकोर्ट ने कहा- ट्रांसफर के बाद रिलीविंग रोकने

# 20 दिनों के भीतर कर्मचारी को रिलीव करने का आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

खास खबर

हाईकोर्ट के जस्टिस बीडी गुरू की सिंगल बेंच ने सरकारी कर्मचारियों के तबादलों और उनकी रिलीविंग को लेकर महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा कि यदि किसी कर्मचारी का स्थानांतरण एक अनुसूचित क्षेत्र से दूसरे अनुसूचित क्षेत्र में हुआ है तो विभाग विकल्प नहीं मिलने का बहाना बनाकर उसकी रिलीविंग नहीं रोक सकता। कोर्ट ने याचिकाकर्ता को 20 दिनों के भीतर कार्यमुक्त करने का निर्देश राज्य सरकार को दिया ▶▶शेष पेज 6 पर



### क्या है मामला

याचिकाकर्ता का ट्रांसफर ओरछा, नारायणपुर से आमाबेड़ा, कांकेर हुआ है। यह दोनों ही स्थान छत्तीसगढ़ के अनुसूचित क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं। इसलिए विभाग इस नियम को गलत व्याख्या करके कर्मचारी को रोक नहीं सकता। कोर्ट ने कहा कि यदि कोई अन्य कानूनी अड़चन न हो, राज्य सरकार इस आदेश की प्रमाणित प्रति मिलने के 20 दिनों के भीतर याचिकाकर्ता को उनके स्थानांतरण आदेश के पालन में तत्काल कार्यमुक्त करें।

### पुलिस आरक्षकों की प्रमोशन मामले में अंतरिम आदेश

हाईकोर्ट के जस्टिस बीडी गुरु की सिंगल बेंच ने राज्य में पुलिस आरक्षकों की पदोन्नति प्रक्रिया को लेकर महत्वपूर्ण अंतरिम आदेश जारी किया है। कोर्ट ने कहा है कि विभाग पदोन्नति की प्रक्रिया को आगे बढ़ा सकता है। लेकिन अगली सुनवाई तक किसी भी कर्मचारी का अंतिम पदोन्नति आदेश जारी नहीं करेगा। कोर्ट ने आरक्षकों की वरिष्ठता सूची में नियमों की अनदेखी के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई के बाद आदेश जारी किया है। याचिकाकर्ता सुरेन्द्र कुमार देशमुख ने राज्य शासन व अन्य को पक्षकार बनाते हुए याचिका दायर की है। विवाद पुलिस मुख्यालय पीएचक्यू द्वारा खुद के अनुरोध पर ट्रांसफर होकर ▶▶शेष पेज 6 पर



# जगन्नाथ रथयात्रा के लिए 300 से अधिक विशेष ट्रेनें

- पुरी स्टेशन पर 30 हजार यात्रियों के लिए व्यवस्था

**नई दिल्ली।** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भगवान जगन्नाथ की वार्षिक रथयात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए भारतीय रेलवे इस वर्ष 300 से अधिक विशेष ट्रेनों का संचालन करेगा। ये ट्रेनें नियमित रूप से चलने वाली 800 से अधिक ट्रेनों के अतिरिक्त होंगी। सोमवार को नई दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत करते हुए रेल मंत्री ने कहा कि रथयात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए रेलवे ने व्यापक तैयारियां की हैं।

# सिया ने गूगल से पूछा-सोनम को कैसे मिली हाईकोर्ट से जमानत

एजेंसी ▶▶| पुणे

पुणे में लोहगढ़ किले की 400 फीट गहरी खाई में धकेल कर मार दिए गए केतन अग्रवाल की हत्या के मामले में पुलिस को कई बड़े सुराग मिले हैं।

- केतन हत्याकांड में एक और खुलासा

पुलिस जांच में पता चला है कि मुख्य आरोपी सिया गोयल, ने इस हत्याकांड को अंजाम देने से पहले इंटरनेट पर कई खौफनाक चीजें सर्च की थीं। पुलिस ने उसके घर से एक दूसरा छुपाया हुआ मोबाइल फोन भी बरामद किया है, जिससे इस पूरी साजिश का पर्दाफाश हुआ है। सिया इंटरनेट पर इंदौर के राजा रघुवंशी मर्डर केस के बारे में लगातार पढ़ रही थी।



### बेडरूम में मिला दूसरा मोबाइल

पुलिस सिया को जांच के लिए उसके घर ले गई थी, जहां उसके बेडरूम से एक दूसरा मोबाइल फोन बरामद हुआ। इस फोन के फॉरेंसिक टेस्ट से कई डिजिटल सबूत मिले हैं। इसके अलावा, इस मर्डर में सिया का साथ देने वाले उसके कथित बॉयफ्रेंड, चेतन चौधरी के बारे में भी बड़ा खुलासा हुआ है। चेतन एक ही फोन में दो अलग-अलग नंबरों का इस्तेमाल करता था। ये दोनों आपस में बात करने के लिए 'कोड वर्ड्स' का इस्तेमाल करते थे।

### सर्च किए ये सवाल

- ▶▶ क्या कस्टडी में महिलाओं से मारपीट होती है?
- ▶▶ हत्या के बाद पूछताछ कैसे की जाती है?
- ▶▶ सोनम रघुवंशी से क्या-क्या सवाल पूछे गए?
- ▶▶ सोनम को हाईकोर्ट से जमानत कैसे मिली?

## अमरनाथ यात्रा : अब तक 60 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

# बर्फानी बाबा का आकार घटकर 1 फीट, पर भीड़ नहीं छंटी

एजेंसी ▶▶| जम्मू

अमरनाथ गुफा में प्राकृतिक रूप से बनने वाले पवित्र हिम शिवलिंग तेजी से पिघल रहे हैं। ऊंचाई अब घटकर लगभग एक फीट रह गई है। लाइव आरती में भी घटे हुए हिम शिवलिंग साफ दिख रहे हैं। मई में जारी तस्वीरों में इसकी ऊंचाई करीब सात फीट थी, जबकि प्रथम पूजा के समय यह पांच फीट से अधिक था। लगातार बदलते मौसम के कारण शिवलिंग का आकार तेजी से कम हुआ है। हालांकि, आकार घटने का श्रद्धालुओं की आस्था पर कोई असर नहीं पड़ा है। 3 जुलाई से शुरू हुई यात्रा के पहले तीन दिनों में ही 60 हजार से अधिक श्रद्धालु बाबा बर्फानी के दर्शन कर चुके हैं। पिछले साल इसी अवधि में यह आंकड़ा करीब 48 हजार था।

### 57 दिनों तक चलेगी यात्रा

57 दिनों तक चलने वाली अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से बालटाल और पहलगाम के आधार शिविरों से शुरू हुई है। पारंपरिक पहलगाम मार्ग से पवित्र गुफा तक पहुंचने में लगभग तीन दिन लगते हैं, जबकि बालटाल मार्ग अपेक्षाकृत छोटा है और एक दिन में पूरा किया जा सकता है। समुद्र तल से लगभग 13,500 फीट की ऊंचाई पर स्थित अमरनाथ गुफा वर्ष के अधिकांश समय बर्फ से ढकी रहती है और यात्रा अवधि के दौरान ही श्रद्धालुओं के लिए खुलती है।




### बिना पंजीयन पहुंचे कई श्रद्धालु

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल और श्री अमरनाथ जी श्राइन बोर्ड के चेयरमैन मनोज सिन्हा ने बिना रजिस्ट्रेशन के यात्रा पर पहुंच रहे श्रद्धालुओं से धैर्य बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि अपनी निर्धारित बारी का इंतजार करें।

### हेलीकॉप्टर सेवा पूरी तरह बंद

इस वर्ष श्राइन बोर्ड ने सुरक्षा कारणों से यात्रा अवधि के दौरान पहलगाम और बालटाल दोनों मार्गों को 'नो फ्लाइंग जोन' घोषित किया है। हेलीकॉप्टर सेवा पूरी तरह बंद रहेगी और श्रद्धालुओं को पैदल, टट्टू या पालकी के माध्यम से ही गुफा तक पहुंचना होगा। यात्रा को सुरक्षित बनाने के लिए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

### इधर, हेमकुंड साहिब के तीर्थयात्री घटे

उत्तराखंड में दक्षिण-पश्चिम मानसून के सक्रिय होने का असर चारधाम यात्रा पर भी साफ दिखाई देने लगा है, जहां लगातार हो रही बारिश और खराब मौसम के कारण चारधाम एवं हेमकुंड साहिब पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में पिछले पांच दिनों के दौरान करीब 30 प्रतिशत की गिरावट आयी है। सबसे अधिक असर केदारनाथ धाम में देखने को मिला, जहां बारिश शुरू होने के बाद श्रद्धालुओं की संख्या 65 प्रतिशत तक घट गई। राज्य के सभी हिस्सों में एक जुलाई को मानसून सक्रिय हुआ था। एक जुलाई को चारधाम और हेमकुंड साहिब में कुल 27,232 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए थे।



# Beyond Academics. Towards Excellence.

## Unveiling the Radiant Realm of Global University in Raipur.

Discover Krishna Vikas Global University, where contemporary courses and industry collaborations foster innovation, shaping the leaders of tomorrow.

Explore your potential with industry-integrated UG & PG courses @ Krishna Vikas Global University, in a sprawling 60-acre campus in the heart of Raipur.





### TOP-NOTCH COMPANIES WHERE OUR ALUMNI ARE SUCCESSFULLY PLACED

KESAR | fixingdots | Jain Software | Johnson Lifts & Escalators | RAS | MRF | Pfizer | HETERO | LUPIN | Bit & Binary | burjeel holdings | Botivate Powering Businesses On Autopilot | Bafna Biotech | AuthBridge Authenticate. Advise. Assure. | AR ISPAT

### COLLABORATORS FOR INTERNSHIPS AND ACADEMIA–INDUSTRY TIE-UPS

#MRCA | Nakoda Group | Hector | Maa Kudargarhi Group | AB Castings Nagpur, Maharashtra | Exonea Health | Ekai - Ichi Way to Smart Life | Nav Durga Group | Fluentgrid seamless digital transformation | Barbarik | Shoorvir TMT Bars

### FASTEST GROWING KRISHNA VIKASH EDUCATIONAL NETWORK IN EAST INDIA.

| 25 | 2 | 16 | 3 | 21K+ | 50K+ |
|---|---|---|---|---|---|
| Years of Educational Excellence | Universities in Raipur and Bhubaneswar | IB, CBSE and CHSE K-12 Schools | Multi-Speciality Hospitals in Odisha | Students in Schools and Colleges | Alumni spread globally |

**UG, PG and Doctoral courses offered by Krishna Vikas Global University**

School of Engineering | School of Pharmacy | School of Commerce & Management
School of Sciences & Computing | School of Education & Social Sciences

**KRISHNA VIKAS GLOBAL UNIVERSITY**
Krishna Vikas Global University Campus, Veer Savarkar Nagar, Near Nandanvan, Raipur - 492099, Chhattisgarh, India.

**Contact: 9229355572, 9109971170, 9229355583.**

**City Office:** 3rd Floor, Opposite Samsung Service Center, SLT Water Front, Marine Drive, Telibandha, Raipur.

KRISHNA VIKAS GLOBAL UNIVERSITY
www.kvgu.ac.in

MAHESHWARI

बिलासपुर
मंगलवार 7 जुलाई 2026
आषाढ़, कृष्ण पक्ष सप्तमी
वर्ष : 26, अंक : 106
पृष्ठ : 10+6+8 =24 मूल्य : 5.00***

मौसम
अधि. 26.4
न्यून. 24.0

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

# महतारी वंदन में 'महतारी' बन गया युवक, बारह महीने खाते में पहुंचते रहा पैसा

## आवेदन में खुद को बताया अपना पति, एक साल बाद हुआ खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए संचालित महतारी वंदन योजना में खैरागढ़ परियोजना अंतर्गत सत्यापन व्यवस्था की बड़ी चूक सामने आई है। ग्राम मुढ़ीपार के एक पुरुष हितग्राही तिलोक साहू का आवेदन न केवल योजना में दर्ज हो गया, बल्कि ऑनलाइन रिकॉर्ड के अनुसार आंगनबाड़ी स्तर और सुपरवाइजर स्तर पर भी उसे सत्यापित कर दिया गया। इसके बाद उसके बैंक खाते में लगातार दस महीने तक योजना की राशि पहुंचती रही। हैरानी की बात ▶▶ शेष पेज 6 पर

अलग खबर

### नाम भी तिलोक, पति का नाम भी तिलोक फिर भी दो स्तर पर आवेदन पास

महतारी वंदन योजना के ऑनलाइन रिकॉर्ड में तिलोक साहू का आवेदन पब्लिक द्वारा दर्ज होना बताया गया है। आवेदन खैरागढ़ परियोजना, मुढ़ीपार सेक्टर और संबंधित आंगनबाड़ी केंद्र से जुड़ा है। सबसे गंभीर सवाल यह है कि रिकॉर्ड में आंगनबाड़ी द्वारा जांच की स्थिति 'सत्यापित' और सुपरवाइजर द्वारा जांच की स्थिति भी 'सत्यापित' दिखाई दे ▶▶ शेष पेज 6 पर




### रिकॉर्ड में 12 महीने का भुगतान, विभागीय पत्र में केवल 10 हजार की वसूली

मामले में एक और विसंगति सामने आई है। उपलब्ध ऑनलाइन भुगतान रिकॉर्ड के अनुसार संबंधित खाते में 12 महीने की महतारी वंदन योजना की राशि पहुंचने की जानकारी सामने आई है, जबकि एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना खैरागढ़ द्वारा 3 जुलाई 26 को बैंक को जारी पत्र में अपात्र हितग्राही से केवल 10 हजार रुपये शासन के खाते में वापस स्थानांतरित करने के निर्देश दिया गया हैं। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि ▶▶ शेष पेज 6 पर

### ट्रायल के लिए किया था आवेदन

तिलोक साहू ने बताया कि वह सीएससी सेंटर संचालित करता है और महतारी वंदन योजना का पोर्टल शुरू होने के शुरुआती दौर में आवेदन की प्रक्रिया समझने एवं ट्रायल के उद्देश्य से उसने स्वयं आवेदन किया था। उसके अनुसार खाते में कुल 10 हजार रुपये की राशि आई थी, जिसके बाद भुगतान बंद हो गया। तिलोक ने बताया कि विभाग द्वारा रिकवरी की कार्रवाई किए जाने के बाद 10 हजार रुपये वापस कर दिया है।

### एक साल तक सोता रहा सत्यापन तंत्र

महतारी वंदन योजना में आवेदन की जांच के लिए आंगनबाड़ी और सुपरवाइजर स्तर की व्यवस्था होने के बावजूद एक पुरुष का आवेदन स्वीकृत होकर महीनों तक भुगतान जारी रहना विभागीय निगरानी की गंभीर कमजोरी को उजागर करता है। बड़ा सवाल यह भी है कि यदि मामला सामने नहीं आता तो क्या भुगतान आगे भी जारी रहता? योजना के पात्र हितग्राहियों की जांच करने वाला तंत्र एक पुरुष आवेदक को 12 महीने तक क्यों नहीं पहचान सका और भुगतान रोकने में इतना लंबा समय क्यों लगा, इसकी जवाबदेही तय होना आवश्यक है। केवल राशि वापस लेना ही पर्याप्त कार्रवाई मानी जाएगी या गलत आवेदन के सत्यापन और स्वीकृति में जिम्मेदार लोगों पर भी कार्रवाई होगी, अब इस पर नजर रहेगी।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## चौबीस घंटे में मूसलाधार, बलौदाबाजार में 201, राजिम में 183 और लवन में 166 मिमी. बरसात

# छह दिनों में सूखे का संकट खत्म, छग में बरसा 146 मिमी पानी, अब सिस्टम बढ़ रहा आगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर


तीन दिनों की बारिश ने राज्य के बड़े इलाके को प्रभावित कर रखा है। कई इलाकों में रिकार्डतोड़ बारिश की वजह से छोटे रपटे-नालों में ऊफान के हालात हैं। कहीं कहीं मार्ग भी बाधित रहे। राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के तकरीबन सभी हिस्सों में जमकर बारिश हुई है। मात्र 66.5 मिमी. वर्षा के साथ जून खत्म होने से बढ़ी चिंता जुलाई के छह दिन की बारिश से दूर हो गई।

बंगाल की खाड़ी में बने ताकतवर सिस्टम के असर से प्रथम सप्ताह में 146.5 मिमी. बरसात हो चुकी है। वर्तमान में कुल वर्षा का आंकड़ा 213 मिमी. हो चुका है, जो औसत 258.3 मिमी. वर्षा से 18 फीसदी कम है। राज्य में पिछले चौबीस घंटे में बलौदाबाजार में 201, राजिम में 183 और लवन में 166 मिमी. बरसात दर्ज की गई है।

**राज्य में कुल वर्षा का आंकड़ा 213 मिमी. तक पहुंचा यह औसत 258.3 से महज 18 फीसदी कम**

बंगाल की खाड़ी में बना सिस्टम आगे बढ़ते हुए ताकतवर होता चला गया, जिससे प्रदेश मानसून की पहली बारिश से सराबोर हो गया। राज्य के 48 क्षेत्रों में भारी से अतिभारी बारिश हो गई। गुरुवार शाम से मौसम में हुए बदलाव का असर लगातार चौथे दिन भी जारी रहा। बादलों के घनघोर तरीके से बरसने की वजह से जून में आई कमी की भरपाई हो गई। आज की स्थिति में सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला ▶▶ शेष पेज 6 पर

### 30 जून तक राज्य में सिर्फ 66.5 मिमी. बरसे थे बादल



पिछले 48 घंटों से जारी है बारिश, नदी-नाले ऊफान पर

**इन इलाकों में हुई वर्षा** पिछले चौबीस घंटे में बलौदाबाजार में 20, राजिम में 18, लवन में 17, गिधौरी, भाटापारा 16-16 सेमी., गोबरानवापारा, बिलाईगढ़ 15, राजनांदगांव, भटगांव, अकलतरा, तिल्दा, खरोरा, रायगढ़, सिमगा, सोनाखान, मगरलोड में 12-12, मंदिर हसौद, कोरबा, पलारी, सारंगढ़, सुहेला सहित आधा दर्जन क्षेत्रों में 10 सेमी. तक बारिश दर्ज की गई। इसके अलावा प्रदेश का बढ़ा हिस्सा भारी से मध्यम वर्षा की गतिविधि से प्रभावित रहा।

### दुर्ग शहर में दो दिन में11.62 इंच बारिश

दुर्ग। शहर में बारिश का 56 साल पुराना रिकॉर्ड टूट गया है। 5 और 6 जुलाई को करीब 295.2 मिलीमीटर यानी करीब 11.62 इंच पानी गिर चुका है। इससे पहले वर्ष 1970 में जुलाई के पहले हफ्ते में 6 इंच से ज्यादा पानी गिरा था। मौसम विभाग के मुताबिक आगामी दिनों में भी बारिश की संभावना बनी हुई है। दुर्ग जिले में अब तक 263.4 मिमी औसत बारिश हो चुकी है। यह समान्य 254.4 मिमी से थोड़ी ज्यादा है। लगातार हो रही बारिश से शिवनाथ ▶▶ शेष पेज 6 पर

### सड़क पर गिरा पेड़



### एनएच 130 सी मैनपुर- देवभोग मार्ग में 10 घंटे लगा जाम

मैनपुर। गरियाबंद जिले में लगातार बारिश के बीच मैनपुर के कोदोमाली के पास सड़क पर एक विशाल पेड़ गिर जाने से रविवार देर रात करीब 12 बजे से यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। सड़क के दोनों ओर ट्रक, बस, कार और अन्य वाहनों की लंबी कतार लग गई, जिससे सैकड़ों यात्रियों को घंटों तक जाम में फंसे रहना पड़ा। जाम में फंसे नीलम नागेश ने बताया कि आंधी- बारिश के कारण ▶▶ शेष पेज 6पर

### गरियाबंद- धमतरी का संपर्क टूटा

गरियाबंद। जिले में पिछले दो दिनों से लगातार हो रही झमाझम बारिश ने जहां किसानों के चेहरों पर मुस्कान ला दी है, वहीं कई ग्रामीण और शहरी इलाकों में जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। बारिश से खेत- ▶▶ शेष पेज 6 पर

### मानसून का कहर



### महाराष्ट्र और हिमाचल में चार की मौत, कई राज्यों में मूसलाधार

नई दिल्ली। मानसून ने सोमवार को देश के कई हिस्सों में कहर बरपाया। महाराष्ट्र और हिमाचल प्रदेश में बारिश से जुड़ी घटनाओं में लोगों की जान गई, रेल और सड़क यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ। भूस्खलन और बाढ़ की घटनाएं सामने आईं तथा ओडिशा के कई कस्बे जलमग्न हो गए। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कई राज्यों में भी भारी बारिश जारी रहने का अनुमान जताया है।

#### रेल मंत्री ने की समीक्षा

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मुंबई के हालात की समीक्षा की और मध्य रेलवे तथा पश्चिम रेलवे के अधिकारियों को रेल सेवाएं जल्द बहाल करने के लिए राहत एवं मरम्मत कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

#### इन राज्यों का ऐसा हाल

दक्षिण-पश्चिमी मानसून के असर से राजस्थान की राजधानी जयपुर सहित विभिन्न जिलों में जोरदार बारिश हुई है। राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार की सुबह अपेक्षाकृत ठंडी रही। दिल्ली का न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 0.9 डिग्री सेल्सियस कम है। आईएमडी ने कहा है कि अगले कुछ दिनों तक पश्चिमी, मध्य और उत्तरी भारत के कई हिस्सों में मानसून की सक्रिय स्थिति बनी रहने की संभावना है।

## खबर संक्षेप

### राजनयिकों ने राष्ट्रपति को सौंपे परिचय पत्र



नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को यहां राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में सूरीनाम और मंगोलिया सहित छह देशों के राजनयिकों के परिचय पत्र स्वीकार किए। परिचय पत्र प्रस्तुत करने वालों में मोज़ाम्बिक गणराज्य के उच्चायुक्त अरमांडो पेड्रो मुइआने जूनियर, निकारागुआ गणराज्य की राजदूत नादेस्का इमारा कुथबर्ट कार्लसन और सूरीनाम गणराज्य की राजदूत हनीशा जयराम शामिल हैं।

### एलओसी के पास ड्रोन दिखने के बाद तलाशी

जम्मू। जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) से सटे एक गांव के ऊपर संदिग्ध पाकिस्तानी ड्रोन देखे जाने के बाद सोमवार तड़के तलाश अभियान शुरू किया गया। रविवार देर रात सुंदरबनी सेक्टर के अग्रिम गांवों मीनका और बेरीपट्टन के ऊपर ड्रोन जैसी वस्तु देखी गई। संदिग्ध ड्रोन पाकिस्तान में नियंत्रण रेखा के पार लौटने से पहले कुछ समय के लिए भारतीय क्षेत्र में दाखिल हुआ था।

### बंगाल की तीन रास सीटों पर उपचुनाव 24 को



नई दिल्ली। तृणमूल कांग्रेस के बागी सांसदों के इस्तीफे के बाद खाली हुई पश्चिम बंगाल की तीन राज्यसभा सीटों पर 24 जुलाई को उपचुनाव होगा। तृणमूल कांग्रेस के जिन तीन राज्यसभा सदस्यों ने इस्तीफा दिया है, उनमें सुखेंदु शेखर रॉय, सुष्मिता देव और प्रकाश चिक बड़ाइक शामिल हैं।

### चॉल ढहने से छह की मौत के मामले में दो गिरफ्तार

मुंबई। मुंबई के मानखुर्द इलाके में एक दिन पहले चॉल ढहने से हुई छह लोगों की मौत के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। भारी बारिश के बाद रविवार रात शहर के पूर्वी हिस्से के मंडला इलाके के जनता नगर में तीन मंजिला चॉल ढह गई थी। मोहम्मद मुख्तार अब्दुल अली शेख की शिकायत पर 'गैर-इरादतन हत्या' और अन्य अपराधों के लिए भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई और दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

### 'महेंद्रगिरि' नौसेना में 11 को होगा शामिल



नई दिल्ली। सतह से सतह और सतह से हवा में मार करने वाली अत्याधुनिक मिसाइल प्रणालियों सहित उन्नत हथियारों तथा अत्याधुनिक सेंसर प्रणाली से लैस स्वदेशी स्टील्थ युद्धपोत 'महेंद्रगिरि' को 11 जुलाई को भारतीय नौसेना में शामिल किया जाएगा। नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो द्वारा डिजाइन किए गए और मुंबई की मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड में निर्मित हुआ है।

## 15 जहाजों ने होर्मुज पार किया, सात लाख मीट्रिक टन खाद पहुंचेगी भारत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



- 3 जहाजों में 1.11 एलएमटी सल्फर भारत पहुंच रहा
- किफायती दामों में किसानों को मिलेगा यूरिया

भारत के लिए उर्वरक एवं कच्चा माल लेकर आने वाले कुल 15 जहाज़ सुरक्षित रूप से हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य पार कर चुके हैं। इनके भारत पहुंचने पर भारत में खाद के भंडार में बढ़ोतरी हो सकेगी। इनमें 8 जहाजों में 3.32 एलएमटी यूरिया, 4 जहाजों में 2.57 एलएमटी डीएपी तथा 3 जहाजों में 1.11 एलएमटी सल्फर भारत पहुंच रहा है। इसके साथ ही 5 और जहाज भी भारत के लिए रवाना होंगे जिनमें से एक में 0.25 एलएमटी अमोनिया तथा एक अन्य जहाज़ में 0.45 एलएमटी यूरिया लदा हुआ है। शेष दो जहाजों में यूरिया तथा एक जहाज में सल्फर की लोडिंग की जा रही है। कृषि विभाग की ओर से पूरे साल के लिए 383.9 एलएमटी उर्वरकों की जरूरत का अनुमान लगाया है इसके मुकाबले 197.56 एलएमटी का भंडारण है जो करीब 51 प्रतिशत से अधिक है। केंद्रीय रासायनिक एवं उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि उर्वरक विभाग, राज्य सरकारों के साथ लगातार समन्वय कर रहा है ताकि अंतरराष्ट्रीय बाजार की उथल-पुथल का प्रभाव देश के किसानों पर बिल्कुल न पड़े और उन्हें किफायती दामों पर समय पर खाद मिल सके। पश्चिम एशिया संकट के कारण वैश्विक कीमतों में ऐतिहासिक उछाल के बावजूद भारत सरकार ने किसानों के हितों को सर्वोपरि रखा है।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिले थलसेना प्रमुख धीरज सेठ, शिष्टाचार भेंट की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर हुई चर्चा

भारतीय सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ ने भारत की राष्ट्रपति एवं तीनों सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर द्रौपदी मुर्मु से शिष्टाचार भेंट की है। जनरल धीरज सेठ अपनी पत्नी कोमल सेठ के साथ राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति से मुलाकात करने पहुंचे थे। यह मुलाकात भारतीय सैन्य नेतृत्व और राष्ट्र के सर्वोच्च संवैधानिक पद के बीच परंपरागत संवाद एवं विश्वास का महत्वपूर्ण प्रतीक मानी जाती है।गौरतलब है कि यह भेंट ऐसे समय हुई है जब जनरल धीरज सेठ ने हाल ही में भारतीय सेना के 31वें थलसेना प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाला है। सेना की कमान संभालने के बाद राष्ट्रपति से उनकी यह पहली मुलाकात है। यह मुलाकात इसलिए भी विशेष महत्व रखती है, क्योंकि राष्ट्रपति भारतीय सशस्त्र सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर हैं। राष्ट्रपति व सेना के शीर्ष नेतृत्व के साथ समय-समय पर राष्ट्रीय सुरक्षा एवं सैन्य तैयारियों से जुड़े विषयों पर संवाद की परंपरा रही है।



### दिल्ली में पकड़े गए 6 दहशतगर्द

## शहजाद भट्टी नेटवर्क के दो मॉड्यूल का भंडाफोड़, पेट्रोल बम और पिस्तौलें बरामद

दो अलग-अलग नेटवर्क के जरिए रची जा रही थी साजिश



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए कुख्यात शहजाद भट्टी नेटवर्क के दो अलग-अलग मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मामले में दिल्ली और पंजाब के विभिन्न हिस्सों में छापेमारी कर छह संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में अवैध हथियार, पिस्तौल और खतरनाक पेट्रोल बम (मोलोटोव कॉकटेल) बरामद किए गए हैं। सोमवार को वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने इस पूरे घटनाक्रम की जानकारी साझा की।पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार किए गए आरोपी दो बेहद खतरनाक और अलग-अलग नेटवर्क के माध्यम से अपनी गतिविधियों को अंजाम दे रहे थे।

पहला मॉड्यूल का सीधा संबंध आतंकी गतिविधियों और देश विरोधी साजिशों से था, जो किसी बड़ी अप्रिय घटना को अंजाम देने की फिराक में था। जबकि दूसरा मॉड्यूल पूरी तरह से अवैध हथियारों की तस्करी (आर्म्स स्मगलिंग) में लिप्त था, जो अपराधियों और गैंगस्टरों को हथियारों की सप्लाई करता था। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि यह पूरा नेटवर्क बेहद संगठित तरीके से काम कर रहा था। पुलिस को शक है कि इस नेटवर्क के तार देश के कई अन्य राज्यों से भी जुड़े हुए हैं। पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ में कई चौंकाने वाले खुलासे होने की उम्मीद है।

### दिल्ली से पहले भी पकड़े गए हैं आतंकी

*दिल्ली के जामिया नगर में सितंबर सितंबर 2008 में पुलिस की स्पेशल सेल ने बटला हाउस में छापेमारी की। मुठभेड़ के दौरान 2 आतंकियों को मार गिराया गया और 2 को गिरफ्तार किया गया। ये इंडियन मुजाहिदीन के आतंकी थे, जिन्होंने दिल्ली सीरियल ब्लास्ट किए थे। इसी तरह अक्टूबर 2023 (जैतपुर और मोहम्मदपुर) में एनआईए ने दिल्ली के जैतपुर और उत्तर प्रदेश के मोहम्मदपुर से आईएसआईएस के शाहनवाज उर्फ शफी उज्जामा सहित 3 खूंखार आतंकियों को गिरफ्तार किया। ये दिल्ली और उत्तर प्रदेश में बड़े धमाकों की साजिश रच रहे थे। सितंबर 2021 में दिल्ली के लक्ष्मी नगर में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने लक्ष्मी नगर इलाके से 1 पाकिस्तानी नागरिक (आतंकी मोहम्मद अशरफ) को गिरफ्तार किया। उसके पास से एके-47 राइफल और फर्जी भारतीय दस्तावेज (आ आ डी एच ए ए आर आदि) बरामद हुए थे, और वह देश में बड़े हमलों की फिराक में था।*

इंडोनेशिया से भारत का 100 अरब डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार लक्ष्य

## इंडोनेशिया में पीएम मोदी का ग्रैंड वेलकम, फाइटर जेट ने किया एस्कॉर्ट, राष्ट्रपति ने प्रोटोकॉल तोड़ अगवानी की

एजेंसी ▶▶ जकार्ता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन देशों की यात्रा के पहले चरण में इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता पहुंचे हैं। इस दौरान पीएम मोदी का भव्य स्वागत किया गया। इंडोनेशियाई वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने पीएम मोदी के एयरक्राफ्ट को एस्कॉर्ट किया। इसके बाद एयरपोर्ट पहुंचने पर इंडोनेशियाई राष्ट्रपति प्राबोवो सुबियांतो ने प्रोटोकॉल तोड़ पीएम मोदी का स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी इंडोनेशिया में 8 जुलाई तक रहेंगे। इस दौरान वह दोनों देशों के बीच कई क्षेत्रों में साझेदारी को गहरा करने पर जोर देंगे। इसके अलावा, भारतीय समुदाय के लोगों से भी मुलाकात करेंगे। पीएम मोदी के इंडोनेशिया यात्रा के कई उद्देश्य हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इंडोनेशिया की महत्वपूर्ण आधिकारिक यात्रा पर जकार्ता पहुँचे, जहाँ एयरपोर्ट पर फाइटर जेट्स द्वारा एस्कॉर्ट और पारंपरिक गार्ड ऑफ ऑनर के साथ उनका भव्य स्वागत किया गया। इंडोनेशिया के नए राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो और पीएम मोदी के बीच गहरे व्यक्तिगत संबंधों को देखते हुए इस यात्रा को बेहद खास माना जा रहा है। दोनों नेताओं के बीच होने वाली द्विपक्षीय वार्ता में रक्षा, व्यापार, ऊर्जा, समुद्री सुरक्षा और क्षेत्रीय स्थिरता जैसे प्रमुख मुद्दों पर ध्यान केंद्रित रहेगा। दक्षिण-पूर्व एशिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था इंडोनेशिया के साथ भारत 100 अरब डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार लक्ष्य की ओर अग्रसर है, जिसमें पाम ऑयल, कोयला, आईटी और फार्मा जैसे क्षेत्र शामिल हैं।



राष्ट्रपति ने किया स्वागत

### मजबूत होगा रक्षा सहयोग

*रणनीतिक महत्वः हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती गतिविधियों के बीच दोनों देशों की यह साझेदारी और भी प्रासंगिक हो गई है। इंडोनेशियाई रक्षा बलों द्वारा भारतीय विमान को एस्कॉर्ट करना मजबूत रक्षा सहयोग का प्रतीक है। दोनों देशों के बीच ब्रह्मोस मिसाइल और तेजस विमान जैसे भारतीय सैन्य उपकरणों की आपूर्ति पर भी चर्चा संभव है।हजारों साल पुराने सांस्कृतिक व ऐतिहासिक संबंधों को संजोए दोनों देश ग्लोबल साउथ की आवाज बनकर उभरे हैं। यह यात्रा न केवल द्विपक्षीय व्यापार और सामरिक रक्षा संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी, बल्कि पूरे हिंद-प्रशांत क्षेत्र की स्थिरता और सुरक्षा में एक मील का पत्थर साबित होगी।*

## चिंतन

# इंडोनेशिया यात्रा चीन को उसी की भाषा में जवाब

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इंडोनेशिया यात्रा केवल एक द्विपक्षीय दौरा नहीं, बल्कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र की बदलती सामरिक राजनीति का अहम संकेत है। यदि इंडोनेशिया के साथ लगभग 2,500 करोड़ रुपये की ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल डील पर अंतिम मुहर लगती है, तो यह स्पष्ट संदेश होगा कि भारत अब केवल अपनी सीमाओं की सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि अपने मित्र देशों की रक्षा क्षमता बढ़ाकर क्षेत्रीय शक्ति संतुलन को भी प्रभावित करने की रणनीति पर आगे बढ़ रहा है। पिछले कुछ वर्षों में चीन ने पाकिस्तान, बांग्लादेश, म्यांमार और हिंद महासागर क्षेत्र के कई देशों में अपने आर्थिक, सामरिक और सैन्य प्रभाव का लगातार विस्तार किया है। पाकिस्तान को अत्याधुनिक हथियार, नौसैनिक सहयोग और चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा इसका सबसे बड़ा उदाहरण हैं। इसी प्रकार दक्षिण एशिया और हिंद-प्रशांत में चीन की सक्रियता भारत के लिए लगातार रणनीतिक चुनौती बनी हुई है। ऐसे समय में भारत की नीति भी अधिक सक्रिय और आत्मविश्वासपूर्ण होती दिखाई दे रही है। फिलीपींस को ब्रह्मोस मिसाइल की आपूर्ति के बाद यदि इंडोनेशिया भी इस सूची में शामिल होता है, तो यह केवल रक्षा निर्यात नहीं रहेगा, बल्कि भारत की रणनीतिक कूटनीति का विस्तार होगा। इसका अर्थ है कि भारत उन देशों के साथ सुरक्षा सहयोग बढ़ा रहा है, जो चीन के बढ़ते दबाव का सामना कर रहे हैं। इंडोनेशिया का महत्व केवल इसलिए नहीं है कि वह दुनिया की सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी वाला देश है, बल्कि इसलिए भी है कि दक्षिण चीन सागर में उसके हित सीधे चीन से टकराते हैं। नटुना द्वीप समूह के निकट इंडोनेशिया के विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) में चीनी तटरक्षक जहाजों और मछली पकड़ने वाले बेड़ों की गतिविधियां लंबे समय से तनाव का कारण रही हैं। चीन अपनी तथाकथित 'नाइन-डैश लाइन' के आधार पर लगभग पूरे दक्षिण चीन सागर पर दावा करता है, जबकि इंडोनेशिया 1982 के संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून सम्मेलन (यूएनसीएलओएस) के आधार पर इस दावे को अस्वीकार करता है। नटुना क्षेत्र केवल सामरिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि तेल, प्राकृतिक गैस और समुद्री संसाधनों के कारण भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। यही कारण है कि भारत और इंडोनेशिया के बीच रक्षा सहयोग का महत्व सामान्य हथियार व्यापार से कहीं अधिक है। ब्रह्मोस जैसी सुपरसोनिक मिसाइल केवल एक सैन्य प्रणाली नहीं, बल्कि प्रतिरोधक क्षमता का प्रभावी माध्यम है। इससे इंडोनेशिया की समुद्री सुरक्षा मजबूत होगी और हिंद-प्रशांत में शक्ति संतुलन बनाए रखने में भी मदद मिलेगी। यदि भविष्य में ड्रोन और अन्य रक्षा प्रणालियों में भी सहयोग बढ़ता है, तो दोनों देशों के संबंध और अधिक गहरे हो सकते हैं। दुनिया की सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी वाला देश होने के बावजूद इंडोनेशिया की सांस्कृतिक विरासत पर हिंदू-बौद्ध परंपराओं की गहरी छाप है। प्रम्बानन मंदिर, रामायण पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और ऐतिहासिक रूप से गणेश की छवि का मुद्रा पर उपयोग यह दर्शाता है कि सांस्कृतिक विरासत धार्मिक पहचान से कहीं व्यापक होती है। यही साझा सांस्कृतिक आधार दोनों देशों को भावनात्मक मजबूती भी देती है। कुल मिलाकर भारत की विदेश नीति अब केवल प्रतिक्रियात्मक नहीं, बल्कि रणनीतिक और सक्रिय होती दिखाई दे रही है। जिस प्रकार चीन वर्षों से अपने साझेदार देशों के माध्यम से क्षेत्रीय प्रभाव बढ़ाता रहा है, उसी प्रकार भारत भी लोकतांत्रिक, संप्रभु और समान विचार वाले देशों के साथ रक्षा एवं सामरिक सहयोग का दायरा बढ़ा रहा है। यह एक तरह से चीन को उसी की भाषा में भारत का जवाब है।

# अब रफ्तार से बढ़ेगा टेक्सटाइल सेक्टर



आर्थिकी
डॉ जयंतीलाल भंडारी

**भारत का टेक्सटाइल सेक्टर नए विकास दौर की दहलीज पर खड़ा है। 15 जुलाई से लागू होने वाला भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौता इस उद्योग के लिए बड़ा अवसर लेकर आया है, क्योंकि ब्रिटेन ने भारतीय वस्त्रों और परिधानों पर 12% तक का आयात शुल्क समाप्त कर दिया है। इससे भारतीय उत्पाद वैश्विक बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी बनेंगे और निर्यात को नई गति मिलेगी। दूसरी ओर, सरकार की एफटीए नीति, कपास आयात पर सीमा शुल्क में राहत, पीएम मित्र पार्क, नए श्रम कानून, बजट प्रावधान और तकनीकी वस्त्रों को बढ़ावा देने जैसे कदम उद्योग की क्षमता को मजबूत कर रहे हैं। हालांकि, इस तेजी के साथ वैश्विक प्रतिस्पर्धा और लॉजिस्टिक्स जैसी चुनौतियों का प्रभावी समाधान भी उतना ही आवश्यक होगा।**

हाल ही में 5 जुलाई को भारत और ब्रिटेन (यूके) के बीच 15 जुलाई से लागू होने वाले मुक्त व्यापार समझौते के नियम जारी किए गए हैं। इससे भारत का टेक्सटाइल सेक्टर रफ्तार से बढ़ेगा। टेक्सटाइल सेक्टर में अभूतपूर्व वृद्धि और विकास के कई कारण हैं। निश्चित रुप से भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौता सबसे बड़ा गेम-चेंजर होगा। 15 जुलाई से लागू होने वाले इस समझौते के तहत यूके ने भारतीय वस्त्रों और परिधानों पर लगने वाले 12 प्रतिशत तक के आयात शुल्क को पूरी तरह से समाप्त कर दिया है।इससे भारतीय कपड़े और रेडीमेड गारमेंट्स ब्रिटिश बाजार में बांग्लादेश और वियतनाम जैसे देशों की तुलना में काफी ज्यादा सस्ते और प्रतिस्पर्धी हो जाएंगे। इस मुक्त व्यापार समझौते के लाभ और निर्यातकों द्वारा समय पर की गई तैयारी के कारण, यूके और यूरोपीय बाजारों से भारतीय कपड़ों की मांग में 12 से 25 प्रतिशत तक की तेज वृद्धि दर्ज संभावित है। वैश्विक ब्रांड चीन से अपनी सप्लाई चेन को शिफ्ट कर रहे हैं, जिससे भारत को एक बड़ा अवसर मिल रहा है।

उल्लेखनीय है कि इस समय सरकार देश के 4.5 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार देने वाले और करीब 174 अरब डॉलर के बाजार आकार के टेक्सटाइल्स सेक्टर को मजबूती देने के लिए रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ रही है। सरकार ने एक जून से पश्चिम एशिया संकट से प्रभावित हो रहे टेक्सटाइल सेक्टर को राहत देने और निर्यातकों को वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धी बनाए रखने के लिए पांच माह के लिए कपास आयात पर लगने वाले सीमा शुल्क को पूर्ण रूप से माफ कर दिया है। सरकार लगातार मुक्त व्यापार समझौतों( एफटीए) में टेक्सटाइल सेक्टर को प्राथमिकता देते हुए आगे बढ़ रही है। हाल ही में लागू किए गए नए श्रम कानूनों से टेक्सटाइल सेक्टर को जोरदार बढ़ावा मिलेगा। टेक्सटाइल सेक्टर के विकास के लिए पीएम मित्र पार्क मील का पत्थर हैं। चालू वित्त वर्ष 2026-27 के बजट में टेक्सटाइल सेक्टर के लिए किए गए अभूतपूर्व प्रावधानों का कार्यान्वयन शुरु हो गया है। साथ ही पिछले 12 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के द्वारा टेक्सटाइल सेक्टर में सुधार के लिए उठाए गए बहुआयामी कदम टेक्सटाइल सेक्टर को लाभान्वित करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस परिदृश्य के मद्देनजर वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों ने भारत के टेक्सटाइल सेक्टर की रेटिंग बढ़ाई है। इनवेस्टमेंट इनफॉरमेशन एंड क्रेडिट रेटिंग एजेंसी (आईसीआरए) ने भारत के टेक्सटाइल सेक्टर का आउटलुक 'नेगेटिव' से बढ़ाकर 'स्टेबल' कर दिया है। गौरतलब है कि हाल ही में एक जून से भारत और ओमान के बीच सीईपीए (व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता) लागू हुआ है। इस समझौते के तहत ओमान ने भारत के टेक्सटाइल सहित 99 प्रतिशत से अधिक उत्पादों पर आयात शुल्क पूरी तरह से शून्य कर दिया है। इसी तरह एफटीए वाले अन्य देशों में ज़ीरो या लगभग ज़ीरो ड्यूटी एक्सेस की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ऑस्ट्रेलिया और चार यूरोपीय देशों आइसलैंड, स्विट्जरलैंड, नॉर्वे और लिकटेंस्टाइन के समूह यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन (एफ्टा) के साथ सफलतापूर्वक कार्यान्वित हो रहे एफटीए से टेक्सटाइल निर्यात में भारी उछाल आया है। साथ ही आगामी महीनों में न्यूजीलैंड



तथा यूरोपीय संघ के साथ एफटीए के क्रियान्वयन से इन देशों को भारत से तेजी से टेक्सटाइल निर्यात बढ़ेगा। खासतौर से यूरोप के 27 देशों के संगठन यूरोपीय संघ के साथ व्यापार समझौते पर अमल शुरू होने के दो-तीन वर्षों में ही यूरोपीय संघ को भारत से करीब 20 अरब डालर तक का टेक्सटाइल निर्यात बढ़ सकता है। इतना ही नहीं, इन दिनों अमेरिका के साथ जिस द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के पहले चरण को अंतिम रूप दिया जा रहा है, उसके तहत भारत को अमेरिका में धागे और कपास से बने कपड़ों पर भारी शुल्क छूट हासिल होगी और टेक्सटाइल निर्यात ऊंचाई पर पहुंचेंगे। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि भारत में टेक्सटाइल सेक्टर को मजबूती देने के मद्देनजर पिछले माह 9 मई से पूरे देश में जमीनी स्तर पर लागू की गई चार नई श्रम संहिताएं (लेबर कोड) अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं। यह बात महत्वपूर्ण है कि केन्द्रीय कपड़ा मंत्रालय ने सात मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एंड अपैरल पार्क स्थापित करने के लिए जो पीएम मित्र पार्क योजना शुरू की है, उसके तहत काम प्रगति पर है और उससे देश के टेक्सटाइल सेक्टर को नई ऊंचाई मिलेगी। पीएम मित्र पार्क प्रधानमंत्री के पांच-एफ विजन- फार्म से फाइबर, फाइबर से फैक्ट्री, फैक्टरी से फैशन और फैशन से फॉरेन तक से प्रेरित है। यह एक 'आत्म-निर्भर भारत' के निर्माण की दृष्टि को पूरा करने और भारत को वैश्विक वस्त्र मानचित्र पर मजबूती से स्थापित करने की आकांक्षा रखता है। सरकार की इस पहल से इन टेक्सटाइल पार्कों में करीब एक लाख करोड़ रुपए का निवेश आने का अनुमान है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि चालू वित्त वर्ष 2026-27 में एक अप्रैल से तेजी से क्रियान्वित हो रहे केंद्रीय बजट के तहत टेक्सटाइल सेक्टर के लिए जिस तरह अभूतपूर्व प्रावधान किए गए हैं, उससे भारत के टेक्सटाइल सेक्टर को तेजी से आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। बजट में 'टेक्स-इको' पहल अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप है। बजट में उद्योग और शैक्षणिक संस्थानों के सहयोग से वस्त्र कौशल पारिस्थितिकी तंत्र को आधुनिक बनाने के लिए 'सामर्थ्य -2' का अनावरण किया गया है। बजट में महात्मा गांधी ग्राम स्वराज पहल भी महत्वपूर्ण है। यह पहल खादी, हथकरघा और हस्तशिल्प को मजबूत करने के लिए, एक जिला एक उत्पाद को भी समर्थन देती है। निसंदेह टेक्सटाइल सेक्टर के लिए ऐसे अभूतपूर्व रणनीतिक प्रयासों से भारत का टेक्सटाइल उद्योग तेजी से आगे बढ़ेगा। लेकिन टेक्सटाइल सेक्टर के तेजी से बढ़ने की संभावनाओं के बीच हमें इस बात पर ध्यान रखना होगा कि विगत वर्षों में टेक्सटाइल सेक्टर पर अनिश्चितताओं और बदलावों का दबाव रहा है और अभी भी वर्ष 2026 में टेक्सटाइल सेक्टर में बढ़ते मौकों के बावजूद बड़ी चुनौतियाँ सामने खड़ी हुई हैं। जिसमें लगातार लॉजिस्टिक्स पर असर डालने वाली जियोपॉलिटिकल रुकावटें, बढ़ती इनपुट और कम्प्लायंस लागत और सोर्सिंग जगहों के बीच बढ़ती प्रतिस्पर्धा शामिल हैं। इन चुनौतियों के समाधान के साथ टेक्सटाइल निर्यात बढ़ाने के लिए अधिक प्रयासों की जरूरत दिखाई दे रही है।

उम्मीद करें कि 15 जुलाई से भारत और ब्रिटेन के बीच लागू होने वाले मुक्त व्यापार समझौते से भारत के टेक्सटाइल सेक्टर को रफ्तार मिलेगी। एक जून से 30 अक्टूबर तक के लिए लागू कपास के आयात में सीमा शुल्क की छूट से भारत के टेक्सटाइल सेक्टर को पर्याप्त राहत मिलेगी और विदेशों में भारत के टेक्सटाइल निर्यातक प्रतिस्पर्धी बने रहेंगे। ऐसे में हम उम्मीद करें कि लक्ष्य के मुताबिक वर्ष 2030 तक टेक्सटाइल का बाजार आकार तेजी से बढ़कर 350 अरब डॉलर और निर्यात 100 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंचते हुए दिखाई देंगे। साथ ही वर्ष 2030 तक टेक्सटाइल सेक्टर में रोजगार के 3.5 करोड़ से अधिक नए मौके निर्मित होते हुए भी दिखाई देंगे।

( लेखक अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



स्विट्जरलैंड के प्रमुख दर्शनीय स्थानों में बेसल बहुत ही आकर्षक शहर है जोकि राइन नदी के तट पर बसा हुआ है। प्रकृति से प्रेम करने वाले पर्यटकों के लिए बेसल बहुत ही खूबसूरत जगह है जहां दूर-दूर तक प्रकृति का नजारा देखने को मिलता है। बेसल में सबसे अधिक म्यूजियम है और इसके साथ ही कई बुटिक और प्राचीन दुकानें हैं। बेसल शहर में चेरी के पेड़ बहुत ही आकर्षक लगते हैं।

## स्मृति शेष

डॉ. यास्मिन सिंह

# भारतीय लोक संस्कृति का अमर स्वर मौन

पंडवानी की अप्रतिम साधिका, तीजन बाई का निधन केवल एक महान कलाकार का जाना नहीं है, बल्कि भारतीय लोक परंपरा के एक युग का अवसान है। एक कलाकार होने के नाते मैं स्वयं को अत्यंत शोकाकुल महसूस कर रही हूं। तीजन बाई जी ने अपने अदम्य साहस, अथक साधना और असाधारण प्रतिभा से यह सिद्ध किया कि सच्ची कला हर बंधन को तोड़कर अपना मार्ग स्वयं बनाती है। उन्होंने पंडवानी को केवल जीवित ही नहीं रखा, बल्कि उसे विश्व मंच पर वह सम्मान दिलाया।

छत्तीसगढ़ की मिट्टी में जन्मी और पली-बढ़ी तीजन बाई जी ने पंडवानी के माध्यम से लोकगाथा को उन्होंने जिस आत्मविश्वास और ओजस्विता के साथ



दुनिया के सामने प्रस्तुत किया, वह हम सभी कलाकारों के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत रहेगा। हम जैसे कलाकारों ने उन्हें केवल मंच पर प्रस्तुति देते हुए नहीं देखा, बल्कि एक ऐसी साधिका के रूप में देखा, जिसने अपनी कला को जीवन का धर्म बना लिया। उन्होंने सिद्ध कर दिया कि लोककला किसी सीमित भूगोल की धरोहर नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता की सांस्कृतिक पूंजी होती है। छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक यात्रा में तीजन बाई जी का व्यक्तित्व सदैव एक प्रकाश-स्तंभ की तरह दिखाई देता रहा। उनकी उपस्थिति मात्र से कलाकारों में आत्मविश्वास जाग उठता था। उन्होंने अनगिनत बेटियों को यह विश्वास दिया कि प्रतिभा यदि साधना से जुड़ जाए तो गांव की पगडंडी से निकलकर विश्व के सबसे बड़े मंच तक पहुंचा जा सकता है। उनका जीवन संघर्ष, स्वाभिमान और सृजन का ऐसा उदाहरण है, जो आने वाली पीढ़ियों के कलाकारों को निरंतर दिशा देता रहेगा।

जब भी मैं उन्हें मंच पर देखती थी, ऐसा लगता था मानो वे स्वयं महाभारत की आत्मा को स्वर और अभिव्यक्ति दे रही हों। उनकी कला में लोक की सादगी, भारतीय संस्कृति की गरिमा और साधना की ऊंचाईयां एक साथ दिखाई देती थीं। वे केवल एक कलाकार नहीं थीं, बल्कि भारतीय सांस्कृतिक चेतना की जीवंत प्रतीक थीं। छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान का जब भी इतिहास लिखा जाएगा, उसमें तीजन बाई जी का नाम स्वर्णाक्षरों में अंकित रहेगा। उन्होंने पंडवानी को केवल एक लोककला नहीं रहने दिया, बल्कि उसे छत्तीसगढ़ की अस्मिता, छत्तीसगढ़ की बोली, छत्तीसगढ़ की मिट्टी और हमारी सांस्कृतिक चेतना की पहचान बना दिया। उनकी उपलब्धियां केवल व्यक्तिगत सम्मान नहीं थीं, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ का गौरव थीं। जब-जब वे विश्व के किसी मंच पर गूंजी, तब-तब ऐसा लगा कि छत्तीसगढ़ की माटी स्वयं अपनी कथा सुना रही है। उनके जीवन के अंतिम दिनों की परिस्थितियाँ हम सभी के लिए गंभीर आत्ममंथन का विषय हैं। जिन कलाकारों ने अपना संपूर्ण जीवन भारत की सांस्कृतिक विरासत को समर्पित कर दिया, उनके सम्मान, स्वास्थ्य और गरिमापूर्ण जीवन की जिम्मेदारी भी समाज और व्यवस्था की होनी चाहिए। यही तीजन बाई जी के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।


## सिया राम मय सब जग जानी



संकलित
दर्शन

हमारे वेद कहते हैं- सर्वे भवंतु सुखिनः, सर्वे संतु निरामया...अर्थात सब सुखी हों, सब निरोगी हों। वहां कोई, वर्ण, जाति, समूह और पक्ष-विपक्ष की बात ही नहीं है। हमारे ऋषि मुनियों ने युगों पहले यह सूत्र दे दिया था-वसुधैव कुटुंबकम्-यानी पूरी वसुधा ही हमारा परिवार है। संपूर्ण विश्व के लोगों के सुख और स्वास्थ्य की कामना भारतीय दर्शन का मूल है। न सिर्फ मनुष्य, बल्कि जीव मात्र के हित की इच्छा रखना ही सनातनी परिचय है। मैं राम कथा गाता हूं। राम राज के मूल में भी सर्वे भवंतु सुखिनः, सर्वे संतु निरामया की ही भावना है। भगवान श्रीराम ने सेतु बनाया। आज पूरे विश्व में समाज के विभिन्न वर्गों के बीच सेतु बनाए जाने की आवश्यकता है। जिसमें भी राम तत्व होगा, वह केवल जोड़ने की बात करेगा, तोड़ने की नहीं। सत्य, प्रेम और करुणा प्रमुख राम तत्व हैं। जिसमें ये तत्व होंगे, वह वंचितों तक पहुंचेगा। राम समाज के वंचित लोगों के पास स्वयं चलकर गए। केवट, शबरी, अहिल्या के प्रसंग इसके प्रमाण हैं। आज समाज की एक बड़ी जरूरत है कि सक्षम लोग वंचित लोगों तक, अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों तक स्वयं चल कर पहुंचें। मानस में नौ प्रकार की भक्ति का वर्णन हुआ है। शबरी के सामने गाई गई नौ प्रकार की भक्ति में गोस्वामी जी ने सातवीं भक्ति पूरे संसार को ब्रह्ममय मानना-देखना बताई है-'सातवं सम मोहि मय जग देखा।' जब हम पूरे संसार को ब्रह्ममय देखेंगे, महसूस करेंगे तो किसी के भी दोष दिखाई नहीं देंगे।


## एक दिन का पुण्य ही क्यूं



संकलित
प्रेरणा

निर्जला एकादशी से अगले दिन एक भिखारी एक सज्जन की दुकान पर भीख मांगने पहुंचा। सज्जन व्यक्ति ने 1 रुपए का सिक्का निकाल कर उसे दे दिया। भिखारी को प्यास भी लगी थी, वो बोला बाबूजी एक गिलास पानी भी पिलवा दो, गला सूखा जा रहा है। सज्जन व्यक्ति ने गुस्से में कहा- तुम्हारे बाप के नौकर बैठे हैं क्या हम यहां, पहले पैसे, अब पानी, थोड़ी देर में रोटी मांगेगा, चल भाग यहां से। भिखारी बोला- बाबूजी गुस्सा मत कीजिये मैं आगे कहीं पानी पी लूंगा। पर जहां तक मुझे याद है, कल आपने निर्जला एकादशी व्रत कथा का पाठ किया था, तथा कल इसी दुकान के बाहर मीठे पानी की छबील लगी थी और आप स्वयं लोगों को रोक रोक कर जबरदस्ती अपने हाथों से गिलास पकड़ा रहे थे, मुझे भी कल आपके हाथों से दो गिलास शर्बत पीने को मिला था। मैंने तो यही सोचा था, आप बड़े धर्मात्मा आदमी है, पर आज मेरा भरम टूट गया। कल की छबील तो शायद आपने लोगों को दिखाने के लिये लगाई होगी? मुझे आज आपने कड़वे वचन बोलकर अपना कल का सारा पुण्य खो दिया। अगर मैं कुछ ज्यादा बोल गया हूं तो। सज्जन व्यक्ति को बात दिल पर लगी, उसकी नजरों के सामने बीते दिन का प्रत्येक दृश्य घूम गया। उसे अपनी गलती का अहसास हो रहा था। वह स्वयं अपनी गद्दी से उठा और अपने हाथों से गिलास में पानी भरकर उस बाबा को देते हुए उसे क्षमा प्रार्थना करने लगा। भिखारी- बाबूजी मुझे आपसे कोई शिकायत नही, परन्तु अगर मानवता को अपने मन की गहराइयों में नही बसा सकते तो एक-दो दिन किये हुए पुण्य कार्य व्यर्थ ही हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### विश्व क्षमा दिवस आत्मशुद्धि और मानवता का अमृत पर्व

हर वर्ष 7 जुलाई को विश्व क्षमा दिवस मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य लोगों को पुराने मतभेदों, कटु स्मृतियों और वैरभाव को भुलाकर स्वयं तथा दूसरों को क्षमा करने के लिए प्रेरित करना है। वर्ष 1994 में कनाडा में क्राइस्ट्स एंबेसडर्स क्रिश्चियन एंबेसी द्वारा इस दिवस की शुरुआत की गई थी। आज यह दिन केवल किसी एक देश या समुदाय तक सीमित नहीं रहा, बल्कि पूरी दुनिया में शांति, प्रेम, सहिष्णुता और मानवीय मूल्यों का संदेश देने वाला अवसर बन चुका है। आधुनिक जीवन की भागदौड़, तनाव, प्रतिस्पर्धा और स्वार्थ के बीच क्षमा का महत्व पहले से कहीं अधिक बढ़ गया है। यह केवल एक शब्द नहीं बल्कि जीवन को प्रकाशमान करने वाली ऐसी साधना है, जो व्यक्ति के भीतर के अंधकार को समाप्त कर देती है। क्षमा का अर्थ केवल किसी से औपचारिक रूप से यह कह देना नहीं कि 'मैं तुम्हें क्षमा करता हूँ।' – *कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## करंट अफेयर

# चीन ने लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल का किया परीक्षण


चीन की सेना ने सोमवार को दक्षिण प्रशांत महासागर में अपनी परमाणु संचालित पनडुब्बी से लंबी दूरी तक प्रहार करने में सक्षम बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया। कई देशों ने इसका विरोध करते हुए चिंता व्यक्त की है। सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' की खबर के अनुसार, मिसाइल का प्रक्षेपण दोपहर 12 बजकर एक मिनट पर किया गया और यह एक 'डमी' हथियार से लैस थी। चीन ने करीब दो वर्ष पहले प्रशांत महासागर में मिसाइल परीक्षण किया था, तब एक 'डमी' हथियार से लैस अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल दागी गई थी। 'शिन्हुआ' की खबर में कहा गया कि यह प्रक्षेपण नियमित वार्षिक प्रशिक्षण का हिस्सा है जो अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुरूप है और यह किसी देश के खिलाफ नहीं था। इस खबर को रक्षा मंत्रालय की ओर से सोशल मीडिया पर दोबारा साझा किया गया। ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड ने इस परीक्षण की आलोचना की। न्यूजीलैंड सरकार ने कहा कि उसे इस नियोजित प्रक्षेपण की जानकारी कुछ घंटे पहले दे दी गई थी और उसने इस पर ध्यान आकर्षित किया कि मिसाइल को दक्षिण प्रशांत महासागर के परमाणु मुक्त क्षेत्र में दागा गया था।



## ऑफ बीट

# चित होकर लेटना 'सदर्न राइट व्हेल' की कोई बीमारी नहीं है

अगर आप साल के इस समय ऑस्ट्रेलिया के किसी भी दक्षिणी तट पर खड़े हों, तो हो सकता है कि आपको छिछले पानी में तैरती हुई 'सदर्न राइट व्हेल' (यूबेलेना ऑस्ट्रैलिस) देखने को मिल जाए। समुद्र के ये विशालकाय जीव प्रजनन करने, बच्चे को जन्म देने और आराम करने के लिए दक्षिणी महासागर और अंटार्कटिका से यहां आते हैं। अगर आप सच में खुश किस्मत हों, तो हो सकता है कि आप उनमें से किसी एक को चित (उल्टा) होकर आराम करते हुए भी देख लें। पहली नज़र में, यह हैरान कर देने वाला व्यवहार– जो अन्य बड़ी व्हेल मछलियों में नहीं देखा गया है– आपको यह सोचने पर मजबूर कर सकता है कि यह जीव बीमार या घायल है। वास्तव में , यह एक स्वस्थ मां का संकेत हो सकता है, जो अपनी जिदगी के सबसे ज्यादा ऊर्जा की मांग वाले दौर में अपनी ऊर्जा के भंडार को सावधानी से संभाल रही है। संतुलित करने की कोशिश सदर्न राइट व्हेल छह हजार किलोमीटर से भी ज़्यादा लंबी दूरी तय करती हैं। यह दूरी पर्थ से सिडनी और वापस आने की दूरी के बराबर है। अगर यह दूरी आपको मुश्किल भरी नहीं लगती, तो जान लें कि ऑस्ट्रेलिया में बच्चे को जन्म देने वाली जगहों पर 'सदर्न राइट व्हेल' कुछ भी खाती–पीती नहीं हैं।



## ट्रेंड

### प्रतिबद्धता पर अडिग रहे मुखर्जी



आज हमारा देश महान दूरदर्शी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को याद कर रहा है। हमने अनुच्छेद 370 हटाकर उनका सपना पूरा किया है। एक भारत, श्रेष्ठ भारत के विचार के पक्षधर थे और राष्ट्रीय एकता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर अडिग रहे। **-नरेंद्र मोदी,** पीएम

### कहां है पासपोर्ट की ताकत



मोदी सरकार की नीतियां भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के लिए जिम्मेदार हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने 2018 में दावा किया था कि विदेश यात्रा करने वाले और विदेशों में रहने वाले लोग आज भारतीय पासपोर्ट की ताकत और सम्मान को जानते हैं। वह 'ताकत' आखिर दिखाई कहां देती है? **-मल्लिकार्जुन खरगे,** कांग्रेस अध्यक्ष

### एसआईआर पर आपत्तियां



निर्वाचन आयोग जिस तरह से एसआईआर कर रहा है, उसे लेकर हमारी भी आपत्तियां हैं। हमने मामले को अदालत में उठाया है। हमारी सरकार का कोई भी व्यक्ति एसआईआर प्रक्रिया में हस्तक्षेप नहीं कर रहा है। सभी अधिकारी निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत काम कर रहे हैं। **-डी. के. शिवकुमार,** सीएम कर्नाटक

### एमपी में इसी माह यूसीसी



एमपी में इसी महीने यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) आएगा। हिंदू एक शादी करता है और सात फेरे लेता है, तो सभी के लिए ऐसा ही कानून होना चाहिए। कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति करती है। वह फिर दावा करेगी कि यह कानून किसी धर्म विशेष के खिलाफ है। **-डॉ. मोहन यादव,** सीएम एमपी

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स–271018
ई–मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब–साइट: www.haribhoomi.com

# नीरव के भारत प्रत्यार्पण का रास्ता साफ

## कोर्ट में आखिरी कानूनी लड़ाई भी हारा भगोड़ा हीरा कारोबारी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत के भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी का भारत आने का रास्ता साफ हो गया है। वह अपनी आखिरी कानूनी लड़ाई भी यूरोपियन कोर्ट में हार गए हैं। यूरोपियन कोर्ट ऑफ ह्यूमन राइट्स यानी ईसीएचआर में अपील के तौर पर उनकी आखिरी उम्मीदें भी धराशायी हो गईं। रिपोर्ट के मुताबिक, नीरव मोदी से जुड़े दस्तावेजों के हवाले से कहा गया है कि उनके पास अब भारत न आने के सारे रास्ते खत्म हो चुके हैं। यूके की सरकार भी उनके प्रत्यार्पण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाएगी। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, उनके सभी कानूनी रास्ते खत्म हो चुके हैं। अब कुछ प्रशासनिक औपचारिकताएं रह गई हैं।



### यूके की हाईकोर्ट ने उन्हें चुनौती देने का नहीं दिया था अधिकार

नीरव मोदी को अप्रैल 2026 को यूके की हाईकोर्ट ने प्रत्यर्पण को चुनौती देने का अधिकार नहीं दिया था। कोर्ट ने भारत सरकार की तरफ से जेल की स्थितियों के बारे में दिए आश्वासन को पर्याप्त करार दिया था। इसी के बाद नीरव मोदी ने ईसीएचआर का रुख किया था। यूके की तरफ से अबतक कार्रवाई में उनको भारत भेजने के सभी दस्तावेज सौंपने का फैसला दिया। इसके बाद सभी कानूनी अधिकार अपनाने के बाद नीरव मोदी ने ईसीएचआर कोर्ट में पिटिशन दाखिल की थी। कोर्ट ने मोदी की याचिका का सीक्रेट रखा था। पूरी प्रोसेस सीक्रेट तरीके से की गई। स्टार्सबर्ग में स्थित यह अदालत लंबित मामलों को पब्लिक नहीं करती है।

### कानूनी रास्तों से बचने की कोशिश नाकाम

नीरव मोदी मार्च 2019 से अरेस्ट कर लिए गए थे। तब से वह लंदन की बैंड्सवर्थ जेल में कैद हैं। उनपर भारत की पंजाब नेशनल बैंक से धोखधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है। इस मामले में सीबीआई और ईडी को उनकी तलाश है। राजनयिक सूत्रों के हवाले से रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि यूके अधिकारी उन्हें भारत सौंपने की तैयारी में जुट गए हैं। भगोड़े नीरव मोदी को भारत कभी भी लाया जा सकता है। नीरव मोदी यूके की कोर्ट में भारत में प्रताड़ना देने का आरोप लगाकर कानूनी रास्ते से बचने की कोशिश कर रहे थे। जिसे वहां की अदालतों ने अनसुना कर दिया है।

# चन्नी गुट ने किया भूपेश की मीटिंग का बायकॉट

## पंजाब कांग्रेस में सियासी घमासान

एजेंसी ▸▸ चंडीगढ़

अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले पंजाब कांग्रेस में बगावत अब खुल कर समाने आ गई है। पूर्व मुख्यमंत्री और जालंधर से सांसद चरणजीत सिंह चन्नी ने पंजाब कांग्रेस के प्रभारी भूपेश बघेल की मीटिंग का बहिष्कार कर दिया है। चन्नी अपने समर्थक सांसदों, विधायकों और पूर्व विधायकों से मीटिंग के बाद आज (सोमवार, 6 जुलाई को) दिल्ली रवाना हो गए, जहां वे हाईकमान से मिलेंगे। नई दिल्ली रवाना होने से पहले चन्नी ने अपने समर्थकों संग फोटोशूट करवाया और इसके जरिए अपने ताकत का प्रदर्शन किया।



### चन्नी को सांसद और 6 विधायकों का समर्थन

चन्नी को पंजाब कांग्रेस का नया प्रधान बनने के लिए अब तक एक सांसद सुखजिंदर रंधावा और 6 विधायकों का समर्थन मिल गया है। इसके अलावा नए वर्किंग प्रधान संगत सिंह गिलजियां भी उनके गुट में शामिल हो गए हैं। मौजूदा प्रधान अमरिंदर राजा वड़िंग के पक्ष में सिर्फ एक सांसद डॉ. अमर सिंह आए हैं। चन्नी ने पार्टी प्रभारी भूपेश बघेल के आने से पहले ही मोहाली में अपने समर्थक नेताओं से मीटिंग की, जिसमें प्रभारी के बायकॉट का फैसला लिया गया।

**बागी गुट ने दिखाई तस्वीर में एकता :** वहीं, आज सुबह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और गुरदासपुर सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा ने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर पोस्ट की जिसमें पंजाब कांग्रेस का चरणजीत चन्नी के नेतृत्व वाला गुट दिखाई दे रहा है।

### कांग्रेस के भीतर मतभेद से इंकार

रंधावा की शेयर की गई तस्वीर पर प्रतिक्रिया देते हुए, पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष वारिंग ने कांग्रेस के भीतर मतभेद की अटकलों को खारिज किया और कहा कि वह बैठक किसी के खिलाफ नहीं थी। वारिंग ने कहा, "चन्नी साहब (चरणजीत सिंह चन्नी का जिक्र करते हुए) ने सिर्फ अपनी तस्वीर शेयर की है और बताया है कि मोरिंडा में हुई बैठक जारी रही। वह बैठक किसी के खिलाफ नहीं थी। जैसा कि मैंने पहले ही बताया है, मोरिंडा बैठक हमारे वरिष्ठ नेता, सम्मानित चरणजीत सिंह चन्नी के आवास पर हुई थी, जिन्हें अभियान समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।"

**डैमेज कंट्रोल में जुटा हाईकमान :** चुनाव समिति के गठन के बाद पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी और उनके समर्थक नेताओं की नाराजगी के बीच हाईकमान डैमेज कंट्रोल में जुटा है। भूपेश बघेल ने सबसे पहले चन्नी और कुछ वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात करनी थी। इसके बाद उनकी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग समेत अन्य नेताओं के साथ भी बैठकें प्रस्तावित हैं।

## खबर संक्षेप

### 91 वर्ष के हुए दलाई लामा उमड़ा श्रद्धा का सैलाब



**धर्मशाला।** विश्व प्रसिद्ध बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा सोमवार को 91 वर्ष के हो गए हैं। इस विशेष अवसर पर हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला स्थित उनके अस्थायी निवास स्थान के मुख्य तिब्बती मंदिर 'त्सुगलाखंग प्रांगण' में एक भव्य समारोह आयोजित किया गया। केंद्रीय तिब्बती प्रशासन (सीटीए) और स्थानीय तिब्बती समुदाय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में देश-विदेश से आए सैकड़ों बौद्ध अनुयायियों, पर्यटकों और स्थानीय भारतीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

### अल्टीमेटम : कविता को बदलना होगा पार्टी नाम

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने तेलंगाना राष्ट्र समिति और फिर उसके नए नाम वाले अवतार भारत राष्ट्र समिति यानी बीआरएस नेता रही के. कविता को उनकी नवगठित पार्टी तेलंगाना रक्षणा सेना का नाम बदलने का निर्देश दिया है। बता दें, कविता ने अपनी पार्टी का नाम तेलंगाना रक्षणा सेना यानी टीआरएस रखा था। जिसका संक्षिप्त नाम तेलंगाना राष्ट्र समिति यानी टीआरएस से हू ब हू मिलता है। इस बाबत बीआरएस नेता के चंद्रशेखर राव और के टी रामाराव ने विरोध किया था। चुनाव आयोग ने बीआरएस नेताओं की आपत्तियों के आधार पर के कविता को निर्देश जारी किए हैं।

### मणिपुर भड़की हिंसा कांगपोकपी में गोलीबारी

**इंफाल।** मणिपुर के कांगपोकपी जिले में हथियारबंद लोगों की फायरिंग में 8 साल की एक बच्ची और 56 साल की महिला घायल हो गईं। पुलिस के मुताबिक, घटना रविवार शाम थिंगखोंगजांग गांव में हुई। दोनों घायलों को पहले असम राइफल्स के कैंप में प्राथमिक इलाज दिया गया, फिर देर रात इंफाल के रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (रिम्स) अस्पताल रेफर किया गया। रिम्स अस्पताल के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई है। जून में भी कांगपोकपी में गोलीबारी में घायल तीन कुकी युवकों को इसी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उस दौरान प्रदर्शनकारियों ने उन्हें हथियारबंद बताकर अस्पताल में घुसने की कोशिश की थी।

## ईरान की धार्मिक सत्ता ने भारी जनसमूह के जरिये किया शक्ति प्रदर्शन

# खामेनेई की अंतिम यात्रा, उमड़ी भारी भीड़ हमास, हिज्बुल्लाह, हूती सभी रहे मौजूद

ईरान की राजधानी तेहरान में दिवंगत सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की अंतिम यात्रा में सोमवार को काले कपड़े पहने शोकाकुल लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। लोग अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ नारे लगा रहे थे और ट्रंप मुर्दाबाद के नारे लगा रहे थे। ईरान के राष्ट्रीय ध्वज में लिपटे खामेनेई (86) के ताबूत को एक ट्रक में रखा गया। इसी ट्रक में उनके परिजनों के ताबूत भी रखे गए जो 28 फरवरी को युद्ध की शुरुआत में इजराइल और अमेरिका के हवाई हमले में मारे गए थे।

एजेंसी ▸▸ तेहरान

ईरान की धार्मिक सत्ता ने इस भारी जनसमूह को अपनी ताकत के प्रदर्शन के रूप में प्रोत्साहित किया। यह जुटान ऐसे समय में हुआ है, जब ईरान उस युद्ध को स्थायी रूप से समाप्त करने के लिए अमेरिका के साथ बातचीत कर रहा है, जिसमें खामेनेई की मौत हो गई थी। ईरानी सरकारी टेलीविजन पर प्रसारित तस्वीरों में तेहरान के आज़ादी चौक से उसी नाम वाली सड़क पर कई किलोमीटर तक फैली विशाल भीड़ दिखाई दी। यह जनसमूह वर्ष 2020 में दिवंगत कासिम सुलेमानी की अंतिम यात्रा में उमड़ी भीड़ से भी बड़ा नजर आया। उस जुलूस में 10 लाख से अधिक लोग शामिल हुए थे। अधिकारियों ने भीड़ की संख्या को लेकर फिलहाल कोई आधिकारिक आंकड़ा जारी नहीं किया। हालांकि, ट्रक के आसपास और अंतिम यात्रा मार्ग के विभिन्न हिस्सों में मौजूद लोग तख्तियां, पोस्टर और बैनर लिए हुए थे, जिन पर ट्रंप की मौत की मांग वाले नारे लिखे थे।



**खास बातें**

- तेहरान की सड़कों पर 12 घंटे चलेगी यह अंतिम यात्रा
- शनिवार से शुरू हुआ राष्ट्रीय शोक बृहस्पतिवार को होगा समाप्त





### सुरक्षा को लेकर चिंतित नजर आए अधिकारी

जुलूस के साथ चल रही भारी भीड़ को देखते हुए अधिकारी सुरक्षा को लेकर चिंतित नजर आए। लाउडस्पीकरों के माध्यम से लोगों से धीरे-धीरे चलने, धक्का-मुक्की न करने और सड़क के किनारों पर बने रहने की अपील की जाती रही। अधिकारियों ने ट्रक को इमाम की दरगाह के चारों ओर बनी पारंपरिक सजावटी जाली का स्वरूप दिया है।

**पोस्टर-बैनर में जाहिर किए जज्बात :** शोक व्यक्त कर रहे लोगों और उनके हाथों में मौजूद पोस्टरों-बैनरों पर ट्रंप तथा इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की हत्या की मांग वाले संदेश लिखे दिखाई दिए। सोमवार सुबह अंतिम यात्रा में शामिल फातिमा हसन ने कहा, 'आज हम अपने नेता के अंतिम संस्कार में शामिल होने आए हैं। यह हमारे लिए बेहद पीड़ादायक दिन है। हम यहां उन्हें अंतिम विदाई देने नहीं, बल्कि उनका बदला लेने आए हैं।

### जन्मस्थान मशहद में किया जाएगा सुपुर्द-ए-खाक

शनिवार से शुरू हुआ यह राष्ट्रीय शोक बृहस्पतिवार को समाप्त होगा। इसके बाद खामेनेई को उनके जन्मस्थान मशहद स्थित इमाम रज़ा दरगाह में सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। इस बीच, अमेरिका ईरान के साथ उन वार्ताओं को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहा है, जिनका उद्देश्य होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह फिर से खोलना, उसके विवादित परमाणु कार्यक्रम को सीमित करना और युद्ध को स्थायी रूप से समाप्त करना है। हालांकि, ऐसा माना जा रहा है कि ये वार्ताएं अंतिम संस्कार संपन्न होने तक स्थगित रहेंगी।

### विद्रोही गुटों की मौजूदगी बनी चर्चा का विषय

तेहरान में आयोजित इस समारोह ने पश्चिम एशिया की राजनीति को एक बार फिर यह याद दिला दिया कि हालिया युद्धों, हवाई हमलों और सैन्य दबाव के बावजूद ईरान का 'एक्सिस ऑफ रेसिस्टेंट' अभी खत्म नहीं हुआ है। खामेनेई के अंतिम संस्कार में हमास, हिजबुल्लाह और हूती. ईरान वॉर और गाजा जंग के बाद दुनिया को ये एहसास होने लगा था कि हमास, हिजबुल्लाह और हूती की ताकत ढह गई है। लेकिन खामेनेई के जनाजे में हमास, हिज्बुल्लाह और हूती विद्रोहियों की मौजूदगी सबसे ज्यादा चर्चा का विषय बनी रही। सरकारी मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई के अंतिम संस्कार में तेहरान समर्थित आतंकी और विद्रोही गुटों के प्रतिनिधि शामिल हुए। हिज्बुल्लाह और हमास के दूतों ने विदेश मंत्री अब्बास अराघची से भी मुलाकात की।

## पहलगाम हमले में एनआईए ने दाखिल की पूरक चार्जशीट

# 'हाफिज सईद ने ही रची थी पहलगाम हमले की साजिश'

एजेंसी ▸▸ तेहरान

पिछले साल अप्रैल में पहलगाम में हुए आतंकी हमले की जांच कर रही केंद्रीय एजेंसी राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने सोमवार (06 जुलाई) को मामले में एक पूरक आरोप पत्र दाखिल किया है और उसमें में लश्कर-ए-तैयबा प्रमुख हाफिज सईद को आरोपी बनाया है। एनआईए के एक बयान के मुताबिक, जम्मू में एनआईए की विशेष अदालत में दाखिल आरोप पत्र में, आतंकवाद निरोधक एजेंसी ने पाकिस्तान में रहने वाले सईद पर व्यक्तिगत तौर पर और प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा और उसके सक्रिय सहयोगी संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' के प्रमुख के तौर पर आरोप लगाए हैं। सईद पर भारतीय न्याय संहिता, 2023 और गैर-कानूनी गतिविधियां अधिनियम (यूएपीए, 1967 की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं। एनआईए ने आरोपपत्र में सईद पर भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ने और सीमा पार से साजिश रचने का भी आरोप लगाया है।



- भारत के खिलाफ 'युद्ध' छेड़ने का आरोप

### ऑपरेशन महादेव में मारे गए थे तीनों आतंकी

एनआईए ने 15 दिसंबर, 2025 को दाखिल अपने पिछले आरोप पत्र में पाकिस्तानी हैंडलर साजिद जट्ट को आरोपी बनाया था, साथ ही जुलाई 2025 में 'ऑपरेशन महादेव' के दौरान सुरक्षा बलों द्वारा मारे गए तीन आतंकवादियों और गिरफ्तार किए गए दो आरोपियों को भी इसमें शामिल किया था। उसने प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर/टीआरएफ पर भी पहलगाम आतंकी हमले की साजिश रचने, उसमें मदद करने और उसे अंजाम देने में भूमिका निभाने के आरोप लगाए। उनके नाम फैसल जट्ट उर्फ सुलेमान, हबीब ताहिर उर्फ जिब्रान भाई और हमज़ा अफ़गानी बताए गए थे जो ऑपरेशन महादेव में मारे गए थे।

### पिछले साल हुआ था पहलगाम हमला

पिछले साल 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए घातक हमले में पर्यटकों को निशाना बनाया गया था; पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों ने 25 पर्यटकों और एक स्थानीय व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी थी। शुरुआत में पहलगाम में थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। शुरुआती जांच के बाद, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मामला एनआईए को सौंप दिया था। बयान में कहा गया, 'एनआईए पाकिस्तान की पूरी साजिश का पता लगाने के लिए मामले की जांच जारी रखे हुए है। पाकिस्तान सीमा पार से भारतीय धरती पर आतंकवाद को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रहा है।'

## टीएमसी पर हक की जंग तेज

# बागियों का दावा पूरी तरह फर्जी आयोग से बोला ममता गुट

एजेंसी ▸▸ कोलकाता



ममता बनर्जी के नेतृत्व वाले तृणमूल कांग्रेस के मूल गुट ने सोमवार को चुनाव आयोग के सामने अपना जवाब सौंप दिया है। टीएमसी ने पार्टी पर अधिकार जताने वाले बागी गुट के दावों को पूरी तरह खारिज कर दिया है। पार्टी ने कहा कि ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस की संगठनात्मक समितियां पार्टी के संविधान के तहत साल 2027 तक पूरी तरह वैध हैं। चुनाव आयोग को जवाब सौंपने के बाद टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने मीडिया से बातचीत की। उन्होंने बताया कि पार्टी ने बागी नेता ऋतब्रत बनर्जी के प्रतिवेदन के खिलाफ आयोग को एक विस्तृत जवाब सौंपा है। बागी गुट का मुख्य तर्क है कि एआईटीसी और नेशनल वर्किंग कमेटी का कार्यकाल साल 2025 में ही खत्म हो चुका है। कल्याण बनर्जी ने बागी गुट के इस दावे को खारिज किया है।

**कार्यकाल खत्म होने का आरोप गलत :** कल्याण बनर्जी ने कहा कि पार्टी के संविधान में समय-समय पर संशोधन किए गए हैं। साल 2000 में इस कार्यकाल को तीन साल से बढ़ाकर चार साल किया गया था। इसके बाद साल 2006 में इसे बढ़ाकर पांच साल कर दिया गया था। इन सभी बदलावों की जानकारी चुनाव आयोग को दी गई थी। उन्होंने कहा, 'पार्टी के आखिरी संगठनात्मक चुनाव साल 2022 में हुए थे। इसलिए, नियम के मुताबिक एआईटीसी और नेशनल वर्किंग कमेटी का कार्यकाल पांच साल के लिए है।

### क्या है पूरा मामला?

दरअसल चुनाव आयोग ने ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली टीएमसी और ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व वाले बागी गुट, दोनों से पार्टी के अधिकृत हस्ताक्षरकर्ताओं और संगठनात्मक चुनावों को लेकर अपने-अपने दावे और जवाब पेश करने को कहा था। बागी गुट ने चुनाव आयोग की पूर्ण पीठ से मुलाकात कर खुद को 'असली' तृणमूल कांग्रेस बताया था जिसके बाद विवाद बढ़ गया था।

## विनेश केस

### डब्लूएफआई को कारण बताओ नोटिस


**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने सोमवार छह जुलाई 2026 को पहलवान विनेश फोगाट से जुड़े मामले में भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्लूएफआई) को बड़ा निर्देश दिया। हाई कोर्ट ने रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (डब्लूएफआई) से कहा है कि वह विनेश फोगाट को जारी किए गए कारण बताओ नोटिस पर दो सप्ताह के भीतर फैसला करे। न्यायमूर्ति स्वर्णा कांता शर्मा की पीठ ने इस मामले की सुनवाई के दौरान विनेश फोगाट की याचिका का निपटारा कर दिया। अदालत ने डब्लूएफआई को निर्देश दिया कि वह नोटिस पर फैसला लेने से पहले विनेश फोगाट को व्यक्तिगत रूप से अपना पक्ष रखने का पूरा अवसर दे।

# ताजमहल या तेजो महालय ? सरकार और एएसआई से मांगा गया जवाब

## सर्वे कराने की मांग की याचिका पर हाईकोर्ट ने जारी किया नोटिस

एजेंसी ▸▸ प्रयागराज

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने सोमवार को एक रिट याचिका पर केंद्र सरकार और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण से जवाबी हलफनामा मांगा है। इस याचिका में आगरा के ताजमहल परिसर में मंदिर होने का दावा किया गया है। यह याचिका आगरा जिला कोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर की गई है। जिला कोर्ट ने दीवानी न्यायाधीश (सीनियर डिवीजन) और अपर जिला न्यायाधीश ने



विवादित परिसरों का सर्वेक्षण करने के लिए अधिवक्ता आयोग गठित करने का आदेश पारित करने से इनकार कर दिया था। वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए पेश हुए अधिवक्ता हरिशंकर जैन ने दलील दी कि अधिवक्ता आयोग गठित करने और विवादित परिसरों की फोटोग्राफी के लिए उनका आवेदन गलत ढंग से खारिज किया गया।

### जवाबी हलफनामा दाखिलकरे सरकार

जैन की दलील सुनने के बाद जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल ने केंद्र सरकार और एएसआई को इस मामले में जवाबी हलफनामा दाखिल करने को कहा और इस रिट याचिका में चौथे प्रतिवादी पंकज कुमार वर्मा को भी नोटिस जारी किया। अधिवक्ता सौम्या श्रीवास्तव के मुताबिक, साल 2015 में एक वाद दायर किया गया था जिसमें यह घोषणा करने का अनुरोध किया गया था कि ताजमहल परिसर में भगवान श्री अग्रेश्वर महादेव नागनाथेश्वर विराजमान तेजो महालय मंदिर है। यह वाद आगरा के दीवानी न्यायाधीश (सीनियर डिवीजन) की अदालत में लंबित है। सौम्या श्रीवास्तव के मुताबिक, इस वाद के लंबित रहने के दौरान एक अधिवक्ता आयोग गठित करने के लिए आवेदन किया गया लेकिन जिला न्यायालय की दोनों अदालतों ने इस पर आदेश पारित करने से इनकार कर दिया।

## पहले नदी को पार करने के लिए बांस के अस्थायी पुल (बम्बू ब्रिज) या दूसरा सहारा लेना पड़ता था

**कुल 21 करोड़ की लागत, अक्टूबर 2025 में पूरा करने का था टारगेट, समय से पहले काम पूरा**

# 40 गांवों की 70 हजार से अधिक की आबादी को राहत, कार्बी आंगलोंग में धनसिरी नदी पर बना 4 किमी का पुल

विकास चौबे ▸▸ गुवाहाटी



40 गांवों की 70 हजार से अधिक की आबादी सालों से एक अदद पुल के लिए तरस रही थी। गुवाहाटी के कार्बी आंगलोंग में धनसिरी नदी को पार करने के लिए इन लोगों को बांस के अस्थायी पुल (बम्बू ब्रिज) या दूसरा सहारा लेने पड़ता था। पूरा रास्ता उबड़-खाबड़, कच्चा और मिट्टी का था, जिससे सामान्य दिनों में भी चलना दूभर रहता था। अब लेकिन भारत सरकार के पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय की 'उत्तर पूर्व विशेष बुनियादी ढांचा विकास योजना' (एनईएसआईडीएस) के तहत असम के पूर्वी कार्बी आंगलोंग और गोलाघाट जिलों को जोड़ने के लिए धनस्री नदी पर बने नए आरसीसी पुल और पक्की सड़क ने यहां के निवासियों को राहत दी है। यह परियोजना स्थानीय ग्रामीणों, छात्रों, दैनिक कामगारों और छोटे व्यापारियों के लिए एक वरदान साबित हो रही है। कारबी, अहोम, नेपाली, बोरो, मिसिंग, खामयांग और चाय बागान जनजातीय समुदायों के छोटे और सीमांत किसानों को अब जिला मुख्यालय जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र (दिफू) गुवाहाटी, गोलाघाट और पड़ोसी राज्य नागालैंड के बड़े व्यापारिक केंद्रों तक सीधी और त्वरित पहुंच मिल रही है। दरअसल लोक निर्माण विभाग (सड़क), असम सरकार के बारपाथर डिवीजन द्वारा इस 'आरसीसी ब्रिज संख्या 3/1 और एप्रोच रोड' का निर्माण राष्ट्रीय राजमार्ग-39 (सिलोनीजान स्टेट डिस्पेंसरी) से पनियाका बस्ती होते हुए धनस्री पार घाट तक कुल 4.00 किलोमीटर की कुल लंबाई में किया गया है। इसमें मुख्य पुल का स्पैन 102 मीटर लंबा है।

### बारिश में कट जाते थे 40 से अधिक गांव

इस अंचल में आए इस व्यापक बदलाव पर स्थानीय ग्रामीण खुश हैं। ग्रामीम नुवलश्याम कहते हैं कि पिछले 30 से 40 वर्षों से हम सभी यहां परेशान थे। मानसून शुरू होते ही जब नागालैंड के लाएसैंग से निकलने वाली बारहमासी धनस्री नदी में बाढ़ आती थी, तो यह पूरा इलाका देश के अन्य हिस्सों से पूरी तरह कट जाता था। उस दौर में मरीजों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं को अस्पताल ले जाने के लिए हमें अपनी जान जोखिम में डालकर छोटी नावों का सहारा लेना पड़ता था। अब सरकार ने इस नदी पर एक मजबूत आरसीसी पुल के साथ पक्की बारहमासी सड़क का निर्माण कर दिया है, जिससे हमारी दशकों पुरानी पीड़ा और मुख्यधारा से अलगाव की समस्या खत्म हो गई है।

### कृषि में रिकॉर्ड वृद्धि बच्चे पहुंचने लगे स्कूल

ग्रामीणों के मुताबिक परियोजना के निर्माण से पहले जहां सड़क और पुल नहीं होने से फसलें समय पर बड़े बाजारों तक नहीं पहुंच पाती थीं, वहीं, अब इस मार्ग के चालू होने से स्थानीय किसानों के कुल कृषि मुनाफे में 60 प्रतिशत की रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की गई है। इसी तरह शिक्षा के क्षेत्र में भी बड़ा सुधार हुआ है। पहले मानसून के दौरान भयानक बाढ़ आने और रास्ते पूरी तरह कीचड़ में तब्दील हो जाने के कारण बच्चे महीनों तक स्कूल-कॉलेज नहीं जा पाते थे, जिससे पढ़ाई बीच में ही छूट जाती थी। अब सुरक्षित और बारहमासी रास्ता उपलब्ध होने के कारण छात्र नियमित रूप से शिक्षण संस्थानों में जा रहे हैं, जिससे छात्रों की कुल उपस्थिति और उच्च शिक्षा के प्रति रुझान में 40 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है।

## कीव में 11 लोगों की मौत

# रूस का रातभर ड्रोन मिसाइल से हमला

एजेंसी ▸▸ कीव

रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव को निशाना बनाकर रविवार रातभर मिसाइल और ड्रोन हमले किए जिनमें कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई। प्राधिकारियों ने यह जानकारी दी। रूस द्वारा दागी गई सभी बैलिस्टिक मिसाइलें अपने निर्धारित लक्ष्यों तक सटीक तरीके से पहुंचीं। इससे यह स्पष्ट हुआ कि यूक्रेन के पास 'पैट्रियट इंटरसेप्टर' मिसाइलों की कमी लगातार गंभीर होती जा रही है। यह हमला यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की द्वारा राजधानी कीव पर रूस के एक और बड़े हमले की आशंका जताए जाने के कुछ घंटों बाद हुआ। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, इस हमले में 60 अन्य लोग घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि बचावकर्मी हमले में निशाना बनाई गई दो बहुमंजिला आवासीय इमारतों के मलबे में लोगों की तलाश में जुटे हैं।

### अब तक 16000 की मौत

संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक यूक्रेन में 16,000 से अधिक नागरिकों की मौत हो चुकी है। इससे पहले, जेलेंस्की ने रविवार देर रात 'टेलीग्राम' पर एक पोस्ट में पश्चिमी सहयोगी देशों से यूक्रेन की वायु रक्षा प्रणाली को और मजबूत करने की अपील दोहराई। उन्होंने विशेष रूप से अधिक पैट्रियट मिसाइलें उपलब्ध कराने का आग्रह करते हुए कहा कि यदि इन मिसाइलों की कमी पूरी नहीं की गई, तो इससे रूस का मनोबल बढ़ेगा।

## जिंदल स्टेनलेस ने मेहता को सीएफओ किया नियुक्त

**नई दिल्ली।** जिंदल स्टेनलेस ने कुंजल मेहता को कंपनी का मुख्य वित्त अधिकारी नियुक्त करने की सोमवार को घोषणा की। स्टेनलेस स्टील बनाने वाली कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा कि उनकी नियुक्ति 25 जून से प्रभावी है। जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने कहा, कुंजल के पास कॉरपोरेट वित्त, कोष, धन जुटाने और कारोबारी बदलाव सहित विभिन्न क्षेत्रों में गहरी विशेषज्ञता है। साथ ही बड़े एवं जटिल संगठनों में मूल्य सृजन का उनका मजबूत अनुभव भी है।

# यूजरनेम विवाद : व्हाट्सऐप को जवाब देने मिला अतिरिक्त समय

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मेटा के स्वामित्व वाले त्वरित संदेश मंच व्हाट्सऐप को विवादित 'यूजरनेम' फीचर पर अपना जवाब दाखिल करने के लिए केंद्र सरकार ने अतिरिक्त समय दिया है। सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

- व्हाट्सऐप का आश्वासन, सरकार से चर्चा के बाद ही भारत में लागू करेंगे

सूत्रों के मुताबिक, व्हाट्सऐप ने आश्वासन दिया है कि सरकार के साथ चर्चा पूरी नहीं होने तक इस फीचर को भारत में लागू नहीं किया जाएगा। सूत्रों ने बताया कि व्हाट्सऐप को सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) मंत्रालय के नोटिस पर जवाब देने के लिए तीन दिन का अतिरिक्त समय दिया गया है। पहले जवाब देने की अंतिम तिथि शुक्रवार निर्धारित थी।


### आईटी मंत्रालय ने मेटा को जवाब देने तीन दिन अतिरिक्त दिया

#### धोखाधड़ी के मामलों में वृद्धि हो सकती है

यूजरनेम फीचर के तहत उपयोगकर्ता फोन नंबर साझा नहीं करने के बावजूद मैसेजिंग मंच पर संवाद या चैट कर सकेंगे। केंद्र सरकार ने पिछले सप्ताह इस प्रस्तावित फीचर को लेकर मेटा को नोटिस जारी किया था और आशंका जताई थी कि इससे ऑनलाइन धोखाधड़ी, फिशिंग, डिजिटल अरेस्ट जैसे घोटाले और प्रतिरूपण के मामलों में वृद्धि हो सकती है।

#### व्हाट्सऐप के भारत में 50 करोड़ उपयोगकर्ता

कंपनी ने यह भी कहा था कि यूजरनेम के साथ धोखाधड़ी रोकने के लिए कई स्तर की सुरक्षा व्यवस्था विकसित की गई है। आईटी मंत्रालय ने टेलीग्राम और सिग्नल को भी नोटिस जारी कर उनके मौजूदा यूजरनेम फीचर को लेकर सवाल उठाए हैं और धोखाधड़ी एवं प्रतिरूपण से जुड़े जोखिमों से निपटने के तरीकों के बारे में जानकारी मांगी है। व्हाट्सऐप के भारत में लगभग 50 करोड़ उपयोगकर्ता हैं, जबकि टेलीग्राम का दायरा इससे काफी कम है।



*सरकार ने प्रक्रिया पूरी होने तक फीचर को रोकने कहा*

*सरकार ने इस फीचर को परामर्श प्रक्रिया पूरी नहीं होने तक रोकने को भी कहा था। मेटा की एक टीम ने पिछले शुक्रवार को आईटी मंत्रालय के अधिकारियों के साथ बैठक भी की थी। नोटिस में सरकार ने मेटा से यह स्पष्ट करने को कहा था कि ऐसे फीचर के चलते साइबर अपराध बढ़ने की आशंका को देखते हुए आईटी अधिनियम और संबंधित नियमों के तहत कार्रवाई क्यों न की जाए।*

#### सामग्री के प्रसार पर सख्ती बरतने का निर्देश

हाल के दिनों में मेटा और टेलीग्राम अन्य मुद्दों को लेकर भी नियामकीय जांच के दायरे में रहे हैं। सरकार ने इंस्टाग्राम पर बाल यौन शोषण सामग्री से जुड़े विज्ञापनों के मामले में मेटा को नोटिस जारी किया है, जबकि टेलीग्राम को पायरेटेड फिल्में और अन्य ऑडियो-विजुअल सामग्री के प्रसार पर सख्ती बरतने का निर्देश दिया गया है।

#### यूजरनेम फीचर अभी चालू नहीं: कंपनी

व्हाट्सऐप को इस संदर्भ में भेजे गए ईमेल का तत्काल कोई जवाब नहीं मिला। हालांकि, कंपनी के प्रवक्ता ने पिछले सप्ताह कहा था कि यूजरनेम फीचर अभी लागू नहीं है और इसे इस वर्ष बाद में चरणबद्ध तरीके से पेश किया जाएगा। प्रवक्ता के मुताबिक, किसी अन्य व्यक्ति का नाम, पहचान या प्रोफाइल इस्तेमाल कर लोगों को गुमराह करना यानी प्रतिरूपण से बचाव के लिए सार्वजनिक हस्तियों, सरकारी संस्थाओं और सत्यापित खातों से जुड़े प्रमुख नामों को सुरक्षित रखा गया है।

# 'भारत टैक्सी' की तर्ज पर नई सहकारी जीवन बीमा कंपनी बनेगी: अमित शाह

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में सहकारिता मंत्रालय के पांचवें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने भारत के सहकारी तंत्र की विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए पेशेवरों की नियुक्तियों में भ्रष्टाचार समाप्त करने पर जोर दिया। भारत में लगभग 8.5 लाख सहकारी संस्थाएं हैं, जिनके 30 करोड़ से अधिक सदस्य हैं।



#### भारत टैक्सी का विस्तार 500 शहरों तक किया जाएगा

मंत्री ने मंत्रालय की ओर से उठाए गए कदमों का उल्लेख किया, जिनमें सहकारी तंत्र में पारदर्शिता और पेशेवर व्यवस्था लाने के प्रयास शामिल हैं। मंत्री ने कहा कि सहकारी मॉडल के तहत शुरू की गई कैब सेवा से जुड़े मंच 'भारत टैक्सी' का प्रदर्शन अच्छा रहा है और अगले दो वर्षों में इसका विस्तार 500 शहरों तक किया जाएगा।

#### इफको-टोकियो पहले से बीमा कारोबार में

सहकारिता मंत्री ने कहा, भारत टैक्सी' की तर्ज पर हम सहकारी क्षेत्र में एक जीवन बीमा कंपनी स्थापित करेंगे। इससे बीमा क्षेत्र में सहकारी संस्थाओं के विकास में मदद मिलेगी।' उन्होंने कहा कि उर्वरक क्षेत्र की सहकारी संस्था इफको का संयुक्त उद्यम इफको-टोकियो पहले से ही बीमा कारोबार में है। भारत में वर्तमान में 26 जीवन बीमा कंपनियां हैं।

#### 54,000 से अधिक पैक्स कार्य कर रहे

मंत्री ने कहा कि सहकारी संस्थाओं ने डेयरी, चीनी, उर्वरक और बैंकिंग जैसे पारंपरिक क्षेत्रों से आगे बढ़ते हुए कई नए क्षेत्रों में भी प्रवेश किया है। कुल 394 प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों (पैक्स) ने खुदरा ईंधन बिक्री केंद्र के लिए आवेदन किया है, जिनमें से तीन चालू हो चुके हैं। 54,000 से अधिक पैक्स साझा सेवा केंद्र (सीएससी) के रूप में कार्य कर रहे हैं।

# सीएम ने भोपाल में औद्योगिक पार्क की आधारशिला रखी

**भोपाल।** मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सोमवार को मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के सतगढ़ी इलाके में एक औद्योगिक पार्क का भूमि-पूजन किया और कहा कि इसे देश के पहले उद्योग मंत्री डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम से जाना जाएगा। भारतीय जनसंघ के संस्थापक और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विचारक रहे मुखर्जी की जयंती के अवसर पर यहां आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 173 एकड़ में बनने वाला इस औद्योगिक पार्क की आधारशिला रखी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पार्क भोपाल एवं आसपास के क्षेत्रों में औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार का नया आधार बनेगा। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से 15 हजार से अधिक प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे।




### छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग, नवा रायपुर

**"केविएट - सूचना"**

क्रमांक LAW-42028/277/2025-CGPSC LAW SECTION
नवा रायपुर दिनांक //2026

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के विज्ञापन क्रमांक 02/2026/परीक्षा/दिनांक 08.05.2026 रोजगार नियोजन में प्रकाशन की तिथि 13.05.2026 के द्वारा राज्य अभियांत्रिकी सेवा परीक्षा-2026 के कुल-46 पद विज्ञापित किए गए हैं।

2/उक्त विज्ञापन के अंतर्गत विज्ञापित पद हेतु चयन प्रक्रिया प्रारंभ किया जाना है। अभ्यर्थियों द्वारा किसी भी कारण को आधार बनाते हुए आयोग के उक्त परीक्षा के आयोजन, परीक्षा परिणाम एवं अंतिम चयन सूची परिणाम की कार्यवाही को निरस्त करने/ स्थगित करने अथवा किसी भी प्रकार के अनुतोष को प्राप्त करने के लिए कोई भी रिट याचिका अथवा कार्यवाही माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की जाती है, तो ऐसी याचिका में उपरोक्त किसी भी प्रकार के अनुतोष को प्रदान किए जाने के पूर्व आयोग को सुनवाई का अवसर प्रदान किए जाने हेतु आयोग की ओर से एक केविएट आवेदन पत्र आयोग के प्राधिकृत अधिवक्ता श्री आनंद मोहन तिवारी (**मो0नं0-98261-94499,** ईमेल- **anand_tiwari71@yahoo.com**) के माध्यम से माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष एक केविएट आवेदन पत्र प्रस्तुत किया जा रहा है, जिस हेतु यह सूचना-पत्र का प्रकाशन किया जा रहा है।

**सचिव**
**छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग,**
**नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.)**

**जी. 262701917/2**



### छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
### कार्यालय मुख्य अभियंता, महानदी परियोजना, जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)

**ई. प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**

**(प्रथम आमंत्रण)**

सिस्टम निविदा क्र. 194542/निविदा सूचना क्र. 01 / व.ले.लि./2026-27
दि. 03.07.2026

निम्नलिखित कार्य के लिए दिनांक 24.07.2026 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है :-

कार्य का नाम रायपुर जिले के विकासखंड आरंग के राजीव समोदा निसदा व्यपवर्तन योजना के (प्रथम चरण) वितरक शाखा क्र. 23 के माईनरों के लाईनिंग का कार्य।
अनुमानित लागत रू. 371.76 लाख (जी.एस.टी. छोड़कर)
(एस.ओ.आर. दिनांक 01.05.2025 से प्रचलित (यथा संशोधित दिनांक 08.08.2025))

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 10.07.2026 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।

नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है। इस निविदा में जल संसाधन विभाग द्वारा जारी निविदा पूर्व अर्हता प्रमाण पत्र जिसकी वैधता दिनांक 30.09.2026 तक है, वह लागू होगी।।

**कार्यपालन अभियंता**
**म.ज.प. द्वितीय चरण कार्य संभाग, रायपुर**
**कृते मुख्य अभियंता महानदी परियोजना**
**जल संसाधन विभाग, रायपुर, छ.ग.**

**जी. 262701893/5**


## भारत की ऊर्जा प्रणाली पर पड़ेगा अल नीनो का सबसे ज्यादा असर : रिपोर्ट



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

- सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर ने जारी की रिपोर्ट
- हवा और बारिश में कमी से टर्बाइन और पनबिजली का उत्पादन घटेगा

इस साल का अल नीनो का असर भारत की उर्जा प्रणाली पर दुनिया में सबसे अधिक देखने को मिलेगा। सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर के एक नए विश्लेषण में यह निष्कर्ष निकाला गया है। अल नीनो मौसम का एक ऐसा चक्र है जो बार-बार आता है और जिससे दुनिया का तापमान बढ़ता है। भारत के सामने दोहरी चुनौती है-अल नीनो की वजह से हवा और बारिश में कमी आने से टर्बाइन और पनबिजली उत्पादन तो घटेगा ही, साथ ही तापमान बढ़ने से एसी की मांग भी बढ़ेगी, जिसमें बहुत ज्यादा बिजली खर्च होती है। एक साल के अंदर ठंडक प्रदान करने वाले उपकरणों से ज्यादा इस्तेमाल से अतिरिक्त मांग कुल मिलाकर 10 टेरावाट घंटे (टीडब्ल्यूएच) हो सकती है जो दिल्ली की सालाना बिजली खपत का एक चौथाई हिस्सा है। यह विश्लेषण जुलाई, 2026 से जून, 2027 तक भारत के बिजली क्षेत्र पर ला नीना से अल नीनो में होने वाले बदलाव के असर का मॉडल तैयार करता है। ला नीना, अल नीनो का ठंडा चरण है। सौर ऊर्जा बिजली की 24 फीसदी मांग पूरी कर रही हालांकि, विश्लेषण में एक विकल्प भी बताया गया है - सौर ऊर्जा।

#### सौर ऊर्जा उत्पादन पर असर कम पड़ेगा

सौर ऊर्जा उत्पादन पर अल नीनो का असर भी बहुत कम होता है, जिसका मतलब है कि भारत द्वारा लगाया गया हर अतिरिक्त सौर पैनल और बैटरी ग्रिड को इस तरह के चरम मौसम के हालात से निपटने के लिए तैयार करने में मदद करता है।


### कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) रायगढ़ एवं भू-अर्जन अधिकारी रायगढ़ (छ.ग.)

**// सूचना पत्र //**

क्रमांक 1623 / अ.वि.अ/भू-अर्जन / 2026
रायगढ़ दिनांक 03.07.2026

भूमि अर्जन, पुर्नवास और पुर्नव्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता का अधिकार (सामाजिक समाघात सहमति तथा सुनवाई) नियम 2016 के तहत गोपालपुर से भिखारीमाल मार्ग लंबाई 02 कि.मी. निर्माण हेतु प्रभावित ग्राम गोपालपुर में सामाजिक समाघात निर्धारण हेतु जनसुनवाई दिनांक 08.07.2028 को समय प्रात: 11:00 बजे स्थान- पंचायत भवन गोपालपुर में नियत की गयी है। अपरिहार्य कारणों से ग्राम गोपालपुर में सामाजिक समाघात निर्धारण हेतु जनसुनवाई समय प्रात: 11:00 बजे के स्थान पर प्रात: 09:00 बजे, पंचायत भवन गोपालपुर में नियत किया जाता है।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं**
**भू-अर्जन अधिकारी रायगढ़ (छ.ग.)**

**जी. 262701908/1**



### कार्यालय अधिष्ठाता राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)
Telephone No. 07774.297800
E.mail deanmedicalcollegesurguja@gmail.com

क्रमांक/2718/ शाचिम/स्था./ 2026 अम्बिकापुर, दिनाँक 03/07/2026

**Advertisement for Walk-In-Interview**

छत्तीसगढ़ शासन, चिकित्सा शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर के आदेश क्रमांक: एफ 3-53/2012/नौ/55-4 नया रायपुर, दिनाँक 27/05/2016 द्वारा प्रदत्त अधिकारों के अनुपालन में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अम्बिकापुर के विभिन्न विभागों में प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी के चिकित्सा शिक्षकों/ चिकित्सकों/ रेसीडेंट चिकित्सकों के रिक्त पदों को संविदा आधार पर भरने हेतु अधिष्ठाता कार्यालय के कॉलेज काउंसिल हॉल में प्रत्येक माह के द्वितीय एवं चतुर्थ बुधवार को प्रात: 11:00 बजे से सायं 04:00 तक वॉक-इन-इन्टरव्यू आयोजित किया जाएगा। उक्त दिवस शासकीय अवकाश होने पर उसके अगले कार्यदिवस को आयोजित की जावेगी।

उक्त पदों पर भारतीय चिकित्सा परिषद के मापदण्ड के अनुसार अर्हता (अधिकतम 70 वर्ष तक की आयु) रखते हों, इच्छुक उम्मीदवार आवेदन पत्र मय आवश्यक दस्तावेज वॉक-इन-इन्टरव्यू में स्वयं के व्यय पर उपस्थित हो सकते हैं।

**उक्त पद में आरक्षण नियम का पालन शासन के निर्देशानुसार करते हुए संविदा नियुक्ति की कार्यवाहीं की जा सकेगी।**

रिक्त पदों की जानकारी एवं वॉक-इन-इन्टरव्यू में उपस्थित होने संबंधित आवश्यक जानकारी महाविद्यालय की वेबसाइट- **www.gmcambikapur.co.in** का अवलोकन कर सकते हैं अथवा महाविद्यालय के ई-मेल **deanmedicalcollegesurguja@gmail.com** अथवा दूरभाष 07774-299312 पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

**अधिष्ठाता**
**राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव**
**शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय**
**अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)**

**जी. 262701916/2**



### OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER PUBLIC WORKS DEPARTMENT, E/M CIRCLE, RAIPUR (C.G.)

**e-Procurement Tender Notice**

Online tenders are invited on behalf of Governor of Chhattisgarh from contractors, C.G. P.W.D in new Registration system (unified Registration system) for the following work :-

| NIT No. | Name of work | Probable amount of contract |
|---|---|---|
| 58/SE E/M/2025 (1 Call) System Tender No.194670 Registered contractor class in "C" & above For Form A (Percentage Rate Basis) | PERSPECTIVE WORK LINE SHIFTING OF LT LINE, 11 KV LINE, 11 KV DP, TRANSFORMER AND 33KV LINE AND DP AT E/M SUB-DIVISSION DURG, DISTT. DURG (C.G) | Rs 199.56 Lacs |
| 60/SE E/M/2025 (I Call) System Tender No. 194676 Registered contractor class in "C" & above For Form A (Percentage Rate Basis) | SHIFTING OF LT LINE, 11KV LINE, 11KV DP, TRANSFORMER AND 33KV LINE AND 33KV DP AT PULGAON PUL MUKHYA MARG TO ANJORA PAHUCH MARG FOUR LANE ROAD LENGTH 5.275 KM DISTRICT DURG (JALBANDHA ROAD) (C.G.) | Rs 173.09 Lacs |

Date of bid submission 20.07.2026 The tender documents can be downloaded from the web-portal http://eproc.cgstate.gov.in. Only those contractors/bidders, interested in bidding shall pay the tender document cost online.

**Superintending Engineer**
**P.W.D., E/M Circle Raipur (C.G.)**

**G.- 262701919/5**



### छत्तीसगढ शासन, जल संसाधन विभाग
### कार्यालय कार्यपालन अभियंता, केलो परियोजना सर्वेक्षण संभाग रायगढ़ जिला-रायगढ़ (छ.ग.)

**ई- प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 24.07.2026 समय 17:30 तक ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

| सिस्टम निविदा क्रमांक | निविदा सूचना क्रमांक एवं दिनांक | कार्य का नाम | निविदा की लागत (लाख में) | आमंत्रण का क्रमांक |
|---|---|---|---|---|
| 194649 | 01/व.ले.लि./ 2026-2027 दिनांक 03.07.2026 | केलो परियोजना के झारमुड़ा शाखा नहर के बांये तट पर आर.डी. 810 मी. से आर.डी. 12390 मी. तक सीमेंट कांक्रीट सड़क का निर्माण कार्य। | 731.39 (जी.एस.टी. छोड़कर) | प्रथम आमंत्रण |
| 194653 | 02/व.ले.लि./ 2026-2027 दिनांक 03.07.2026 | केलो परियोजना के शारदा वितरक नहर के आर.डी. 0 मी. से आर.डी. 8340 मी. तक शेष मिट्टी कार्य, 1 नग पक्के कार्य एवं 17 नग डायरेक्ट आउट लेट का निर्माण कार्य। | 61.74 (जी.एस.टी. छोड़कर) | प्रथम आमंत्रण |

(विभाग के एस.ओ.आर. दिनांक 01.08.2010 एवं संशोधित दर दिनांक 23.04.2026 पर आधारित)

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 10-07-2026 समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।

नोट: निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है। अन्य निविदा संबंधी शर्तें. विभाग के साईट https://eproc.cgstate.gov.in में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

**कार्यपालन अभियंता**
**केलो परियोजना सर्वेक्षण संभाग रायगढ़**
**जिला-रायगढ़ (छ.ग.)**

**जी. 262701926/1**


## राशिफल

**मेष** – धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** – वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** – शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** – आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** – सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** – किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** – शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।


**धनु** – आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** – मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** – परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

## शब्द पहेली - 6279



**बाएँ से दाएँ**
1.बलवान,ताकतवर-4
3.गाल,कपोल(ऊर्दू)-4
6.अनाज, धान-2
7.अवनति-3
8.जीवन तत्व-2
10.पुलिसकर्मी-4
11.भीगा हुआ-2
13.घमंडी,अभिमानी-4
15.दर्शन-3
17.अजदहा,शयालु-4
20.वायु रोग-2
21.दोस्त,सखा-3
23.ख्वाब,स्वप्न-3
25.अपशिष्ट पदार्थ-2
26.जंगल की आग-4
29.पुत्र,लड़का-3
31.पैगंबर,महापुरुष-4
32.राय,वोट-2
34.आफिस,दफ्तर-4
35.बीज,वीर्य-2
37.घर,भवन-3
39.सप्तम-2
40.आक्रमण,हमला-4
41.बलवान,सबल-4

**ऊपर से नीचे**
1.एक छोटी डबलरोटी-2
2.धर्मेंद्र,जीनत की एक फिल्म जो हीरे की चोरी पर बनी थी-4
3.मौसम,ऋतु-2
4.खोदना-3
5.छुट्टी,अवकाश-2
6.उदास,दुखी-4
7.पंख,पराया-2
9.जहीनता-4
10.आवश्यकता-4
12.अभिमान,गरूर-2
14.अग्नि,अनल-2
16.विदा होना-3
18.कुशल-3
19.फलों का रस-2
21.संगम,मिलना-3
22.वायदा-2
24.हार,मात-4
25.स्वार्थी-4
27.दीवार (अंग्रेजी-2)
28.आदत-4
30.यमराज-2
31.उथल-पुथल-4
33.पदक-3
34.श्रवणेंद्रिय-2
36.जीत,विजय-2
38.छोटी सवारी गाड़ी-2
39.पत्नी की बहन-2

### शब्द पहेली- 6278 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ना | द | र | णी | य | ■ | प्र | क्षे | प | क |
| सं | ग | ■ | दे | ■ | कृ | पा | ण | ■ | र | म |
| वै | ■ | अ | दा | व | त | ■ | य | हां | ■ | जो |
| धा | रा | दा | र | ■ | ■ | अ | ■ | का | त | र |
| नि | ■ | व | ■ | प्र | क्षा | ल | न | ■ | म | ■ |
| क | म | त | र | ता | ■ | सा | ग | र | गा | मी |
| ■ | लि | ■ | स | र | मा | या | ■ | द | ■ | न |
| बे | का | बू | ■ | णा | ■ | ■ | स | न | या | सी |
| क | ■ | आ | स | ■ | अ | द | र | क | ■ | लै |
| द | म | ■ | ब | ड़ा | र | ■ | दा | ■ | ता | व |
| र | सा | त | ल | ■ | ज | ही | न | कु | श | ल |

## सूडोकु नवताल - 6289

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | | 9 | | | |
| | 2 | | | 8 | 4 | | | |
| 8 | | | | | | 3 | | |
| | | | | | | | 9 | 4 |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 5 | 6 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 9 |
| | | | 2 | 5 | | | 8 | |
| | | | 6 | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

### सूडोकु नवताल - 6288 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 6 | 4 | 2 | 3 | 5 | 7 | 9 | 1 | 8 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 1 | 4 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 5 | 8 | 4 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 6 |
| 7 | 5 | 6 | 1 | 9 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 3 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 1 |
| 2 | 1 | 4 | 6 | 7 | 3 | 5 | 8 | 9 |

# मंडल के 13 स्टेशनों में नई सिग्नल व्यवस्था के लिए 226 करोड़ मंजूर

## दुर्ग-ताडोकी रेलखंड पर पैनल की जगह लगेगी अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली, ट्रेनों की लेटलतीफी से मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारतीय रेलवे ने ट्रेन यात्रा को और अधिक सुरक्षित और विश्वसनीय बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल अंतर्गत आने वाले दुर्ग-ताडोकी रेलखंड के 13 स्टेशनों पर अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग, ईआई प्रणाली लगाने के लिए 226 करोड़ रुपये की परियोजना को मंजूरी दे दी गई है।

वर्तमान में इन सभी स्टेशनों पर पुरानी पैनल इंटरलॉकिंग, पीआई प्रणाली काम कर रही है, जिसे अब नई तकनीक से बदला जाएगा। इस बदलाव से इस महत्वपूर्ण रेल रूट पर सिग्नल व्यवस्था का तेजी से आधुनिकीकरण होगा और ट्रेनों का संचालन पूरी तरह से सुरक्षित व तकनीक-आधारित हो सकेगा।

*अब हाईटेक सिग्नल सिस्टम से और सुरक्षित होगा सफर*






### यात्रियों को मिलेंगे बेहतर सुरक्षा और समय की पाबंदी के फायदे

इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली एक अत्याधुनिक सिग्नलिंग तकनीक है, जो उन्नत सुरक्षा सुविधाओं के साथ रूट तय करने और सिग्नल देने के काम को पूरी तरह स्वचालित, ऑटोमैटिक बना देती है। इस उन्नत प्रणाली के लागू होने से सिग्नल फेल होने की आशंका बेहद कम हो जाएगी और यदि कभी कोई तकनीकी बाधा आती भी है, तो उसे बहुत तेजी से ठीक किया जा सकेगा। इससे ट्रेनें बेवजह रास्तों पर नहीं रुकेंगी, जिससे उनकी समय की पाबंदी में बड़ा सुधार होगा और यात्री समय पर अपने गंतव्य तक पहुंच सकेंगे। साथ ही, यह परियोजना दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नेटवर्क पर भविष्य में बढ़ने वाले यात्री और मालगाड़ियों के भारी ट्रैफिक को सुरक्षित रूप से संभालने के लिए एक मजबूत तकनीकी आधार प्रदान करेगी।

### 13 स्टेशनों का होगा आधुनिकीकरण

रेलवे द्वारा स्वीकृत इस परियोजना के तहत रायपुर मंडल के दुर्ग-ताडोकी खंड पर स्थित जिन 13 स्टेशनों पर नई इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली स्थापित की जाएगी, उनमें मारौदा, रिसमा, गुंडरदेही, लाटाबोर, बालोद, कुसुमकासा, दल्लीराजहरा, गुदुम, भानुप्रतापपुर, केवटी, अंतागढ़, ताडोकी और रायपुर स्टोर डिपो (आरएसडी) शामिल हैं। इन सभी स्टेशनों पर पुरानी प्रणाली को हटाकर नई तकनीक लगाए जाने से पूरे सेक्शन में रेल परिचालन की दक्षता और विश्वसनीयता में जबरदस्त सुधार देखने को मिलेगा।

# अब एटीएम सेंटर से निकलेगा पीडीएस चावल

रायपुर। सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत अब तक उचित मूल्य की दुकानों से ही हितग्राहियों को पीडीएस चावल का वितरण किया जाता है, लेकिन अब हितग्राहियों को सुविधा देने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेश में ग्रेन एटीएम सेंटर खोलने का निर्णय लिया है। इस एटीएम से रुपयों की जगह पीडीएस चावल निकलेगा।

- **हितग्राहियों को कार्ड का आईडी नंबर डालकर लगाना होगा फिंगर**

यह ग्रेन एटीएम भी बैंकों के एटीएम सेंटरों की तरह 24 घंटे खुले रहेंगे, जिससे हितग्राही अपनी सुविधा के अनुसार किसी भी समय एटीएम सेंटर में जाकर चावल निकाल पाएगा। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि एटीएम सेंटर के खुलने से उचित मूल्य की दुकानों में लगने वाली भीड़ कम होगी, जिससे हितग्राहियों के समय की बचत के साथ लाइन में लगना भी नहीं पड़ेगा।

**पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में रायपुर, दुर्ग- बिलासपुर में एक-एक एटीएम सेंटर खुलेंगे**-खाद्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार ग्रेन एटीएम सेंटर की सुविधा पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में लाया गया है। इसके लिए रायपुर, दुर्ग एवं बिलासपुर को चुना है, जहां एक-एक ग्रेन टीएम सेंटर खोलने की तैयारी की जा रही है। रायपुर में ग्रेन एटीएम सेंटर खोलने के लिए स्थान भी चिन्हांकित कर लिया है। रावांभाठा क्षेत्र में आरटीओ दफ्तर के पीछे इलाके में एक सरकारी भवन में एटीएम सेंटर खोला जाएगा। इस भवन का खाद्य विभाग एवं नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारी निरीक्षण भी कर चुके है। जल्द ही इसे ग्रेन एटीएम सेंटर का रूप दिया जाएगा। इसे सफलता मिलने के बाद पूरे प्रदेश में इसे लागू किया जाएगा।



### ट्रायल के रूप में खोलने की तैयारी

ट्रॉयल के रूप में पहला ग्रेन एटीएम सेंटर खोलने की तैयारी की जा रही है। स्थान का चयन कर लिया है। जल्द ही अन्नपूर्णा मशीन सहित पूरा सेटअप स्थापित कर एटीएम सेंटर खोला जाएगा।
- भूपेंद्र मिश्रा, खाद्य नियंत्रक रायपुर

### आईडी नंबर डालने के बाद फिंगर करना होगा स्कैन

उचित मूल्य की दुकान में ईपॉस मशीन में जिस तरह से खाद्यान्न लेने के लिए हितग्राही को प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है, लगभग वहीं प्रक्रिया एटीएम सेंटर में पीडीएस चावल निकालने के दौरान पूरी करनी होगी। दोनों अंतर यह है कि एटीएम सेंटर में हितग्राही स्वयं से अन्नपूर्णा मशीन में पहले राशन कार्ड की आईडी डालेगा और फिर फिंगर स्कैन करेगा। इसके साथ ही कार्ड के सदस्यों की संख्या के अनुसार चावल मशीन से निकलेगा, जिसे हितग्राही थैले या बोरे में ले सकेंगे।

## निजी औद्योगिक पार्क, लॉजिस्टिक हब, फ्लैटेड फैक्टरी और मिनी मॉल परियोजनाओं को मिलेगा लाभ

# उद्योगों को बढ़ावा देने बड़ा फैसला : छत्तीसगढ़ में जमीन डायवर्सन शुल्क में मिलेगी 100 फीसदी तक की छूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य में औद्योगिक निवेश और लॉजिस्टिक्स अवसंरचना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भूमि उपयोग परिवर्तन (डायवर्सन) शुल्क में बड़ी राहत देने का फैसला किया है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों से लेकर बड़े उद्योगों, निजी औद्योगिक पार्कों, लॉजिस्टिक हब और प्लग एंड प्ले औद्योगिक परियोजनाओं के लिए डायवर्सन शुल्क में 50 से 100 प्रतिशत तक की छूट का प्रावधान किया है। इसके साथ ही इस संबंध में 14 सितंबर 2022 को जारी आदेश निरस्त कर दिया गया है।

औद्योगिक निवेश आकर्षित करने की पहलआदेश के अनुसार, राज्य की लागू औद्योगिक विकास नीति और लॉजिस्टिक्स नीति के तहत पात्र इकाइयों को निर्धारित शर्तों के अनुरूप यह रियायत मिलेगी। सरकार का उद्देश्य औद्योगिक परियोजनाओं की शुरुआती लागत कम करना और निजी निवेश को प्रोत्साहित करना है।



### पुरानी अधिसूचना निरस्त

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि यह आदेश छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता, 1959 की धारा 59(2) के तहत जारी किया गया है तथा 14 सितंबर 2022 में जारी आदेश को प्रतिस्थापित करेगा। नई व्यवस्था राज्य सरकार की औद्योगिक विकास नीति एवं लॉजिस्टिक्स नीति में निर्धारित शर्तों के अधीन लागू होगी।

### किन्हें कितनी मिलेगी छूट

आदेश के अनुसार पात्र सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को औद्योगिक प्रयोजन के लिए अधिकतम 15 एकड़ भूमि के डायवर्सन पर 50 प्रतिशत शुल्क छूट मिलेगी। पात्र बड़े उद्योगों को औद्योगिक अथवा वाणिज्यिक उपयोग के लिए अधिकतम 50 एकड़ भूमि तक 50 प्रतिशत छूट दी जाएगी।वहीं, कम से कम 15 एकड़ भूमि विकसित करने वाले पात्र निजी औद्योगिक क्षेत्र अथवा औद्योगिक पार्कों को 100 प्रतिशत तक डायवर्सन शुल्क से छूट मिलेगी। इसी प्रकार निजी प्लग एंड प्ले इंफ्रास्ट्रक्चर तथा फ्लैटेड फैक्टरी परियोजनाओं को भी पूर्ण शुल्क माफी प्रदान की जाएगी।

### लॉजिस्टिक हब और मिनी मॉल भी दायरे में

सरकार ने लॉजिस्टिक हब, लॉजिस्टिक पार्क, ड्राई पोर्ट, इनलैंड कंटेनर डिपो, एयर कार्गो टर्मिनल, गति शक्ति कार्गो टर्मिनल तथा ट्रांसपोर्ट हब एवं फ्रेट स्टेशन जैसी परियोजनाओं के लिए भी डायवर्सन शुल्क में 100 प्रतिशत छूट का प्रावधान किया है।इसके अलावा नगरीय क्षेत्रों में अथवा विकासखंड मुख्यालय से 10 किलोमीटर की परिधि के भीतर स्थित गैर-नगरीय क्षेत्रों में मल्टीप्लेक्स सुविधा वाले पात्र मिनी मॉल स्थापित करने पर भी भूमि उपयोग परिवर्तन शुल्क पूरी तरह माफ रहेगा।

# केदार ने कहा- सरकार संवेदनशील सुशील बोले- ग्रामीणों से माफी मांगे

रायपुर। नकटी में ग्रामीणों का आवास तोड़े जाने के मामले में सियासत गरमा गई है। मामले में वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा है कि, इस प्रकरण को लेकर कांग्रेस द्वारा राज्य सरकार पर लगाए जा रहे आरोप पूरी तरह निराधार, भ्रामक और राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित हैं। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, भाजपा सरकार ने नकटी में ग्रामीणों के मकानों को बरसात के मौसम में तोड़ने का महापाप किया है, गरीबों के आवास को उजाड़ने के बाद अपना पाप छिपाने के लिए भाजपा के नेता रोज झूठ बोल रहे हैं। सरकार बताये कि उसने नकटी के ग्रामीणों के मकानों को क्यों तोड़ा?

मंत्री केदार कश्यप ने कहा, जिस भूमि को लेकर आज कांग्रेस राजनीति कर रही है, उसके आबंटन की प्रक्रिया 1 सितंबर 2020 से तत्कालीन कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में प्रारंभ हुई थी। राजस्व अभिलेखों में स्पष्ट उल्लेख है कि यह भूमि हाउसिंग बोर्ड को आबंटित किए जाने के लिए प्रस्तावित थी। उन्होंने कहा, जिला प्रशासन ने इस पूरे प्रकरण में लगातार विधिसम्मत कार्रवाई करने का प्रयास किया।

### अकबर का पलटवार

ग्राम नकटी की जमीन को लेकर नया राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। हाउसिंग बोर्ड के चेयरमैन अनुराग सिंहदेव के बयान पर पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर ने पलटवार किया है। मोहम्मद अकबर ने 4 अक्टूबर 2024 को आवास पर्यावरण विभाग के सचिव द्वारा कलेक्टर को लिखे गए पत्र का हवाला दिया। उन्होंने दावा किया कि इस पत्र में साफ तौर पर सांसद-विधायक कॉलोनी के लिए 72 एकड़ जमीन खाली कराकर हाउसिंग बोर्ड को सौंपने की बात कही गई है। पूर्व मंत्री ने सवाल उठाया कि क्या कोई वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अपने विभागीय मंत्री की सहमति के बिना ऐसा पत्र जारी कर सकता है? उन्होंने इसे नामुमकिन बताया। मोहम्मद अकबर ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी के नेता अपनी गलतियों को छुपाने के लिए लगातार विरोधाभासी और बेबुनियाद बयान दे रहे हैं।

### गरीबों का मकान तोड़कर अराजकता फैला रही सरकार

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, प्रदेश में लोगों पर अत्याचार करके आम आदमी के मकानों को तोड़ कर अराजकता सरकार फैला रही और गरीबों की आवाज उठाने पर कांग्रेस पर अराजकता फैलाने का बेशर्मीपूर्वक आरोप पर लगा रही है। भाजपाई मंत्री, कांग्रेस पर आरोप लगाकर अपने सरकार के अपराध को छुपा नहीं सकते। भाजपा झूठ बोल रहे कांग्रेस सरकार के समय नकटी में विधायक आवास बनाने की योजना स्वीकृत हुई थी। कांग्रेस सरकार में वहां पर विधायक आवास बनाने की प्रस्ताव आया था, लेकिन कांग्रेस सरकार ने खारिज कर दिया था।

**काम पूरा होने के बाद भी करोड़ों का भुगतान अटका, मिशन संचालक की कार्यशैली पर उठे सवाल**

# जल जीवन मिशन में ठेकेदारों को भुगतान के लाले, प्रशासनिक उदासीनता का आरोप

रायपुर। जल जीवन मिशन के ठेकेदारों ने आरोप लगाया है कि भारत सरकार से राशि उपलब्ध होने के बावजूद भुगतान प्रक्रिया में अनावश्यक देर हो रही है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव एवं जल जीवन मिशन के मिशन संचालक मोहम्मद कैसर अब्दुल हक और अतिरिक्त मिशन संचालक ओंकेश चन्द्रवंशी की प्रशासनिक कार्यशैली इसके लिए जिम्मेदार है।

छत्तीसगढ़ कांट्रेक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष वीरेश शुक्ला ने कहा, मिशन के संचालकों की जिम्मेदारी केवल फाइलों का संचालन करना नहीं, बल्कि कलेक्टरों, पंचायतों और बिजली विभाग के बीच समन्वय स्थापित कर लंबित मामलों का समयबद्ध निराकरण कराना भी है। उनका आरोप है कि ऐसा नहीं होने के कारण वर्षों से पात्र ठेकेदार भुगतान के लिए भटक रहे हैं। उनका आरोप है कि भारत सरकार से जल जीवन मिशन के लिए सैकड़ों करोड़ रुपये उपलब्ध होने के बावजूद भुगतान में तेजी लाने के लिए कोई विशेष अभियान नहीं चलाया गया। यदि पूर्णता प्रमाण-पत्र लंबित हैं, तो उन्हें जारी कराने के लिए जिला प्रशासन के साथ नियमित समीक्षा बैठकें क्यों नहीं हुईं? यदि बिजली कनेक्शन और पंचायत स्तर की अड़चनें हैं तो उनका समाधान क्यों नहीं कराया गया? ये सवाल सीधे मिशन संचालक और अतिरिक्त मिशन संचालक की कार्यशैली पर उठ रहे हैं।

### मिशन की रफ्तार प्रभावित

ठेकेदारों का यह भी आरोप है कि भुगतान प्रक्रिया में अनावश्यक देरी ने पूरे जल जीवन मिशन की रफ्तार को प्रभावित किया है। उनका कहना है कि यदि दोनों मिशन संचालकों द्वारा सही जवाबदेही तय होती और नियमित मॉनिटरिंग होती, तो ऐसी स्थिति पैदा नहीं होती। यदि भुगतान लंबित है तो सवाल यह उठता है कि मिशन संचालकों ने इसके लिए अब तक क्या ठोस कदम उठाए।

### जवाबदेही तय हो

ठेकेदारों का आरोप है कि सचिव स्तर और संचालन पर प्रभावी निर्णय और समन्वय के अभाव में वे वर्षों से आर्थिक संकट झेल रहे हैं। अब वे नीर भवन का घेराव कर अपने भुगतान की मांग उठाने की तैयारी कर रहे हैं।

**पत्रकार वार्ता में बताया 7 से 13 जुलाई तक विधायकों, सांसदों को देंगे ज्ञापन**

# सरकार को वादा याद दिलाने के लिए अब सहायक शिक्षक 15 को घेरेंगे विधानसभा

रायपुर। छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ने लंबित मांगों को पूरा करवाने और सरकार को वादा याद दिलाने के लिए अब 15 जुलाई को विधानसभा घेराव करने का निर्णय लिया है। यह सहमति रविवार को चार घंटे चली मैराथन बैठक में बनी।

सोमवार को प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राठौर ने बताया कि फेडरेशन मानसून सत्र के दौरान विधानसभा का घेराव करते हुए सरकार को शिक्षकों से किए गए वादों की याद दिलाएगा। आंदोलन का उद्देश्य शिक्षकों की जायज मांगों को सरकार तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना है। राठौर ने कहा कि सरकार ने सत्ता में आने से पहले अपने संकल्प पत्र "मोदी की गारंटी" में प्रदेश के सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करने और क्रमोन्नत वेतनमान देने का वादा करके भूल गई है। उन्होंने टीईटी (शिक्षक पात्रता परीक्षा) के मुद्दे पर भी चिंता जताते हुए कहा कि वर्ष 2017 में शिक्षा का अधिकार अधिनियम में संशोधन के बाद टीईटी को अनिवार्य योग्यता बनाया गया, लेकिन उस समय देशभर के सेवारत शिक्षकों को इसकी स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई। अब सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 30 अगस्त 2028 तक योग्यता प्राप्त करने का समय दिए जाने के बावजूद वरिष्ठ शिक्षकों को पदोन्नति से वंचित करने की तैयारी जारी है।

### शीघ्र शिक्षकों की पदस्थापना करने की मांग

प्रदेश में आज भी हजारों विद्यालय एकल शिक्षक के भरोसे संचालित हो रहे हैं। इससे ग्रामीण क्षेत्र में बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। फेडरेशन ने शिक्षा विभाग से ऐसे विद्यालयों में शीघ्र शिक्षकों की पदस्थापना करने की मांग को प्रमुखा से रखा। युक्ति युक्तकरण के तहत मर्ज की गई स्कूलों में वित्तीय पारदर्शिता बरतने एवं दोनों स्कूलों में बेहतर कार्य सम्पादित करने के लिए दोनों प्रधान पाठक मिडिल और प्राइमरी को वित्तीय भागीदारी देते हुए सचिव और कोषाध्यक्ष बनाया जाए। तत्काल प्रबंध समिति के खाते के स्पेसिमेंट में बदलाव किया जाए ताकि स्कूल बेहतर तालमेल से संचालित हो सके यह मांग भी प्राथमिकता के साथ विभाग पूरी करे।

# 'सहकारी सप्ताह' के समापन पर बोले अमित सहकारिता के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव

रायपुर। भारत सरकार द्वारा गठित 'सहकारिता मंत्रालय' की स्थापना के सफल 5 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित सहकारी सप्ताह का समापन जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में हुआ। केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह के उद्बोधन का सीधा प्रसारण यूट्यूब चैनल के माध्यम से सीधा प्रसारण किया गया। उन्होंने सहकारिता के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलावों का जिक्र किया, जिनमें 50,000 पैक्स को ई-पैक्स में बदलना, त्रिभुवन सहकारिता विश्वविद्यालय की स्थापना, दुनिया की सबसे बड़ी अन्न गोदाम श्रृंखला का निर्माण, सहकारी समितियों को कॉमन सर्विस सेंटर बनाना और देश भर में भारत टैक्सी सेवा की शुरुआत आदि कार्य शामिल हैं।

**सहकारिता मंत्री श्री कश्यप ने छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा का किया अनावरण**



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहकारिता एवं वन मंत्री केदार कश्यप उपस्थित रहे। उन्होंने बैंक परिसर में 'छत्तीसगढ़ महतारी' की प्रतिमा का गरिमामय अनावरण भी किया गया। बैंक की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अपेक्षा व्यास ने प्रगति प्रतिवेदन पढ़ते हुए बैंक की उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष की स्थिति में बैंक को 216 करोड़ रुपये का ऐतिहासिक सकल लाभ हुआ है। केंद्र सरकार की 'सहकार से समृद्धि' योजना के तहत बैंक द्वारा किए जा रहे प्रमुख कार्य हैं, जिसमें माइक्रो एटीएम बैंक से जुड़ी 682 सहकारी समितियों और 98 डेयरी समितियों में माइक्रो एटीएम का संचालन। कॉमन सर्विस सेंटर समितियों के माध्यम से नागरिकों को 32 जरूरी सेवाएं दी जा रही हैं।

### क्वांटिटी नहीं, क्वॉलिटी खेती पर दें जोर : कश्यप

सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने बताया कि प्रदेश में पैक्स, डेयरी और मत्स्य पालन जैसी लगभग 1300 सहकारी समितियों का गठन किया गया है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे रासायनिक खादों पर निर्भरता कम करें और जैविक व प्राकृतिक खेती को अपनाएं। उन्होंने कहा, किसानों को मात्रा के स्थान पर गुणवत्ता वाली खेती पर ध्यान देना चाहिए।

### अन्नदाता को कर्ज मुक्त बनाने का संकल्प

विशिष्ट अतिथि और सहकार भारती के प्रदेश महामंत्री कनीराम ने कहा, हमें इस दिशा में काम करना होगा ताकि हमारे अन्नदाता को कभी कर्ज लेने की आवश्यकता ही न पड़े। छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक के अध्यक्ष केदार नाथ गुप्ता ने भी सहकारिता के क्षेत्र में पारदर्शिता और कृषि नवाचार पर अपने विचार रखे।

**SBI भारतीय स्टेट बैंक** तनावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा
ब्लॉक बी-1, पुजारी चेंबर, पचपेड़ी नाका, रायपुर, फोन- 8878888925, 9407685755

**नियम 8(1) कब्जा संबंधी नोटिस (अचल संपत्तियों हेतु)**

जबकि, अधोहस्ताक्षरी, जो कि **भारतीय स्टेट बैंक** के प्राधिकृत अधिकारी हैं, ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन और प्रतिभूति हित का (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उधारकर्ता को डिमांड नोटिस की तिथि एवं राशि नीचे दर्शायी गयी है , उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने जारी किया गया। उधारकर्ता द्वारा उक्त राशि चुकाने में असफल होने के कारण, एतदद्वारा उधारकर्ता/जमानतदार को एवं जनसामान्य को सामान्य रूप से नोटिस दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 (4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत् अधिकार का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा निम्नांकित दिनांक को ले लिया है। विशेष रूप से उधारकर्ता/जमानतदार और जनसामान्य को एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि इस संपत्ति से संबधित कोई लेन देन नहीं करें। निम्नलिखित संपत्ति से संबधित किसी भी प्रकार का लेन देन इस पर वर्णित बकाया राशि के लिये भारतीय स्टेट बैंक की संबधित शाखा के निर्मित प्रभार के अध्यधीन होगा (मांग नोटिस दिनांक के बाद जमा की गई राशि, यदि कोई हो, को समायोजित करके)। ***उधारकर्ता का ध्यान प्रतिभूत परिसंपत्तियों के मोचन (redeem) कराने के संबंध में उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा 8 के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।***

| क्र. | उधारकर्ता का नाम | मांग सूचना / कब्जे की तिथि | बकाया राशि | अचल संपत्तियों का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | उधारकर्ता- मेसर्स छत्तर लाल सांवरे, (प्रोप.- श्री छत्तर लाल सांवरे पिता श्री सोमारू सांवरे) | 09.10.2025 / 04.07.2026 | रू. 34,27,705.00 दि. 08.10.25 को + ब्याज एवं अन्य शुल्क दि. 09.10.25 से प्रभावी | **संपत्ति क्रमांक 1)** संपत्ति का स्वामित्व: श्री लखन पिता श्री मन्नू उर्फ श्री मनसाई. संपत्ति का समस्त भू-भाग परिवर्तित भूमि स्थित खसरा नंबर 1307/1,गांव- केशव नगर, प.ह. नंबर 24 (नया प.ह नंबर 44), आरएनएम- केशव नगर, थाना- बिश्रामपुर, तहसील- सूरजपुर, जिला- सूरजपुर, (छ.ग), क्षेत्रफल- 0.280 हेक्टेयर. पार्टीशन डीड दिनांक 09.04.2008, पुस्तक क्रमांक एडी 1, ग्रंथ क्रमांक 2201 के 2, पृष्ठ क्रमांक 98-99, दस्तावेज़ क्रमांक 44, उप-रजिस्ट्रार कार्यालय, सूरजपुर (छत्तीसगढ़) के अंतर्गत पंजीकृता सीमाएं (खसरा नक्शे के अनुसार):- उत्तर: खसरा नं. 1307/2, दक्षिण: खसरा नं. 1307/3, पूर्व: खसरा नंबर 1330, पश्चिम: खसरा नं. 1296/2 एवं 1297. **संपत्ति क्रमांक 2)** संपत्ति का स्वामित्व : श्री लखन पिता श्री मन्नू उर्फ श्री मनसाई. संपत्ति का समस्त भू-भाग भूमि स्थित खसरा नंबर 394/2 का भाग, ग्राम केशव नगर, आरएनएम- केशव नगर, थाना- बिश्रामपुर, तहसील- सूरजपुर, जिला- सूरजपुर (छत्तीसगढ़), कुल क्षेत्रफल 0.06 हेक्टेयरा पार्टीशन डीड दिनांक 09.04.2008, पुस्तक क्रमांक एडी-1, ग्रंथ क्रमांक 2201 के 2, पृष्ठ क्रमांक 98-99, दस्तावेज़ क्रमांक 44, उप-रजिस्ट्रार कार्यालय सूरजपुर (छत्तीसगढ़) के अंतर्गत पंजीकृत। सीमाएँ (खसरा नक्शे के अनुसार):- उत्तर: खसरा नंबर 396/1, दक्षिण: खसरा नंबर 394/3, पूर्व: खसरा नंबर 394/1 एवं 395, पश्चिम: खसरा नंबर 397/2. |
| 2. | उधारकर्ता - मेसर्स अतुल एजेंसीज़, (प्रोप.- श्री अतुल कुमार अग्रवाल पिता स्वर्गीय श्री बाबूलाल अग्रवाल) | 26.02.2026 / 03.07.2026 | रू. 52,71,721.00 दि. 25.02.26 को + ब्याज एवं अन्य शुल्क दि. 26.02.26 से प्रभावी | संपत्ति का स्वामित्व : श्री अतुल कुमार अग्रवाल पिता स्वर्गीय श्री बाबूलाल अग्रवाल। संपत्ति का समस्त भू-भाग परिवर्तित भूमि एवं भवन स्थित खसरा नंबर 276/19, प.ह नंबर 11, वार्ड नंबर 18, आज़ाद वार्ड, सिविल लाइन्स तहसील कार्यालय के पीछे, आरएनएम एवं तहसील - मनेंद्रगढ़, जिला - कोरिया (छत्तीसगढ़), कुल क्षेत्रफल- 0.014 हेक्टेयर यानी 140 वर्ग मीटर . सेल डीड दिनांक 04.12.2003, ग्रंथ क्रमांक 435, पृष्ठ क्रमांक 91-97, संख्या क्रमांक 273, उप-रजिस्ट्रार कार्यालय मनेंद्रगढ़, छत्तीसगढ़ के अंतर्गत पंजीकृत। सीमाएँ (टाइटल डीड के अनुसार):- उत्तर: सरकारी भूमि, दक्षिण: श्री प्रमोद कुमार त्रिवेदी द्वारा छोड़ी गई सड़क, पूर्व: पीडब्लूडी की भूमि, पश्चिम: श्री ओम गुप्ता की भूमि। |
| 3. | उधारकर्ता - मेसर्स हिमांशु मोटर्स (प्रोप. - श्री अरविंद मिश्रा पिता श्री दीनदयाल मिश्रा) | 20.02.2026 / 04.07.2026 | रू. 58,51,489.00 दि. 19.02.26 को + ब्याज एवं अन्य शुल्क दि. 20.02.26 से प्रभावी | संपत्ति का स्वामित्व: श्री अरविंद मिश्रा पिता श्री दीनदयाल मिश्रा। संपत्ति का समस्त भू-भाग खुली भूमि स्थित खसरा नंबर 214/1, प.ह नंबर 09, गाँव – पम्पापुर, तहसील एवं आरएनएम रामानुजनगर, ज़िला- सूरजपुर (छ.ग), क्षेत्रफल- 0.184 हेक्टेयरा रजिस्ट्रेशन दिनांक 06.02.2014, पुस्तक क्रमांक ए-1, ग्रंथ क्रमांक 7880 का 5, पृष्ठ क्रमांक 19 से 23, रजिस्ट्रेशन क्रमांक 5819, उप-रजिस्ट्रार कार्यालय,अंबिकापुर, (छत्तीसगढ़) के अंतर्गत पंजीकृत। सीमाएँ: सेल डीड (सेल डीड के अनुसार):- पूर्व : बिंदेश्वर की भूमि, पश्चिम : बाबूलाल तेली की भूमि, उत्तर : विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण : जयपत की भूमि। सीमाएँ (नहरी नक्शे दिनांक 20.10.2019 के अनुसार):- पूर्व: बिंदेश्वर का प्लॉट, पश्चिम : बाबूलाल का प्लॉट, उत्तर : विनोद सिन्हा की भूमि (20 फ़ीट सड़क) दक्षिण : जयपत का प्लॉट |

**यह सूचना अंग्रेजी भाषा में भी प्रकाशित की जा रही है। व्याख्या के किसी भी मामले में अंग्रेजी संस्करण अंतिम होगा।**

दिनांक: 03.07.2026 एवं 04.07.2026, स्थान- सूरजपुर एवं कोरिया — प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक, सार्ब, रायपुर

**ई-नीलामी सूचना**

ऋणवसूली अधिकरण, भारत सरकार,
वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवायें विभाग (बैंकिंग प्रभाग)
द्वितीय एवं तृतीय तल, संचार विकास भवन (BSNL बिल्डिंग), रेजीडेंसी रोड,
हेड पोस्ट ऑफिस के पास, साउथ सिविल लाइन, जबलपुर-(मप्र) 482001

**प्रकरण संख्या: RC 263/2025 / ओ.ए. संख्या 637/2024**
**ई-नीलामी संख्या147/2026**

State Bank of India वि. SMT. STROMBLIN BANJEL एवं अन्य में पारित वसूली प्रमाण पत्र क्रमांक RC No. RC 263/2025 / O.A.No. 637/2024 में जारी राशि की वसूली हेतु प्रमाण पत्र Rs. 41,11,673.00 (Rupees Forty One Lakh Eleven Thousand Six Hundred Seventy Three only) तथा उस पर 8.85 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से दिनांक 02.04.2024 से ब्याज एवं वसूली हेतु निम्नलिखित संपत्ति ऑनलाईन ई-नीलामी प्रक्रिया के तहत वेबसाईट https://www.baanknet.com के माध्यम से की जायेगीं।

**ई- नीलामी की तिथि एवं समय- 19/08/2026 दोपहर 12.00 से 01.00 बजे तक**

**संपत्ति की अनुसूची**

| क्र. सं. | विक्रय हेतु प्रस्तावित संपत्ति का विवरण | आरक्षित / न्यूनतम मूल्य | ई.एम.डी. राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | Flat No. 1801, Plot No. F/1, 2nd Floor, Vishnu Vihar, Mouza Naila, P.H. No. 11, Nagar Palika Janjgir, Ward No. 7, B.D. Mahant Ward, at Joint Khasra No. 544/5, 545/5, 546/5, 547/2, 548/1, 560/1ka, Tehsil & District- Janjgir-Champa (C.G.) area 708 sq.ft., property in the name of Smt. Stromblin Banjgel W/o Shri Malik Anand Banjel. | Rs. 19,20,000.00 (Rupees Nineteen Lakh Twenty Thousand only) | Rs.1,92,000.00 (Rupees One Lakh Ninety Two Thousand only) |

**विक्रय की शर्तें एवं नियम**

1. विक्रय की सभी शर्तें ऋणों की वसूली एवं दिवालियापन अधिनियम 1993 के प्रावधानों तथा आयकर अधिनियम, 1961 की द्वितीय एवं तृतीय अनुसूचियों, आयकर (प्रमाणपत्र कार्यवाही) नियम, 1962 के साथ पठित प्रावधानों द्वारा शासित होंगी तथा समय-समय पर यथा संशोधित सूचना प्रौद्योगि की अधिनियम, 2000 के प्रावधानों से भी निर्देशित होंगी।
2. इच्छुक बोलीदाता निम्न सेवा प्रदाता से ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं।

| | |
|---|---|
| नीलामी एजेंसी | Bank Asset Auction Network (BAANKNET) |
| हेल्पलाइन नं. | +91-82912 20220 |
| हेल्पलाइन ईमेल | support.baanknet@psballiance.com |
| बैंक अधिकारी | Shri Sajan Joseph, CM & CLO, Mob. No.8889375554 |
| संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | 03-08-2026 दोपहर 12:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक |

3. इच्छुक बोलीदाता बोली प्रपत्र विस्तृत विवरण एवं विक्रय की शर्तों हेतु वेबसाइट **https://baanknet.com** का अवलोकन करें। **4.** बोलियाँ (bids) केवल ऑनलाइन माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्रस्तुत की जाएँगी। प्रत्येक बोली के साथ पैन कार्ड की प्रति, पते का प्रमाण, पहचान-पत्र, ई-मेल आईडी तथा मोबाइल नंबर की प्रतिलिपि संलग्न करना अनिवार्य होगा। कंपनी के मामले में, कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा पारित बोर्ड प्रस्ताव (Board Resolution) की प्रमाणित प्रति अथवा कंपनी की ओर से प्रतिनिधित्व / अधिकार-पत्र (Power of Attorney / Authorization) को प्रमाणित करने वाला कोई अन्य वैध दस्तावेज बोली प्रपत्र के साथ संलग्न किया जाएगा। बोलीदाता संपत्ति के विवरण, क्षेत्रफल / माप, प्रभारों (Encumbrances), दायित्वों तथा अन्य संबंधित तथ्यों की शुद्धता एवं सत्यता के संबंध में स्वयं अपने स्तर पर संबंधित सरकारी कार्यालयों अथवा अन्य सक्षम स्रोतों से जांच-पड़ताल कर पूर्णतः संतुष्ट हो लें। इस संबंध में भविष्य में उत्पन्न होने वाली किसी भी त्रुटि,विसंगति, कमी अथवा विवाद के लिए ऋण वसूली अधिकरण (DRT) उत्तरदायी नहीं होगा। **5.** आरक्षित मूल्य का 10% अर्थात् रु. **Rs. 1,92,000.00 (Rupees One Lakh Ninety Two Thousand only)** ईएमडी के रूप में BAANKNET वॉलेट में जमा करना होगा तथा उसका विवरण बोली प्रपत्र में अंकित करना होगा। **6. ऑनलाइन बोली दिनांक 17-08-2026 को सायं 5:00 बजे तक प्रस्तुत की जा सकेगी। 7.** ऑनलाइन प्रस्तुत बोली प्रपत्र एवं संलग्नकों की प्रति वसूली अधिकारी, डीआरटी, जबलपुर, द्वितीय एवं तृतीय तल, संचार विकास भवन (बीएसएनएल भवन), रेजीडेंसी रोड, मुख्य डाकघर के निकट, दक्षिण सिविल लाइन्स, जबलपुर को यथा शीघ्र प्रेषित की जाएगी। **8.** ऑनलाइन बोली प्रक्रिया प्राप्त उच्चतम बोली से प्रारंभ होगी तथा प्रत्येक अगली बोली में न्यूनतम वृद्धि रु. **Rs. 20,000.00 (Rupees Twenty Thousand only)** होगी। नीलामी समाप्ति से पूर्व कोई बोली प्राप्त होने पर प्रणाली द्वारा नीलामी समय स्वतः 5 मिनट के लिए बढ़ा दिया जाएगा। **9.** असफल बोलीदाताओं की ईएमडी उसी खाते में वापस की जाएगी जिससे भुगतान किया गया था। इस संबंध में कोई पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा। ईएमडी जमा करने के पश्चात बोलीदाता उसे वापस नहीं ले सकेगा अन्यथा राशि जब्त कर ली जाएगी। **10.** स्थावर संपत्ति के मामले में सफल उच्चतम बोलीदाता को घोषणा के अगले दिन अपनी बोली स्वीकृत होने पर, बोली राशि का 25% (ईएमडी घटाकर) **INDIAN BANK, CIVIL LINES BRANCH, JABALPUR** में वसूली अधिकारी, ई-नीलामी खाता, डीआरटी जबलपुर, **खाता संख्या 7890303849, आईएफएससी कोड IDIB000C627** में RTGS/NEFT द्वारा जमा करना होगा। चूक होने पर संपत्ति पुनः विक्रय हेतु प्रस्तुत की जाएगी तथा ईएमडी जब्त कर ली जाएगी। **11.** सफल बोलीदाता को शेष 75% राशि तथा विक्रय राशि का 1% पाउंडेज शुल्क एवं प्रत्येक संपत्ति पर अतिरिक्त रु.10/- नीलामी की तिथि से 15 दिनों के भीतर, क्रम संख्या 10 में उल्लिखित **खाता संख्या 7890303849** में आरटीजीएस (RTGS) / एनईएफटी (NEFT) / मनी ट्रांसफर के माध्यम से जमा करना होगा। यदि पंद्रहवाँ दिन रविवार अथवा अन्य अवकाश का दिन हो, तो भुगतान उसके पश्चात् आने वाले प्रथम कार्य दिवस पर किया जा सकेगा। निर्धारित अवधि के भीतर भुगतान न किए जाने की स्थिति में.संपत्ति के विक्रय हेतु नवीन विक्रय उद्घोषणा (Fresh Proclamation of Sale) जारी कर पुनः नीलामी की जाएगी। ऐसी स्थिति में जमा की गई राशि सरकार के पक्ष में जब्त (Forfeited) कर ली जाएगी तथा चूक करने वाला क्रेता (Defaulting Purchaser) उक्त संपत्ति अथवा उसके पुनर्विक्रय से प्राप्त किसी भी राशि पर अपना समस्त दावा एवं अधिकार खो देगा। **12.** संपत्ति का विक्रय "जैसी है जहाँ है तथा बिना किसी शिकायत के आधार पर (As is Where is and No Complaint Basis) किया जाएगा। **13.** संपत्ति का विक्रय आरक्षित मूल्य से कम पर नहीं किया जाएगा। **14.** वसूली अधिकारी को बिना कारण बताए किसी भी बोली को स्वीकार या अस्वीकार करने अथवा विक्रय स्थगित / निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा। **15.** इच्छुक बोलीदाता बैंक के पास उपलब्ध स्वामित्व अभिलेखों का अवलोकन करें तथा संपत्ति की पहचान.विवरण एवं भार आदि की स्वयं जांच करें। इसकी शुद्धता के लिए डीआरटी उत्तरदायी नहीं होगा। **16.** बोलीदाता अपनी इच्छानुसार किसी भी स्थान से ई-नीलामी में भाग ले सकते हैं। इंटरनेट कनेक्टिविटी सुनिश्चित करना उनकी स्वयं की जिम्मेदारी होगी। इंटरनेट, नेटवर्क, सिस्टम क्रैश या विद्युत व्यवधान केलिए डीआरटी / बैंक/ सेवा प्रदाता उत्तरदायी नहीं होंगे। **17.** उच्चतम बोली अनुमोदन के अधीन अस्थायी रूप से स्वीकार की जाएगी। विक्रय की पुष्टि होने तक बोलीदाता को संपत्ति पर कोई अधिकार या स्वामित्व प्राप्त नहीं होगा। **18.** विक्रय पर लागू स्टाम्प शुल्क, पंजीयन शुल्क एवं अन्य वैधानिक शुल्क सफल क्रेता द्वारा वहन किए जाएंगे। **19.** विक्रय प्रमाणपत्र केवल उन्हीं व्यक्ति/यक्तियों के नाम जारी किया जाएगा जिनके नाम बोली प्रपत्र में उल्लिखित हैं। **20.** विक्रय प्रमाणपत्र में बोली प्रपत्र में उल्लिखित नामों के अतिरिक्त किसी अन्य नाम को जोड़ने या प्रतिस्थापित करने का अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा। **21.** बोलीदाता अपने यूजर आईडी, पासवर्ड एवं अन्य गोपनीय जानकारी किसी को भी प्रकट न करें। **22.** बोलीदाताओं को समय विलंब, अधिक ट्रैफिक, सिस्टम / विद्युत विफलता जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। अतः अंतिम समय तक प्रतीक्षा न करने की सलाह दी जाती है। **23.** ई-नीलामी सेवा प्रदाता, बैंक के अधिकारी, उनके प्रतिनिधि, कर्मचारी एवं एजेंट ई-नीलामी में भाग लेने वाले बोलीदाताओं के विवरणों की पूर्ण गोपनीयता बनाए रखेंगे।

स्थान- जबलपुर,
दिनांक- 29/06/2026

(प्रीति देसाई)
वसूली अधिकारी।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### नक्सलमुक्त राज्य अब...

सवालः कोटा और मरवाही विधानसभा सीट भाजपा के लिए हमेशा अबूझ रही है, मरवाही तो इस बार जीत गए कोटा के बारे में क्या सोचते हैं?
मंत्रीः मरवाही में जीत का दीया जल चुका है और अब यह आगे भी जारी रहेगा। कोटा विधानसभा सीट भी अगली बार हमारे कब्जे में होगी यह निश्चित है। भाजपा अपने काम के सहारे और विचारधारा के आधार पर जनता के बीच जाएगी और वोट मांगेगी। संगठन की ओर से जिसे भी उम्मीदवार घोषित किया जाएगा।सभी कार्यकर्ता मिलकर उसे जीत दिलाएंगे।
सवालःजीपीएम जिले में आईटीआई की हालत को किस रूप में देखते हैं, क्योंकि आपके पास कौशल विभाग भी है?
मंत्रीः छत्तीसगढ़ में 146 ब्लॉक हैं और सभी में आईटीआई खोले गए हैं। जीपीएम जिले के तीन ब्लाकों में भी आईटीआई व्यवस्थित तौर पर संचालित है। यहां सभी प्रमुख ट्रेड चल रहे हैं और बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं। कुछ और ट्रेड जोड़ने की मांग आई है जिस पर विचार किया जा रहा है। केंद्र सरकार की पीएम सेतु योजना के तहत 60 हजार करोड़ का बजट देशभर के लिए है। इसमें प्रदेश के 40 आईटीआई को हाई टेक्नोलॉजी के आधार पर अपग्रेड करना है। यहां इसी तरीके की मशीन भी लगेंगी। वर्तमान की जरूरत के हिसाब से इसमें पढ़ाई होगी और प्रशिक्षण दिया जाएगा। जीपीएम जिले के आईटीआई में भी सुविधाएं विकसित होंगी और यदि केंद्र की योजना में शामिल नहीं हो पाता है तो राज्य के बजट से इसका विस्तार किया जाएगा।
सवालःआपके पास अनुसूचित जाति विकास विभाग और कौशल विभाग भी है, इसमें कितना काम हो पाया है?
मंत्रीः आदिवासी विभाग के अंतर्गत संचालित हॉस्टल प्रदेश भर में चल रहे हैं। एकलव्य विद्यालय संचालित हैं तो आदिवासी हॉस्टलों में रहकर बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं। दिल्ली में भी हॉस्टल चल रहे हैं, जहां छत्तीसगढ़ के बच्चे रहकर अध्ययनरत हैं। छत्तीसगढ़ के किसी एसटी, एससी बच्चों को पायलट बनना है तो उसके लिए भी सरकार हर साल 15 लाख रुपए का अनुदान दे रही है। प्रतिवर्ष पाँच बच्चों को इस योजना का लाभ दिया जा रहा है। रायगढ़,कोरबा और बिलासपुर में मेडिकल के साथ इंजीनियरिंग कॉलेज है तो लाइवलीहुड कॉलेज में भी बेहतर प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं।
सवालःजब जिला जीपीएम है तो बच्चों को बेहतर पढ़ाई और सपने देखने के लिए दूसरी जगह क्यों जाना पड़ता है?
मंत्रीःहमारी सरकार हर क्षेत्र में काम कर रही है। हर लोकसभा क्षेत्र में सीजीआईटी खोली जा रही है। इसमें से चार संचालित हो रहे हैं तो तीन जल्द ही खुलने वाले हैं। हमारी सरकार का मानना यह है कि संस्थाएं भले कम हों लेकिन सुविधाएं उनमें अधिक होनी चाहिए। सरकार का प्रयास है कि स्वावलंबन की दृष्टि से बेहतर से बेहतर सुविधा बच्चों को दी जाए।

### चंपत और अनिल...

इस्तीफे पर विचार-विमर्श करने, मामले की एसआईटी जांच की प्रगति की समीक्षा करने और इस्तीफे स्वीकार किए जाने पर ट्रस्ट में प्रमुख पदों पर नियुक्तियों पर चर्चा करने के लिए यह बैठक बुलाई गई थी। बैठक से पहले, ट्रस्ट के अध्यक्ष नृत्य गोपाल दास ने कहा था कि वह राम लला मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी से 'बहुत दुखी' हैं। उन्होंने जिम्मेदार लोगों के लिए कड़ी सजा की मांग की है। उन्होंने यह विश्वास भी जताया कि कथित अपराध से जुड़े सभी लोगों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा।
राम मंदिर परिसर के आसपास व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी, संपर्क मार्गों पर अतिरिक्त पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया था। मीडिया कर्मियों एवं अन्य लोगों के निजी वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगाया गया था। सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए बैठक स्थल को मणिराम दास छावनी से मंदिर परिसर में स्थानांतरित कर दिया गया था। मंदिर के दान की कथित चोरी की जांच के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गठित एक एसआईटी ने पिछले महीने अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट सौंपी थी, जिसके बाद एक प्राथमिकी दर्ज की गई और आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। जांचकर्ताओं ने हटाए गए सीसीटीवी फुटेज भी बरामद किए हैं, जिसमें कथित तौर पर कुछ आरोपी मंदिर परिसर से बाहर जाते समय नोटों को छिपाते हुए नजर आ रहे हैं।
2800 वस्तुओं का रिकॉर्ड सुरक्षितः ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि ने कहा कि दान पात्र की चोरी लज्जाजनक है। हम आपको दिखाने के लिए इन सभी चीजों का रिकॉर्ड वाला रजिस्टर लाए हैं। गिरि ने कहा कि हमारे पास ऐसी 2800 चीजों की लिस्ट वाला एक रजिस्टर है, और वे सभी सुरक्षित हैं। हम ये पांच खास चीजें जिन पर चर्चा हुई है सिर्फ सैंपल के तौर पर आपको दिखाने के लिए लाए हैं।

### भिड़ंत के बाद...

दोनों युवकों की बाइक में शार्ट सर्किट के कारण आग लग गई। घटना के बाद मार्ग पर आवागमन बाधित हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराने साथ ही शवों को मर्च्युरी में रखकर मृतकों की पहचान की गई। मृतकों की पहचान रघुनाथनगर करमडीहा निवासी 26 वर्षीय राम सकल आ. दुबे सिंह गोंड के रूप में की गई। युवक का कुछ महीने पहले ही विवाह हुआ था। युवक अपनी पत्नी के साथ ससुराल ग्राम लोधी गया हुआ था और पत्नी को लेकर बाइक से लौट रहा था। इधर दूसरे बाइक सवार की पहचान बसंतपुर ककनेसा निवासी 28 वर्षीय पवन कुमार आ. पुरुषोत्तम कुमार के रूप में की गई है। युवक किसी काम से अपने साथी के साथ वाड्रफनगर आया था और लौट रहा था।

### 20 दिनों के...

है। नारायणपुर जिले में पदस्थ रेडियोग्राफर चन्द्रशेखर मंडावी ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका दायर कर बताया था कि वर्तमान में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ओरछा में रेडियोग्राफर के पद पर कार्यरत है। उसका तबादला 26 जून 2025 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र आमाबेड़ा कांकेर किया गया था। आदेश जारी होने के एक साल बाद भी विभाग उसे कार्यमुक्त नहीं कर रहा है जिसके चलते वह नई जगह पर ज्वाइन नहीं कर पा रहा है। शासन के अधिवक्ता ने सरकारी परिपत्र 7 जनवरी 2026 का हवाला देते हुए कहा कि याचिकाकर्ता को इसलिए रिलीव नहीं किया गया, क्योंकि उनकी जगह पर अभी तक कोई दूसरा कर्मचारी, एवजी नहीं आया है। शासन के मुताबिक नीति यह है कि अनुसूचित क्षेत्र के पदों को खाली नहीं छोड़ा जा सकता। कोर्ट ने कहा कि इस सर्कुलर के तहत रिलीविंग पर रोक केवल तब लागू होती है जब किसी कर्मचारी का तबादला अनुसूचित क्षेत्र से गैर-अनुसूचित क्षेत्र में किया जा रहा हो।

### पुलिस आरक्षकों की...

दूसरे जिलों में जाने वाले आरक्षकों की वरिष्ठता की गणना को लेकर है। नियमों के अनुसार जब कोई आरक्षक स्वेच्छा से दूसरे जिले में ट्रांसफर लेता है तो उसे उस नए जिले की वरिष्ठता सूची में सबसे नीचे रखा जाता है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि पुलिस विभाग इस स्थापित नियम को दरकिनार कर प्रमोशन की प्रक्रिया शुरू कर चुका है। विभाग उन आरक्षकों के प्रमोशन पर भी विचार कर रहा है जो खुद के अनुरोध पर ट्रांसफर होकर आए हैं और उनकी वरिष्ठता की गणना नए जिले में आने की तारीख से करने के बजाए उनकी शुरुआत नियुक्ति तिथि से की जा रही है। इससे उन आरक्षकों के कानूनी अधिकारों का हनन हो रहा है जो पहले से उस जिले में अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। याचिका की सुनवाई करते हुए सिंगल बेंच ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने और छत्तीसगढ़ पुलिस कार्यपालिक बल, आरक्षक भर्ती, पदोन्नति और सेवा की शर्तें नियम 2007 में वरिष्ठता को लेकर किए गए संशोधनों के प्रावधानों का अवलोकन करने के बाद कोर्ट अंतरिम आदेश जारी किया है। आदेश में कोर्ट ने कहा है कि पुलिस विभाग में आरक्षकों के प्रमोशन की विभागीय कार्यवाही तो जारी रह सकती है, लेकिन जब तक इस मामले की अगली सुनवाई नहीं हो जाती तब तक किसी भी आरक्षक का अंतिम प्रमोशन आदेश जारी नहीं किया जाएगा। कोर्ट ने सभी पक्षकारों को नोटिस जारी कर तीन सप्ताह के भीतर जवाब पेश करने का निर्देश दिया है।

### महतारी वंदन में...

यह है कि आवेदन में हितग्राही का नाम तिलोक साहू और पति का नाम भी तिलोक साहू ही दर्ज था, इसके बावजूद किसी स्तर पर इस गड़बड़ी को समय रहते नहीं पकड़ा जा सका।
परियोजना अधिकारी बोलीं—रिकवरी कर ली गई, बाकी जानकारी देखकर बताएंगे
परियोजना अधिकारी रंजना श्रीवास्तव ने बताया कि संबंधित हितग्राही से रिकवरी कर ली गई है। अन्य जानकारी के संबंध में उन्होंने रिकॉर्ड देखकर जानकारी देने की बात कही। हालांकि, मामला केवल वसूली तक सीमित नहीं है। एक पुरुष का आवेदन महतारी वंदन योजना में कैसे दर्ज हुआ, आंगनबाड़ी और सुपरवाइजर स्तर पर किस आधार पर सत्यापित किया गया, 12 महीने तक भुगतान कैसे जारी रहा और ऑनलाइन रिकॉर्ड व वसूली राशि में अंतर क्यों दिखाई दे रहा है इन सवालों का स्पष्ट जवाब अभी सामने आना बाकी है।

### नाम भी तिलोक,...

रही है। आवेदन में हितग्राही और पति दोनों का नाम एक ही होने के बावजूद जांच के दोनों स्तरों से आवेदन कैसे पास हो गया, यह विभागीय सत्यापन व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है। वर्तमान में आवेदन की स्थिति 'परमानेंट होल्ड' और लाभ त्याग अनुरोध स्वीकृत दिखाई दे रही है।

### रिकॉर्ड में 12 महीने...

यदि 12 महीने तक राशि का भुगतान हुआ तो वसूली केवल 10 महीने की राशि की क्यों की गई? शेष भुगतान की स्थिति क्या है, इसका जवाब विभागीय जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

### छह दिनों में सूखे...

अपनी औसत से 90 फीसदी ज्यादा 423.9 मिमी. के साथ काफी ज्यादा बारिश की स्थिति में है। सात जिले औसत से 19 प्रतिशत से ज्यादा के आंकड़े को पार कर चुके हैं और रायपुर समेत 11 जिले सामान्य स्थिति में आ चुके हैं। पिछले चौबीस घंटे में राज्य में 45.8 मिमी. बारिश हुई है और कई जिले बरसात के पानी से सराबोर हो चुके हैं।

**00 सिस्टम एमपी की ओर-**

आगे बढ़ने की वजह से सिस्टम धीरे-धीरे कमजोर होने लगा है मगर कई इलाकों में भारी बरसात की संभावना कम नहीं हुई है। अगले चौबीस घंटे में भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः मप्र से लगे बिलासपुर संभाग के जिले तथा उससे लगे दुर्ग संभाग के जिले संभावित है। अवदाब दक्षिण झारखंड और उससे लगे उत्तर अंदरूनी उड़ीसा के ऊपर स्थित है तथा यह पश्चिम उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसके उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए झारखंड और उत्तर छत्तीसगढ़ तथा उससे लगे पूर्वी मध्य प्रदेश के ऊपर अगले 24 घंटे में पहुंचे की संभावना है। माना जा रहा है कि 8 जुलाई के बाद बारिश की गतिविधि में कमी आ सकती है।

**00 मुंबई में बारिश, रायपुर की फ्लाइट हैदराबाद पहुंची-**

छत्तीसगढ़ ही नहीं मानसून से महाराष्ट्र का जनजीवन भी प्रभावित है। मुंबई से साढ़े तीन घंटे विलंब से रायपुर आई फ्लाइट वापसी के दौरान हैदराबाद पहुंच गई। मुंबई एयरपोर्ट के ऊपर चक्कर लगाने के दौरान विजिबलिटी के अभाव में उसे लैंडिंग की अनुमति नहीं मिल पाई थी। वह 11.53 को मुंबई विमानतल के ऊपर से रवाना होकर 1.53 बजे हैदराबाद जाकर लैंड हुई। मौसम के ठीक होने के बाद मुंबई का सफर 4.45 बजे समाप्त हुआ। इसके अलावा यहां से दोपहर तीन बजे टेकऑफ होने वाली मुंबई फ्लाइट शाम 6.22 बजे उड़ सकी और रात करीब साढ़े आठ बजे यानी लगभग 4 घंटे लेट से वहां लैंड हुई।

### दुर्ग शहर में...

और खारून नदी ऊफान पर आ गई है। भिलाई-दुर्ग में नाले भी ऊफान पर है। मौसम विभाग के मुताबिक दुर्ग शहर में 5 जुलाई को 206.6 और 6 जुलाई को 88.6 मिमी पानी गिरा है। वहीं जिले के अहिवारा में सोमवार को 72.9, भिलाई में 54.5, बोरी में 110, धमधा में 40.6, पाटन में 48.1 मिमी पानी गिरा है। इस प्रकार पिछले समय से चल रहा सूखा खत्म हो गया है। आगामी दिनों में भी अच्छी बारिश की संभावना बन रही है।

### एनएच 130 सी...

पेड़ गिरने के बाद दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइन लग गई। लगातार बारिश के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। घटना की सूचना मिलने पर प्रशासन और संबंधित विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई है। एसडीएम हितेश्वरी ने बताया कि नेशनल हाईवे कोदोमाली के पास बारिश और आंधी तूफान से सड़क पर रात को विशाल पेड़ गिर जाने के कारण लगभग 10 घंटे तक जाम लगा रहा। दोनों तरफ सैकड़ों वाहनों की कतार लगी रही। लगभग दस घंटे बाद सुबह 9 बजे के आसपास सड़क से पेड़ हटाकर यातायात बहाल किया गया।

### गरियाबंद- धमतरी...

खलिहान, तालाब, पोखर और छोटे-बड़े नाले लबालब भर गए हैं। लगातार बारिश के कारण सरगी नाला उफान पर है। वहीं कोपरा-डूमरपाली एनिकेट के ऊपर से पानी बहने लगा है, जिससे इस मार्ग पर आवागमन पूरी तरह बंद हो गया है। इसके चलते गरियाबंद और धमतरी जिले का संपर्क इस रास्ते से टूट गया है। लोग अब वैकल्पिक मार्गों का सहारा लेकर आवागमन कर रहे हैं।

**कार्यालय नगर पंचायत कोतबा, जिला जशपुर (छ.ग.)**

क्रमांक / 198/न.पं. / 2026-27 कोतबा, दिनाँक 6/07/2026
E-mail Id : cmonpkotba@gmail.com

**// संशोधित तृतीय ई-निविदा आमंत्रण सूचना (Date Corrigendum)//**

नगर पंचायत कोतबा द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली के तहत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न कार्यों हेतु ऑनलाईन (Online) के माध्यम से ई-निविदा आमंत्रित की गई है। निविदा की अंतिम तिथियों में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | सिस्टम टेंडर नम्बर | अनुमानित लागत (रु. लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि व समय | दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि व समय | निविदा खोले जाने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Revamping of Material Recovery Facility (MRF) including installation of Machinery and construction of Compost Plant in Municipal Areas of KOTBA, Chhattisgarh | 194225 | 25.67 | 10-07-2026 17:30 PM | 13-07-2026 16:30 PM | 14-07-2026 15:30 PM |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी छत्तीसगढ़ शासन के ई-प्रोक्यूरमेंट पोर्टल https://eproc.csstate.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट http//uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड किया जा सकता है।

नगर पंचायत के करों का भुगतान समय पर करें एवं नगर को स्वच्छ बनाये रखने में सहयोग

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत कोतबा


डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
Skin Care
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं
• लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग
• हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी
• कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग
• बांझपन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड
• बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744025

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
बाल्य रोगों व चुरना, दस्त (कृमि) के लिए विशेष लाभकारी
सुखौना टेबलेट
20 वर्षों से प्रसिद्ध 94060-21769



epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100


## आवश्यकता है

**आवश्यकता है**-पुस्तक प्रकाशन में टेलीकॉलिंग हेतु लड़कियों की आवश्यकता है। कंप्यूटर नॉलेज जरुरी। वेतन योग्यता अनुसार। अंग्रेजी वाले को प्राथमिकता। सम्पर्क करें- Evincepub Publishing, शिवम काम्प्लेक्स, ITI कोनी, बिलासपुर 62607 11728, 9171810321 **(41350)**

**आवश्यकता है**-घर के लिए चौकीदार एवं घरेलू सभी काम करने के लिए महिला की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार फैमिली वाले को प्राथमिकता सम्पर्क करें- मंगला चौक बिलासपुर 7583808008 **(41347)**

**आवश्यकता है**-सुपरवाइजर ई रिक्शा ड्राइवर, और ऑफिस वर्क के लिए युवती की आवश्यकता है तत्काल सम्पर्क करें- पीआरके एडवरटाइजिंग अग्रसेन चौक बिलासपुर 6263077177 **(41345)**

**आवश्यकता है**-ड्राइवर की आवश्यकता है। वैध ड्राइविंग लाइसेंस होना आवश्यक है। वेतन एवं अन्य सुविधाएँ चर्चा अनुसार। अनुभवी एवं फ्रेशर दोनों सम्पर्क करें- जीएम ट्रेडर्स श्याम टॉकीज रोड, बिलासपुर 84358 02555 **(41319)**

**आवश्यकता है**-मेडिकल सर्जिकल ऑफिस में कार्य हेतु लड़कियों (योग्यता 12वीं से ग्रेजुएट) एवं साफ सफाई हेतु लड़कियों की आवश्यकता है (कार्य समय-10घंटे), पता- श्रीविनायक सेल्स ए/158, अज्ञेय नगर बिलासपुर 9893367787 **(5396)**

**आवश्यकता है**-सिद्धि विनायक सिक्योरिटी सर्विसेज राजेंद्र नगर, बिलासपुर को निम्नलिखित पदों हेतु तत्काल आवश्यकता है (1) सुरक्षा टीम- सुरक्षागार्ड सुपरवाईजर, फील्ड ऑफिसर (2) ऑफिस कार्य कम्प्यूटर ई-टेंडरिंग, इंग्लिश में दक्ष कुशल स्टाफ। सम्पर्क करें- 91111 75190, 9098318675 **(41349)**

**आवश्यकता है**-बाइक ऑटो पार्ट्स (एक्सेसरीज) दुकान में काम करने हेतु सेल्समैन, हेल्पर और सॉफ्टवेयर ऑपरेटर (बीजी) चाहिए। नोट- वेतन अनुभव एवं योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- पुराना बस स्टैण्ड बिलासपुर 7869523344, 7301717175 **(41328)**

**आवश्यकता है**-रायपुर सिविल लाइन्स स्थित एक प्रतिष्ठित परिवार के लिए 12 घंटे एवं 24 घंटे कार्य हेतु अनुभवी ईमानदार और जिम्मेदार घरेलू नौकर की तत्काल आवश्यकता है अनुभव कम से कम 5वर्ष शिक्षा न्यूनतम 10वीं पास वेतन 20000 प्रतिमाह सुविधाएं रहने की व्यवस्था स्थान सिविल लाइन्स, रायपुर सम्पर्क करें-91099 72720, 9109125252 **(044)**

**आवश्यकता है**-ऑनलाइन कम्प्यूटर अनुभवी लड़का चाहिए (जो पर्सनल असिस्टेंट और फील्ड कार्य कर सके) वेतन योग्यता अनुसार बायोडाटा सहित सम्पर्क करें-शिवा एंटरप्राइजेज, अरपा कॉम्प्लेक्स पुराना बस स्टैण्ड बिलासपुर 7067124226. 9238421379 **(41332)**

**आवश्यकता है**-अनुभवी PRO (पब्लिक रिलेशन ऑफिसर) फील्ड वर्क, OT टेक्नीशियन की आवश्यकता है सम्पर्क करें- प्रभा हॉस्पिटल, महामाया चौक, रतनपुर रोड, लोधी पारा सरकंडा बिलासपुर 74709 46314 **(41346)**

**आवश्यकता है**-FMCG कम्पनी में कार, कमर्शियल व्हीकल हेतु ड्राइवर-2, सेल्समैन-4 (वेतन 15000 से 25000) जूनियर,सीनियर अकाउंटेंट, स्टॉक एंट्री हेतु लड़कियां-2 चाहिए सम्पर्क करें- ब्लू Sapphire डिस्ट्रीब्यूटर व्यापार विहार बिलासपुर 07752-411422 **(41343)**

**आवश्यकता है**-ऑनलाइन कॉस्मेटिक सामान के पार्सल पैकिंग हेतु लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है, वेतन 8000/- कार्य समय 10 से 8 पता- पाहवा इंटरप्राइजेज, गोल्डन बार के पीछे, व्यापार विहार बिलासपुर 81091 67000 **(41348)**

**आवश्यकता है**-शीघ्र आवश्यकता जो बाहर रह कर कार्य कर सके इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु लड़के, आयु 18 से 30वर्ष वेतन 12000+कमीशन+बोनस के साथ 20000 रहना फ्री+ गाड़ी किराया+ कोई शुल्क नहीं लगेगा संपर्क- 78800 03160, 7880003190 **(528)**

**आवश्यकता है**-कंस्ट्रक्शन लाइन में कार्य करने हेतु अनुभवी साइड सुपरवाइजर 2पद, एवं थोक सब्जी मंडी में कलेक्शन मैनेजर एवं सेल्समैन युवक की। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- (10am से 12pm) 98935 99044 **(41344)**

**आवश्यकता है**-10 चक्का हाइवा ड्राइवर रेती घाट अनुभवी ड्राइवर, हेल्पर चाहिए। हेवी लाईसेन्स आयु 25 वर्ष से ऊपर अनिवार्य। वेतन- ड्राइवर 10000/- हेल्पर 4000/- भत्ता 600/- प्रतिदिन। केवल जयराम नगर, कर्रा मस्तूरी, दर्री घाट एवं आसपास के गांवों के उम्मीदवारों को प्राथमिकता, ईमानदार, जिम्मेदार, नशा मुक्त एवं वाहन की देखभाल करने वाले उम्मीदवार ही सम्पर्क करें- 9109395522 **(41341)**

**आवश्यकता है**-CA ऑफिस में काम करने के लिए चपरासी (Peon) की आवश्यकता है योग्यता- दसवीं, बारहवीं पता- काशी कॉम्प्लेक्स लिंक रोड बिलासपुर सम्पर्क करें- 9300492291 **(41342)**

**आवश्यकता है**-आर्टिफिशियल ज्वेलरी शॉप में लड़कों, लड़कियों की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- संध्या ज्वेलरी एण्ड कॉस्मेटिक श्रीराम क्लॉथ मार्केट, अग्रसेन चौक बिलासपुर (प्रातः 11बजे के पहले फोन ना करें) 96910 83080, 7987423847 **(41326)**

**आवश्यकता है**-घर में रहकर झाड़ पोछा एवं साफ सफाई कार्य करने हेतु पुरुष कर्मचारी या लड़के की आवश्यकता है। दोपहर 12 बजे के बाद सम्पर्क करें- 9827195555 **(41334)**

**आवश्यकता है**- ऑफिस कार्य करने के लिए (महिला/युवती) कम्प्यूटर आपरेटर की आवश्यकता है। वेतन 15000 से 20000 तक सम्पर्क करें- 8817395214 **(41339)**

**आवश्यकता है**-बाल मुकुन्द उच्च.माध्य. विद्यालय भारतीय नगर चौक तालापारा बिलासपुर में निम्न पदों की आवश्यकता है चपरासी- 1पद (वेतन 4अंको में) शिक्षक- कला संकाय (अंग्रेजी माध्यम) 1पद, वाणिज्य संकाय (अंग्रेजी माध्यम) 1पद, रसायन शास्त्र (अंग्रेजी माध्यम) 1पद हिन्दी व्याख्याता 1पद, अंग्रेजी सहायक शिक्षक TGT प्राथमिक, विज्ञान हेतु बीएड, टेट उत्तीर्ण उम्मीदवार को प्राथमिकता सम्पर्क करें- 9329875378 **(41325)**

**आवश्यकता है**-झाड़ पोछा, सफाई वेटर (18वर्ष से ऊपर) (10000) कर्मचारी, मेहनती कार्य हेतु लड़कों की। वेतन 10000 से 12000 ग्रामीणों को रहना खाना, निशुल्क पता- अग्रवाल लॉज गोल बाजार, बिलासपुर 9406390898 **(41297)**

**आवश्यकता है**-निष्कर्ष पैथोलॉजी क्लीनिक में पैथोलॉजी लैब टेक्नीशियन की आवश्यकता है बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- दोपहर 1बजे से 7बजे, प्रथम तल, डॉ. अग्रवाल डिजिटल एक्स-रे एवं सोनोग्राफी सेन्टर जूनीलाइन, बिलासपुर 7869911027 **(41329)**

**आवश्यकता है**-तत्काल भर्ती सुरक्षागार्ड 25, ड्राइवर 10, फिल्ड ऑफिसर 10 बाइक अनिवार्य, वेतन- 11000 से 18000+ रहना फ्री, साईट बिलासपुर, भूपदेवपुर पता- शॉप नं.-210 फर्स्ट फ्लोर बालाजी प्लाजा 8461881110, 9111000881, 88898 23100 **(41295)**

**आवश्यकता है**-UTN Shop में सर्वे कार्य हेतु लड़के, लड़कियों चाहिए सैलरी 10000 से 15000, रिसेप्शनिस्ट 1पद, वेतन 6000 पता- शॉप नम्बर FS16 प्रथम तल, सीएलसी प्लाजा मंगला चौक बिलासपुर 79995 94790, 7806007192 **(41302)**

**आवश्यकता है**-सनराइज पब्लिक स्कूल में कक्षा पहली से छठवीं तक गणित, हिन्दी पढ़ाने के लिए शिक्षिका एव सुरक्षा गार्ड की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- सुबह 9बजे से दोपहर 12बजे तक 9691700427 **(41335)**

**आवश्यकता है**-रुम सर्विस के लिए दो लड़के एवं मिस्त्री एवं खाना बनाने के लिए बाई की आवश्यकता है सम्पर्क करें- सुबह 10बजे से दोपहर 3बजे तक, हॉटल राज दयालबंद बिलासपुर 07752 402971 **(41299)**

**आवश्यकता है**-बिलासपुर एवं मस्तूरी स्थित ऑफिस में कार्य करने हेतु अनुभवी अकाउंटेंट की आवश्यकता है। जिसे टैली एवं एक्सेल की जानकारी हो। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें-94255 49722 **(0160)**

## बेचना

**बेचना है**-रायपुर रोड छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के सामने एयरपोर्ट रोड पर 50×200= 10000वर्गफिट व्यावसायिक डायवर्टेड बाऊन्ड्रीवाल किया हुआ प्लॉट बेचना है सम्पर्क करें- 9340685602 **(41330)**

**बेचना है**-श्रीं अम्बा टावर्स फेस 1 में 2BHK फ्लैट, 4th फ्लोर लिफ्ट सुविधा उपलब्ध। बेचना है, अथवा किराये (सरकारी कर्मचारी कोप्राथमिकता) से देना है, L-2 विद्या नगर बिलासपुर सम्पर्क करें- 7415651736 **(41327)**

**बेचना है**-दुकान बेचना है शनिचरी पड़ाव में 8×12 साईज की तीन मंजिला दुकान वर्तमान की स्टेशनरी की चालू हालत में जमीं जमाई दुकान बेचना है। सम्पर्क करें- 9131452265, 98274 73604 **(41336)**


Advertisement Booking
Time 10.30 AM To 4.00 PM


## किराया


**किराया**-600 वर्गफिट का हाल छोटे व्यवसाइयों को किराए से देना है। आयुर्वेदिक अस्पताल के पीछे, नूतन चौक के पास सरकंडा में (पार्किंग सुविधा) सहित सम्पर्क करें- 9329879789, 9303483227 **(41331)**

## फाइनेन्स

**लोन**-Sai Kripa Financial Service पर्सनल लोन, मॉर्गेज लोन, बिजनेस लोन,लोन ट्रांसफर (BT), होम लोन, केसीसी लोन, पट्टे पर लोन, कार एवं हेवी व्हीकल लोन, बिना बैंक के चक्कर लगायें लोन प्राप्त करें पता- शॉप नं.- 231 आकाशगंगा, ढिल्लन कॉम्पलेक्स सुपेला भिलाई मो.-नुरज सिंह राजपुत 7587287565, 91650 58207, 83139119645 **(307)**


Medicare Specialists
छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी,धातु का पतलापन,शुगर,बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

गुप्त रोगी स्वयं मिले

शादी से घबराहट गुप्त रोग
■ शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी
■ शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता
■ लिंग में ढीलापन, छोटापन, पतलापन
■ लिंग में टेढ़ापन
■ वीर्य में शुक्राणु की कमी
■ बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी
■ पेशाब में धातु जाना
■ शुगर से सेक्स में आई हुई कमजोरी
संपर्क जे.जे. अहमद दवाखाना
सरकारी आई.टी.आई. पॉवर हाऊस अंबेडकर चौक, सी मार्ट के सामने बस स्टैण्ड, भिलाई
प्रतिदिन - सोम से शनि समय - 9 बजे से 5 बजे तक
रविवार - 9 बजे से 2 बजे तक
9098889899


## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल काम्पलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230
- शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- मो. 9993567380, 8770837744
- एड प्रयास:- मो. 9826701269, 9926003943
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- मो. 9827168452, 9300625174
- रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- मो. 9826129386, 8319503386
- जे.जे. एडवरटाइजर्स:- मो. 9300659628
- रौनक पब्लिसिटी:- मो. 9300328290, 9981658490
- भार्गव एडवरटाइजर्स:- मो. 9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- मो. 9826705603
- एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- मो. 9827180896, 9131155033
- श्री श्याम पब्लिसिटी:- मो. 9425540759
- अमित पब्लिकेशन:- मो. 9826304304, 9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:- मो. 9302462506
- माधवास & कम्पनी:- मो. 9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:- मो. 9827466133, 9907047586
- हिबिस्कस मार्केटिंग एण्ड एडवर्टाइजमेंट:- मो. 8109229025






## हालैंड ने दागे शानदार दो गोल, पांच बार के चैंपियन ब्राजील को 2-1 से हराया

# नॉर्वे पहली बार क्वार्टर फाइनल में, ब्राजील बाहर

एजेंसी ▶▶| ईस्ट रदरफोर्ड

एर्लिंग हालैंड ने 80वें मिनट में पहला गोल किया और नियमित समय के समाप्त होने से ठीक पहले एक और गोल दागा, जिससे नॉर्वे ने पांच बार के चैंपियन ब्राजील को 2-1 से हराकर पहली बार विश्व कप फुटबॉल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इस युवा स्ट्राइकर को मैच में अधिकतर समय गेंद को स्पर्श करने के कम ही मौके मिले लेकिन जब महत्वपूर्ण अवसर पर गेंद उनकी जद में आई तो उन्होंने फुटबॉल के सबसे बड़े मंच पर दिखा दिया कि वह कितने प्रतिभाशाली हैं। हालैंड ने हाफ टाइम के बाद मैदान में उतरे एंड्रियास शेल्डरुप के बेहतरीन पास पर गेंद को अपने दाहिने तरफ से गोल में पहुंचाया। यह छह फुट पांच इंच लंबे हालैंड का विश्व कप में छठा गोल था, जिसका जश्न शेल्डरुप ने उनकी पीठ पर चढ़कर मनाया। शेल्डरुप ने इसके बाद हालैंड के विश्व कप में सातवें गोल करने में भी मदद की और फिर उसी तरह से जश्न मनाया।



### मेस्सी, एमबाप्पे की बराबरी पहुंचे हालैंड

इस गोल से हालैंड ने मौजूदा टूर्नामेंट में सर्वाधिक गोल करने के मामले में लियोनेल मेस्सी और काइलियन एमबाप्पे की बराबरी कर ली। ब्राजील की तरफ से नेमार ने स्टॉपेज टाइम के अंत में पेनल्टी किक पर गोल किया, जिससे उसकी हार का अंतर ही कम हुआ। हालैंड ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार 14 प्रतिस्पर्धी मैचों में गोल करने का सिलसिला जारी रखा। इस दौरान उन्होंने 27 गोल किए हैं। नॉर्वे के लिए वह 54 मैचों में 62 गोल कर चुके हैं। नॉर्वे की इस जीत में उसके गोलकीपर ओरजान नाइलैंड की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिन्होंने कुछ शानदार बचाव किए।


## नेमार ने इंटरनेशनल फुटबॉल को कहा अलविदा



**ईस्ट रदरफोर्ड।** स्टार स्ट्राइकर नेमार ने ब्राजील के विश्व कप से बाहर होने के बाद अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा की। नेमार ने कहा, 'मैंने अपनी तरफ से प्रयास किए। इसकी शुरुआत मेटलाइफ स्टेडियम से हुई थी और यहीं पर इसका अंत हुआ। अब यह सब खत्म हो चुका है।' इस 34 वर्षीय खिलाड़ी ने 9 अगस्त 2010 को इसी स्टेडियम में अमेरिका के खिलाफ मैत्री मैच से अपने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल करियर की शुरुआत की थी। उन्होंने नॉर्वे के खिलाफ बेंच से मैदान में उतरने के बाद अंतिम मिनटों में पेनल्टी किक पर गोल किया। ढदाहिनी पिंडली में चोट के कारण नेमार टूर्नामेंट में ब्राजील के पांच मैचों में से केवल दो में ही खेल पाए। ग्रुप चरण में वह स्कॉटलैंड के खिलाफ सिर्फ 15 मिनट के लिए मैदान पर उतरे थे। एक दशक से अधिक समय तक ब्राज़ील के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे नेमार हाल के वर्षों में चोटों से जूझते रहे, जिससे वह अपनी पूरी क्षमता से नहीं खेल पा रहे थे। ब्राजील फुटबॉल की जिम्मेदारी अब अगली पीढ़ी संभाल रही है।

### जीत के बाद जश्न में डूबा नॉर्वे

**ईस्ट रदरफोर्ड।** पांच बार के चैंपियन ब्राजील पर 2-1 से मिली जीत में दोनों गोल करने वाले एर्लिंग हालैंड का मन नॉर्वे की गलियों में घूम रहा है, जहां हजारों की तादाद में फुटबॉलप्रेमी साथ में 'वाइकिंग रो' जश्न मना रहे हैं। हालैंड ने इस असाधारण जीत के बाद कहा ,' नॉर्वे की सड़कों को देखो। मैंने पहले ऐसा कभी नहीं देखा। काश मैं ओस्लो में होता और उन लोगों के साथ जश्न मना रहा होता।' लेकिन नॉर्वे फुटबॉल टीम के लिए अच्छा है कि वह अमेरिका में हैं और फीफा विश्व कप में दनादन गोल करके 55 लाख के करीब आबादी वाले अपने देश को जश्न मनाने के मौके लगातार दे रहे हैं। ओस्लो में टाउन हॉल के बाहर चौक पर करीब 50 हजार प्रशंसक मौजूद थे, जिन्होंने गले में नॉर्वे फुटबॉल का स्कार्फ पहन रखा था। नॉर्वे के युवराज हाकॉन रॉयल पैलेस के बाहर प्रशंसकों से मिले और मैच के बाद 'वाइकिंग रो' में भी हिस्सा लिया। अब दुनिया भर में लोकप्रिय हुए 'वाइकिंग रो' में सभी प्रशंसक जमीन पर एक लाइन में बैठ जाते हैं, मानो वे किसी पुरानी 'वाइकिंग लॉन्गबोट' (समुद्री नाव) में बैठे हों। फिर एक लीडर ड्रम बजाना शुरू करता है। ड्रम की बीट के साथ हजारों फैंस एक साथ अपने हाथों से नाव चलाने का एक्शन करते हैं और पूरी ताकत से 'रो!' चिल्लाते हैं।



## इंग्लैंड ने रोका मैक्सिको का अजेय अभियान, अंतिम 16 में बनाई जगह

**मैक्सिको सिटी।** इंग्लैंड की एस्टाडियो एज़्टेका स्टेडियम से कुछ कड़वी यादें जुड़ी थी जबकि मैक्सिको विश्व कप में हमेशा यहां से सुखद अनुभूति के साथ ही लौटा था लेकिन इसका उल्टा हो गया। इंग्लैंड ने मैक्सिको को अंतिम 16 के एक बेहद रोमांचक मुकाबले में 3-2 से पराजित करके विश्व कप फुटबॉल के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। जूड बेलिंगहैम ने 98 सेकंड के अंतराल में दो गोल किए और हैरी केन ने पेनल्टी को तब गोल में बदला जब इंग्लैंड 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहा था। इससे इंग्लैंड ने इस स्टेडियम में मैक्सिको को विश्व कप में पहली हार का स्वाद चखाया। इंग्लैंड सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए शनिवार को फ्लोरिडा के मियामी गार्डन्स में नॉर्वे का सामना करेगा। यह वही स्टेडियम है, जहां 1986 के विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में डियागो माराडोना के कुख्यात 'हैंड ऑफ गॉड' गोल और 'सदी के सर्वश्रेष्ठ गोल' की बदौलत अर्जेंटीना ने इंग्लैंड को हराया था।

### खबर संक्षेप



#### अदिति ने हासिल किया तीसरा स्थान

**हुलेनकोर्ट।** गोल्फर अदिति अशोक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हुलेनकोर्ट विमेंस ओपन में तीसरा स्थान हासिल किया, जबकि दीक्षा डागर संयुक्त सातवें स्थान पर रहीं। अदिति ने अंतिम दौर में दो-अंडर 70 का कार्ड खेला। उनका कुल स्कोर नौ-अंडर 279 रहा। वह स्पेन की विजेता कैरोलिना लोपेज चाकारा से तीन शॉट पीछे रहीं। चाकारा ने अंतिम दौर में चार-अंडर 68 का कार्ड खेलते हुए कुल 12-अंडर 276 के स्कोर के साथ खिताब अपने नाम किया। ऑस्ट्रेलिया की केल्सी बेनेट (एक-ओवर 73) कुल नौ-अंडर के स्कोर के साथ उपविजेता रहीं। अदिति और दीक्षा ने अंतिम दौर की शुरुआत संयुक्त तीसरे स्थान से की थी। तब दोनों का स्कोर पांच-अंडर था और वे बेनेट से पांच स्ट्रोक पीछे थे।

#### 16 जुलाई से चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स टूर्नामेंट




**चेन्नई।** विश्व चैंपियन गुकेश, अर्जुन एरिगेसी और पूर्व विश्व रैपिड चैंपियन नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव उन स्टार खिलाड़ियों में शामिल हैं, जो 16 से 22 जुलाई तक आयोजित होने वाले चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स के चौथे सत्र में हिस्सा लेंगे। इस 75 लाख रुपए इनामी राशि वाले टूर्नामेंट से महत्वपूर्ण फिडे सर्किट अंक भी मिलेंगे, जो अगले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने की कोशिश में जुटे खिलाड़ियों के लिए अहम होंगे। प्रतियोगिता में दो बार के ग्रैंड चेस टूर चैंपियन अलीरेजा फिरोजा, 2026 बुलेट चेस चैंपियन निहाल सरीन, पूर्व कैंडिडेट्स चैलेंजर दिमित्री आंद्रेकिन, अमेरिकी ग्रैंडमास्टर हेन्स नीमैन और पिछले साल के चैलेंजर्स चैंपियन प्रणेश एम भी खेलते हुए नजर आएंगे। पहली बार टूर्नामेंट में 'ओपनिंग मूव्स फोटोस्लॉट' टिकट पेश किया जाएगा।

विम्बलडन

## ओसाका ने विश्व नंबर-1 सबालेंका को हराया, क्वार्टर फाइनल में एंट्री

एजेंसी ▶▶| लंदन

जापान की नाओमी ओसाका ने विम्बलडन में इस साल के बहुप्रतीक्षित मुकाबले में विश्व नंबर एक एरीना सबालेंका को 6-2, 7-6 से हराकर पहली बार इस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

मुकाबले से पहले सबालेंका इस वर्ष तीनों भिड़ंतों में ओसाका को हरा चुकी थीं, जिनमें पिछले महीने फ्रेंच ओपन के इसी दौर का मुकाबला भी शामिल था। ओसाका ने मैच के शुरुआती सेट में अपना सब कुछ झोंक दिया और उनकी यह रणनीति कारगर रही। ओसाका की तेज और सपाट ग्राउंडस्ट्रोक्स के सामने सबालेंका बेबस नजर आईं।

### ओसाका ने मनाया जीत का उत्सव

ओसाका ने कहा, 'क्ले कोर्ट पर मुझे लगा कि वह लगातार मुझे बैकफुट पर धकेल रही थीं। इस बार मेरी कोशिश थी कि मैं पहले उन पर दबाव बनाऊं।' जीत के बाद ओसाका ने मुट्ठियां लहराकर जश्न मनाया, मुस्कुराईं और रैकेट सिर के ऊपर उठाकर घूमते हुए सेंटर कोर्ट पर अपने करियर की पहली जीत का उत्सव मनाया।



### ओसाका के सामने अब मुचोवा की चुनौती

अंतिम आठ में ओसाका के सामने अब कारोलिना मुचोवा की चुनौती होगी। मुचोवा ने मौजूदा चैंपियन बारबोरा क्रेजिकोवा को 7-5, 5-7, 6-3 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। इसके परिणाम के साथ यह भी तय हो गया कि इस बार विम्बलडन महिला एकल में नया चैंपियन मिलेगा। महिला एकल के अन्य मुकाबले में अमेरिका की कोको गॉफ ने बेलिंडा बेनचिच को 4-6, 6-3, 6-4 से हराकर पहली बार विम्बलडन के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। अब उनका सामना हमवतन जेसिका पेगुला से होगा, जिन्होंने अमेरिका की एक अन्य खिलाड़ी ईवा जोविच को 4-6, 6-3, 6-1 से पराजित किया।

## टीम इंडिया में बदलाव के संकेत बिश्नोई हो सकते हैं बाहर

एजेंसी ▶▶| नॉटिंघम

ब्रिटेन दौरे पर अब तक जीत का स्वाद चखने में नाकाम रही भारतीय टीम मंगलवार को इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में संयोजन में बदलाव कर सकती है। कप्तान श्रेयस अय्यर की अगुआई में टीम प्रबंधन अतिरिक्त तेज गेंदबाज को अंतिम एकादश में शामिल करने पर विचार कर रहा है, जबकि लेग स्पिनर रवि बिश्नोई की जगह खतरे में दिखाई दे रही है।



### अय्यर की कप्तानी में तीन मुकाबले हारी टीम

अय्यर की कप्तानी में भारत अब तक चार में से तीन मुकाबले हार चुका है। इनमें आयरलैंड के खिलाफ 0-2 की शर्मनाक श्रृंखला हार भी शामिल है। ऐसे में टीम के लिए तीसरा टी20 'करो या मरो' जैसा मुकाबला बन गया है। मैनचेस्टर में खेले गए दूसरे टी20 में बिश्नोई पूरी तरह लय से बाहर नजर आए।

## श्रीलंका के खिलाफ वेस्टइंडीज का पलटवार

### दूसरा टेस्ट : शाई होप और ग्रीव्स ने की शानदार साझेदारी

एजेंसी ▶▶| नार्थ साउंड

कप्तान शाई होप और जस्टिन ग्रीव्स के बीच पांचवें विकेट के लिए 174 रन की अटूट साझेदारी की बदौलत वेस्टइंडीज ने दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन रविवार का खेल समाप्त होने तक अपनी पहली पारी में चार विकेट पर 318 रन बना लिए। टीम अब भी श्रीलंका के 9 विकेट पर 549 रन पर पारी घोषित स्कोर से 231 रन पीछे है।



### अब तक गिरे सिर्फ 13 विकेट

धीमी रफ्तार से आगे बढ़े दिन के खेल में केवल तीन विकेट गिरे, जबकि कुल 260 रन बने। टेस्ट के पहले तीन दिनों में अब तक सिर्फ 13 विकेट ही गिरे हैं, जो बल्लेबाजों के अनुकूल पिच का संकेत है। स्टंप्स के समय होप 86 और ग्रीव्स 85 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। दोनों अपने-अपने टेस्ट करियर के क्रमशः पांचवें और तीसरे शतक की ओर बढ़ रहे हैं। साथ ही उनकी नजर न्यूजीलैंड के खिलाफ दिसंबर में क्राइस्टचर्च में बनाई गई 196 रन की अपनी सर्वोच्च साझेदारी के रिकॉर्ड पर भी है।

दक्षिण पूर्व रेलवे
शुद्धिपत्र
मुख्य परियोजना प्रबंधक/गति शक्ति इकाई/चक्रधरपुर, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा पूर्व प्रकाशित **निविदा सूचना सं. सीकेपी-जीएसयू-पीएसएसए-26-27-05 में संशोधन।** ऊपरोक्त निविदा में, **निविदा सूचना सं.** सीकेपी-जीएसयू-पीएसएसए-26-27-05 को **सीकेपी-जीएसयू-पीएसएसए-26-27-06** के रूप में पढ़ें। पूर्व प्रकाशित शेष विषय-वस्तु अपरिवर्तित रहेंगे। निविदा वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। (PR-423/C)

homefirst We'll take you home
**Home First Finance Company India Limited**
CIN: L65990MH2010PLC240703, Website: homefirstindia.com
Phone No.: 18003008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com
धारा 13 (2) के तहत मांग सूचना

आप, निम्नलिखित ऋणधारक, ने अनुसूची में उल्लिखित संपत्ति को गिरवी रखकर ऋण लिया है और आप ही ने ऋण समझौते के लिए ऋणधारक/सह–ऋणधारक/जमानतदार के रूप में कार्य किया है। आपके द्वारा किए गए चूक के परिणामस्वरूप, प्रतिभूतिकरण एवं वित्तीय परिसंपत्तियों का पुनर्निर्माण एवं सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (संक्षेप में सरफेसी अधिनियम) के प्रावधानों के तहत **04-07-2026** को आपके ऋण खाते को गैर–निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। हम, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड, ने सरफेसी अधिनियम की धारा 13(2) के साथ धारा 13(13) के तहत आपके द्वारा दिए गए पते पर मांग नोटिस जारी किया है। उक्त नोटिस **04-07-2026** को जारी किए गए हैं और इनमें कहा गया है कि आपने आपको स्वीकृत विभिन्न ऋणों के भुगतान में चूक की है। अत:, वर्तमान प्रकाशन एसएआरएफएईएसआई अधिनियम की धारा 13 (2) के प्रावधान के अनुसार और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3(1) के प्रावधान के अनुसार नोटिस देने के लिए किया गया है:

| क्र. स. | खाताधारक का नाम व पता, ऋणधारक(ओं) एवं जमानतदार(ओं) | लागू की जाने वाली सुरक्षा का विवरण | मांग नोटिस की तिथि तक कुल बकाया राशि, ब्याज और अन्य व्यय सहित (रुपये में) |
|---|---|---|---|
| 1. | आर्यन दुबे, तुषार दुबे, धर्मेंद्र दुबे, कविता दुबे | मकान-मौजा बोदरी, शीट नं. 8 का भाग, प्लॉट नंबर 27/11, ख.नं. 261/12, मौजा बोदरी, प.ह.नं. 1, महाल नं. 3, रा.नि.मं. बिल्हा, तह.व जिला-बिल्हा व बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495006, चौहद्दी: पूर्व-निस्तारी रोड, पश्चिम-कुकरेजा की भूमि, उत्तर-दिलीप मानिकपुरी की भूमि, दक्षिण-श्रद्धा विश्वकर्मा की भूमि। | 28,67,767 |
| 2. | भुजबल यादव, लता यादव, शुभम यादव | मकान-प्लॉट नं. 864/5, ख.नं. 580/25, मौजा खमतराई, प.ह.नं. 17/25, रा.नि.मं. कोनी, विकासखंड बिल्हा, तह. व जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001, चौहद्दी:पूर्व-जोहर बारमल का प्लॉट, , पश्चिम-निस्तारी रास्ता, उत्तर-विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण-विक्रेता का प्लॉट | 9,27,797 |
| 3. | कमल कांत गुप्ता, ज्योति गुप्ता | प्लॉट-प्लॉट नं. 44/1, ख.नं. 236/1 (भाग), मौजा सिरगिट्टी, प.ह.नं.23/41/30, रा.नि.मं. बिलासपुर, विकास खंड बिल्हा, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001., चौहद्दी: पूर्व-विक्रेता की भूमि, पश्चिम- रजक की भूमि, उत्तर-निस्तारी रास्ता, दक्षिण-राव का मकान। | 11,02,542 |
| 4. | कमल किशोर कुर्रे, ज्योति कुर्रे | मकान-मौजा मुंगेली विनोबा नगर पानी टंकी वार्ड प.ह.नं. 26/6 ख.नं. 615/50, मुंगेली, छत्तीसगढ़-495334, चौहद्दी: पूर्व-विक्रेताओं की संपत्ति, पश्चिम-अन्य की भूमि, उत्तर-20 फुट प्रस्तावित भूमि, दक्षिण-पाटलिपुत्र कॉलोनी | 8,32,431 |
| 5. | मनीष साव, पूजा साव | घर-मौजा सैदा प.ह.नं.41 ख.नं. 248/3(भाग) तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग., बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001, चौहद्दी: पूर्व-निस्तारी रोड, पश्चिम-कुकरेजा की भूमि, उत्तर-दिलीप मानिकपुरी की भूमि, दक्षिण-श्रद्धा विश्वकर्मा की भूमि | 13,40,535 |
| 6. | पुनीत दास मानिकपुरी, संध्या मानिकपुरी | मकान-प.ह.नं. नंबर, 61, सकरी, ख.नं. 14/83, प.ह.नं.61, मौजा घुरु, रा.नि.मं. सकरी, तहसील सकरी एवं जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 चौहद्दी: पूर्व-विक्रेता की शेष भूमि, पश्चिम - गीता कश्यप की भूमि, उत्तर - रास्ता, दक्षिण - विमला बाई की भूमि | 7,19,097 |
| 7. | सेवाराम रात्रे, सुनीता रात्रे | फ्लैट-मौजा सैदा, मौजा सैदा ख.नं.37/62 प.ह.नं. 41 तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग., बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001, चौहद्दी: पूर्व-विक्रेता की भूमि, पश्चिम-रजक की भूमि, उत्तर-निस्तारी रास्ता, दक्षिण-राव का मकान। | 8,26,292 |
| 8. | शुभम श्रीवास, खेमलाल श्रीवास | मकान-मौजा सैदा, प.ह.नं.41 ख.नं.248/3, तहसील सकरी जिला बिलासपुर, छ.ग., बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001, चौहद्दी: पूर्व- गोविंद और कोमल का प्लॉट, पश्चिम-निस्तारी रास्ता, उत्तर- चंद्रप्रकाश पांडे का प्लॉट, दक्षिण-खंड चंद्रप्रकाश पांडे का प्लॉट। | 11,47,600 |
| 9. | उत्तम सिंह लहरे, श्यामकली लहरे | मकान-मौजा उसलापुर, ख.नं 236/7, प.ह.नं. 26/45, मौजा उस्लापुर, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001, चौहद्दी: पूर्व-गलियारा, पश्चिम- खुला आकाश, उत्तर- फ्लैट नंबर 129, दक्षिण-फ्लैट 127 | 15,11,307 |
| 10. | विनय कुमार शर्मा, गोपी कुमार शर्मा, शशि शर्मा | प्लॉट-1704/3/क/2, प.ह.नं. 53, मौजा निरतू, ख.नं. 147/4, प.ह.नं. 41 रा.नि.मं. सकरी मौजा सैदा, तहसील सकरी एवं जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001, चौहद्दी: पूर्व-विक्रेता की भूमि, पश्चिम - विक्रेता की भूमि, उत्तर - प्रस्तावित सड़क, दक्षिण - विक्रेता की भूमि | 12,66,363 |

आपको इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड को ब्याज और लागत सहित उपर्युक्त राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है, अन्यथा होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड उक्त अधिनियम के प्रावधानों के तहत ऋणधारकों, बंधककर्ताओं एवं जमानतदारों की सभी या किसी एक या अधिक सुरक्षित संपत्तियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करेगी, जिसमें उनकी सुरक्षित संपत्तियों पर कब्जा करना भी शामिल है। उक्त अधिनियम के तहत होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड को प्राप्त शक्तियों में शामिल हैं: (1) ऋणधारकों/जमानतदारों की सुरक्षित संपत्तियों पर कब्जा करने की शक्ति, जिसमें सुरक्षित संपत्तियों को मुक्त करने के लिए पट्टे, आवंटन या बिक्री के माध्यम से हस्तांतरण का अधिकार शामिल है; (2) सुरक्षित संपत्तियों का प्रबंधन अपने हाथ में लेना, जिसमें पट्टे, आवंटन या बिक्री के माध्यम से हस्तांतरण का अधिकार शामिल है, और सुरक्षित संपत्तियों को वसूल करना; और होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड द्वारा सुरक्षित संपत्तियों का कोई भी हस्तांतरण, हस्तांतरित सुरक्षित संपत्तियों के सभी अधिकारों और संबंधों में उसी प्रकार निहित होगा जैसे कि हस्तांतरण आपके द्वारा किया गया हो।

उक्त अधिनियम की धारा 13(13) के प्रावधानों के अनुसार, आपको होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड की पूर्व सहमति के बिना, ऊपर उल्लिखित और होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड के पास गिरवी रखी गई किसी भी सुरक्षित संपत्ति को बिक्री, पट्टे या अन्य किसी भी तरीके से (आपके व्यवसाय के सामान्य संचालन के अलावा) हस्तांतरित करने से प्रतिबंधित किया जाता है।

स्थान: बिलासपुर
दिनांक: 07–07–2026
हस्ताक्षरकर्ता: अधिकृत अधिकारी, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड





## दुनिया की अनोखी शादी

# दूल्हा बने नेताजी और दुल्हन मगरमच्छ



**मेक्सिको।** मेक्सिको के दक्षिणी प्रांत ओक्षासा में स्थित सैन पेड्रो हुआमेलुला से एक बेहद हैरान करने वाली खबर सामने आई है। यहां के विक्टर ह्यूगो सोसा ने एक मादा मगरमच्छ से अनोखी शादी है, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है। सबसे हैरानी वाली बात यह है कि मगरमच्छ को दुल्हन की तरह सजाया गया था। उसे सफेद ड्रेस पहनाई गई खी और फूलों से सजाया गया था। मेयर विक्टर को दुल्हन बने मगरमच्छ को बार-बार किस करते हुए देखे गए। सोशल मीडिया पर मेयर और मगरमच्छ की शादी की फोटो और वीडियो तेजी से वायरल हो रहे हैं।

**क्यों मेयर ने की मगरमच्छ से शादी :** मगरमच्छ और मेयर की शादी सदियों पुरानी एक आदिवासी परंपरा है। मीडियो रिपोर्ट्स के मुताबिक, स्थानीय का कहना है कि मेयर के मगरमच्छ से शादी करने से यहां के मछुआरों को अच्छी किस्मत मिलती है। समुद्र में मछली पकड़ने में सफल होते हैं और पूरे समुदाय समृद्ध होता है। इसी परंपरा के तहत मेयर ने मगरमच्छ से शादी की है।

### आखिर क्या है परंपरा?

मेक्सिको में पारंपरिक रीति के मुताबिक, मगरमच्छ को राजकुमारी माना जाता है। इस मगरमच्छ को एक राजकुमारी के समान मान्यता दी जाती है। पारंपरिक विवाह समारोह का बीते 230 वर्षों से आयोजन किया जा रहा है। इस परंपरा के मुताबिक, मेयर को चोंटल के राजा का प्रतीक माना जाता है, जिसकी वजह से उन्हें मगरमच्छ से शादी करनी पड़ती है। ऐसी शादी को खुशहाली और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है।

## भारत की 'गुरुकुल डिप्लोमेसी', वीडियो भी किया शेयर

# 6000 किमी दूर ऑस्ट्रिया में विदेशी बच्चे पढ़ रहे पंचतंत्र का पाठ

**विएना।** स्कूल में पढ़ाई के दौरान आपने पंचतंत्र की कहानियां जरूर पढ़ी होंगी। अब इन्हें भारत से 6000 किलोमीटर दूर यूरोप के ऑस्ट्रिया शहर में भी स्कूली बच्चों को पढ़ाया जा रहा है। ऑस्ट्रिया में भारतीय राजदूत शंभू कुमारन ने 1 जुलाई को वियना के स्कूली बच्चों को पंचतंत्र की कहानियां सुनाईं। वियना स्थित भारतीय दूतावास ने एक पोस्ट में राजदूत द्वारा बच्चों को पढ़ाने की गतिविधि को 'गुरुकुल डिप्लोमेसी' का नाम दिया है। भारतीय दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट किया। इसमें उसने लिखा, 'गुरुकुल डिप्लोमेसी-भारतीय राजदूत शंभू कुमारन वियना में स्कूली बच्चों को पंचतंत्र की कहानियां पढ़ा रहे हैं।' इसके अलावा, ये भी बताया गया कि ऑस्ट्रियाई स्कूली बच्चों के लिए हाल ही में पंचतंत्र का जर्मन अनुवाद भी उपलब्ध कराया गया है। इस पोस्ट के साथ एक वीडियो भी शेयर किया गया है, जिसमें भारतीय राजदूत को बच्चों को पढ़ाते हुए देखा जा सकता है।



### पंचतंत्र की कहानियों से जुड़ रहे ऑस्ट्रियाई बच्चेः भारतीय राजदूत

राजदूत शंभू कुमारन ने बच्चों को पढ़ाने को गर्व का पल बताया और इसे भारत और ऑस्ट्रिया के बीच सांस्कृतिक सेतु बनाने का एक मौका कहा। उन्होंने कहा कि बच्चे पंचतंत्र की कहानियों से तुरंत जुड़ गए। उन्होंने किताब में शानदार चित्र बनाने के लिए ऑस्ट्रियाई कार्टूनिस्ट क्लॉस पिटर का भी धन्यवाद किया। यह देखकर बहुत अच्छा लगा कि ऑस्ट्रियाई बच्चे पंचतंत्र से इतनी आसानी से जुड़ रहे हैं। मैं इस सांस्कृतिक सेतु का हिस्सा बनकर खुश हूं, जो कुछ रंगीन कहानियों के जरिए महाद्वीपों और पीढ़ियों को जोड़ता है। शानदार चित्रों के लिए ऑस्ट्रियाई कार्टूनिस्ट क्लॉस पिटर का विशेष धन्यवाद।

### जर्मन भाषा में पंचतंत्र की कहानियों का हो रहा पॉडकास्ट

राजदूत देश भर में बच्चों को नियमित रूप से पंचतंत्र की कहानियां सुनाते रहे हैं। इससे पहले जून में, ऑस्ट्रिया में भारतीय दूतावास ने वियना शहर और स्थानीय स्कूलों में 'बाउंस बैक' प्रोजेक्ट के सहयोग से 'स्टोरीज फ्रॉम द पंचतंत्र' (पंचतंत्र की कहानियां) का अगला अध्याय पेश किया था। यह मशहूर ऑस्ट्रियाई पॉडकास्टर थॉमस ब्रेजिना की एक वीडियो पॉडकास्ट सीरीज है, जिसमें वे जर्मन भाषा में पंचतंत्र की सदाबहार कहानियां सुनाते हैं। लॉन्च इवेंट के दौरान, दूतावास ने बताया कि वियना के एक स्कूल के पचास से ज्यादा उत्साही छात्रों ने इसमें हिस्सा लिया। राजदूत शंभू कुमारन ने चुनिंदा कहानियां सुनाईं और बच्चों से बातचीत की, जिन्होंने उत्साहपूर्वक अपने पसंदीदा किरदारों और कहानियों से मिली सीख के बारे में बताया।

### पंचतंत्र क्या है?

पंचतंत्र जानवरों की आपस में जुड़ी कहानियों और नैतिक शिक्षा देने वाली कथाओं का एक प्राचीन भारतीय संग्रह है। इन्हें युवा राजकुमारों को समझदारी भरे व्यवहार, नेतृत्व और व्यावहारिक जीवन के सिद्धांत सिखाने के लिए बनाया गया था। संस्कृत नीति कथाओं में पंचतंत्र का पहला स्थान माना जाता है। इस ग्रंथ के रचयिता पंडित विष्णु शर्मा है। आज विश्व की 50 से भी अधिक भाषाओं में इनका अनुवाद प्रकाशित हो चूका है। पंचतंत्र में कुल 5 चैप्टर (तंत्र) हैं। इनकी सूची नीचे दी गई है:

- मित्रभेदः दोस्तों के बीच फूट डालना या मतभेद पैदा करना।
- मित्रलाभ (मित्र-संप्राप्ति): नए दोस्त बनाने की कला और उनके लाभ।
- काकोलुकीयम (संधि-विग्रह): कौवों और उल्लुओं की शत्रुता के जरिए युद्ध और संधि की नीति।
- लब्धप्रणाशः जो वस्तु मिल चुकी है, उसे खो देने की कहानी (सावधानी न रखने का परिणाम)।
- अपरीक्षित कारकः बिना सोचे-समझे या बिना जांच किए गए कार्यों के दुष्परिणाम।

# अंटार्कटिका में बहता है खूनी झरना वैज्ञानिकों ने सुलझाया रहस्य




**ओस्लो।** अंटार्कटिका में बर्फ के बीच एक झरना बहता है, जिसका पानी बिल्कुल खून की तरह लाल है। वैज्ञानिकों ने साल 1911 में पहली बार इस रहस्यमयी खूनी झरने को खोजा था। इसे देखकर उनके होश उड़ गए। सबसे बड़ा सवाल यह था कि माइनस डिग्री तापमान में सब कुछ जम जाता है, तो लाल खौफनाक पानी कैसे और कहां से आ रहा है। 100 वर्ष से ज्यादा पुराने रहस्य को सुलझाने में वैज्ञानिक लगे हुए थे। अब उन्होंने बर्फ की गहराइयों में छिपे रहस्य से पर्दा उठा दिया है, जिसके बारे में जानकर सभी हैरान हैं। अंटार्कटिक साइंस जर्नल में एक नया शोध प्रकाशित हुआ है।

### क्यों झरने का पानी है खून की तरह लाल?

ग्लेशियर के नीचे यह पानी सामान्य नहीं है, बल्कि यह एक प्राचीन और अत्यधिक नमकीन घोल है। लगभग 15 लाख साल पहले जब ग्लेशियर आगे बढ़ रहे थे, तब समुद्र का पानी करीब 400 मीटर गहरी बर्फ के नीचे जमा हो गया था। पानी में नमक की मात्रा अधिक होने की वजह से यह बेहद कम तापमान (-10C से भी नीचे) में भी बर्फ नहीं बनता और लिक्विड फॉर्म में ही रहता है। प्राचीन पानी में आयरन की मात्रा अधिक होती है। आयरन-युक्त पानी ग्लेशियर की दरारों से बाहर निकलकर हवा के संपर्क में आते ही ऑक्सीजन के साथ रिएक्शन करता है।

### क्या कहता है नया शोध?

वैज्ञानिकों को पता था कि पानी का रंग लाल क्यों है, लेकिन भारी बर्फ के भीतर पानी कैसे बाहर आता है, जो एक रहस्य था। नए शोध में इस पहेली को सुलझा लिया गया है। वैज्ञानिकों ने साल 2018 में झरने के पानी की घटना को ग्लेशियर में हुए बदलावों से मिलाया। उन्हें पता चला कि जब झरने से लाल पानी बाहर आया, तो उसी दौरान ग्लेशियर की सतह में करीब 15 मिलीमीटर की मामूली गिरावट हुई थी और कुछ समय के लिए ग्लेशियर की रफ्तार भी धीमी हुई थी।





HDFC BANK | SBI | स्कूटर चलाते वक्त हमेशा हेल्मेट पहनें. | tvsjupiter | www.tvsmotor.com/tvs-jupiter | Call: 1800 315 7777

^ Ex-showroom price of TVS Jupiter 110 BS VI Drum variant in Chhattisgarh. # Scheme valid till 31st July, 2026. Offer applicable only on using HDFC & SBI Bank credit card EMI transactions. ## T&C apply. Finance will be at the sole discretion of the financier. * Under TVSM internal test conditions. + 5 year warranty included. Additional 5 year warranty can be purchased.

FOR ALL INSTITUTIONAL/BULK REQUIREMENTS PLEASE MAIL corporate.customersupport@tvsmotor.com मुख्य अधिकृत डीलर – बिलासपुर – तिफरा : चंद्रा मोटर्स, मो. 9109119171, सरकण्डा : बिलासपुर टीवीएस, मो. 8359061000, चंद्रा मोटर्स, मो. 8962006914, मुंगेली : बिलासपुर टीवीएस, मो. 8357807000, अंबिकापुर : श्री महामाया ऑटो एजेंसी, मो. 9301307270, श्री राम मोटर्स, मो. 9171804284, बैकुंठपुर : अग्रवाल मोटर्स एजेंसी एलएलपी, मो. 6268651046, बलौदाबाजार : कनिका आटोमोबाइल्स प्रा. लिमिटेड, मो. 8979428844, बेमेतरा : श्री अरिहंत ऑटोमोटिव (ओपीसी) प्रा. लिमिटेड, मो. 8827790000, चंपा : नंदिका ऑटोव्हील्स प्राइवेट लिमिटेड, मो. 9201591180, 9201591181, जांजगीर : अपराजिता सर्विसेज, मो. 9131457200, कोरबा : तुलसी ऑटोमोटिव प्राइवेट लिमिटेड, मो. 9770100007, श्रीराम व्हीकल्स एलएलपी, मो. 7987237046, रायगढ़: अपराजिता सर्विसेज, मो. 9425251711, सूरजपुर : जय दुर्गा मोटर्स, मो. 9340355399. अधिकृत डीलर – लैलुंगा : श्री श्याम सेल्स, मो. 9424188181, धरमजयगढ़: अर्जुन ऑटोमोबाइल, मो 7415553407, कुसमी : सांई ऑटो, मो. 9691065198, राजपुर : मंगलम मोटर्स, मो. 7999592521, बलरामपुर : अभ्यास ऑटोमोबाइल्स, मो. 9977880870, वाड्रफनगर : सुभाष मोटर्स, मो. 7509919525, तपकरा : सोनू ऑटोमोबाइल्स, मो. 9755248064, कुनकुरी : दीपक मोटर्स, मो. 8839304665, जशपुरनगर : शिव शक्ति ऑटो, मो. 9302737741, बिश्रामपुर : गोपाल कृष्णा मोटर्स, मो. 7566290727, प्रेमनगर : राजेंद्र ऑटोमोबाइल्स, मो. 9039291161, श्री नगर : सुमित ऑटो, मो. 8817292750, सिगमा : लक्ष्मी मोटर्स, मो. 9406122234, पटना : अनन्या ऑटो एजेंसी, मो. 7898880005, मनेन्द्रगढ़: श्री राम सेल्स, मो. 9406462666, प्रतापपुर : टाइटन ऑटोमोबाइल्स, मो. 9753373609, रामानुजगंज : गणपति ऑटोमोबाइल्स, मो. 8878214520, रैंगाखर : गणपति ऑटोमोबाइल्स, मो. 9981893829, सीतापुर : शंकर ऑटोमोबाइल्स, मो. 8889272331, बतौली : जे.के. ऑटोमोबाइल्स, मो. 8839756338, जरही : मां महामाया ऑटो, मो. 9893422986, बाराद्वार : मां शारदा ऑटो एजेंसी, मो. 8871871872, सारंगढ़: श्री राम ऑटोमोबाइल्स, मो. 9302924696, पेंड्रा : सुमित मोटर्स, मो. 9406007324, गिधौरी : प्रियदर्शी ऑटोमोबाइल्स, मो. 9770096600, तखतपुर : कौशिक ऑटो, मो. 7898677598, गौरेला : मित्तल मोटर्स, मो. 9424153222, शिवरीनारायण : प्रियदर्शी ऑटोमोबाइल्स, मो. 9770096600, उसलापुर : चंद्रा मोटर्स, मो. 8982438075, खड़घोरा : रुचि ऑटो, मो. 9893329726, मस्तूरी : श्री कबीर मोटर्स, मो. 8770386492, अकलतरा : भवानी ऑटोमोबाइल्स, मो. 9425230512, शक्ति : जिंदल ऑटो, मो. 9329415747, हरदीबाजार : दुर्गेश एजेंसी, मो. 9977562537, पाली : जीत एजेंसी, मो. 9691548018, भाटापारा : इंडियन मोटर्स मो. 9302622777, पलारी : कनिका मोटर्स, मो. 8979428844, 6268360105, कांसाबेल : अंजना मोटर्स, मो. 7024312738, लटोरी : जय बालाजी ऑटोमोबाइल्स, मो. 9575401953, नवागढ़: श्री एम.के. मोटर्स, मो. 8120007666, देवकर : सपाहा मोटर्स, मो. 9179534363, राहौद : नंदिका ऑटो व्हील्स, मो. 9201591188, पामगढ़: आर.के. मोटर्स, मो. 9522544401 थानखम्हरिया: अरिहंत ऑटो, मो. 9993179413, डिंडो: अंसारी मोटर्स, मो. 7697146786, खरसिया : वंश ऑटो एजेंसी, मो. 9179814142, सरायपाली : श्री मंगलम मोटर्स, मो. 7828276101, बेरला : आर के मोटर, मो. 8085403067, चंद्रपुर : गणपति मोटर्स, मो. 7225851900, लिमतारा : मां बम्लेश्वरी, मो. 7683839595, लखनपुर : श्रीराम मोटर्स, मो. 9399743838, जैजैपुर : सिद्धार्थ मोटर्स, मो. 8462045291, ब्रम्हांडीह : बालाजी ऑटो, मो. 8305139373, बोड़ला : राहुल मोटर्स, मो. 9575991111, कसडोल : साई मोटर्स, मो. 9424222722, खोखरा : राजेंद्र एजेंसी, मो. 9131198070.

dentsu/hb bil/02/26


हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com